seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 320 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 16

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 24 नवम्बर 2026

Guru Nanak Jayanti

न्यूज इन ब्रीफ

चाकू से हमला, 5 पुलिसवाले घायल

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद थाने में पारिवारिक विवाद की पूछताछ के दौरान एक व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। आरोपित नबील थाने से भागकर दोपहिया वाहन लूटकर फरार हुआ, लेकिन पुलिस ने चितली कब्र इलाके में घेर लिया। दोबारा हमला करने पर पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाकर उसे काबू कर लिया। मामले की जांच जारी है।

17 किलो हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस इकाई ने सीमा पार से संचालित मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का खुलासा करते हुए एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 17.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी अजनाला सेक्टर के रास्ते पाकिस्तान से हेरोइन की खेप लेकर आगे सप्लाई करते थे। मामले की जांच जारी है।

9 करोड़ की ठगी, 4 करोड़ होल्ड

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले में इस साल जनवरी से अक्टूबर तक साइबर ठगी के 9 करोड़ रुपए के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 3.50 करोड़ रुपए की राशि होल्ड करवाई, जबकि 50 लाख रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए गए। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत मिलते ही साइबर सेल कार्रवाई शुरू कर देती है। पुलिस ने ठगी में प्रयुक्त सिम उपलब्ध कराने वालों पर भी कार्रवाई की है। वहीं 45 लाख रुपए के 140 गुम मोबाइल बरामद कर पीड़ितों को लौटाए गए हैं।

पुलिस बेटियों को आत्मरक्षा सिखाएगी

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने स्कूली बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए शिक्षा विभाग के साथ एमओयू किया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मौजूदगी में हुए समझौते पर एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार और स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने हस्ताक्षर किए। कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को आत्मरक्षा के साथ महिला सुरक्षा हेल्पलाइन और आपात सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

उपलब्धि; लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशिया के दूसरे सबसे प्रभावी नेता माने गए, चीन से घटा अंतर

एशिया पावर इंडेक्स में भारत की ताकत बढ़ी, तीसरी बड़ी शक्ति बना देश

नई दिल्ली।

वैश्विक कूटनीति और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन के लिहाज से भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की है। लोवी इंस्टीट्यूट के 'एशिया पावर इंडेक्स 2026' में भारत 40.5 अंकों के साथ एशिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति और प्रमुख शक्ति केंद्र के रूप में उभरा है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018 के बाद पहली बार चीन और भारत के बीच शक्ति अंतर सबसे कम स्तर पर पहुंचा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद एशिया का दूसरा सबसे प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता माना गया है।

रक्षा और रणनीतिक प्रभाव में भारत की मजबूती : रिपोर्ट के अनुसार भारत ने रक्षा नेटवर्क, सैन्य



क्षमता और भविष्य के संसाधनों में बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ रक्षा सहयोग और ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात ने भारत के सुरक्षा प्रभाव को मजबूत किया है।

कूटनीतिक प्रभाव कायम, आर्थिक क्षमता में मामूली गिरावट : भारत का कूटनीतिक प्रभाव 70.3 अंकों पर मजबूत बना हुआ है। हालांकि आर्थिक क्षमता के क्षेत्र में 0.7 अंक की गिरावट दर्ज की गई और स्कोर 26.4 रहा। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत के व्यापार और निवेश संबंध अपेक्षाकृत स्थिर रहे हैं।

अमेरिका-चीन के बीच घटा शक्ति अंतर : एशिया पावर इंडेक्स में अमेरिका 78.9 अंकों के साथ पहले और चीन 73.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों देशों के बीच अंतर घटकर 5.3 अंक रह गया है, जो 2018 के बाद सबसे कम है। रिपोर्ट के अनुसार एशिया में शक्ति संतुलन अभी भी अमेरिका और चीन के बीच द्विध्रुवीय बना हुआ है।

भारत की प्रमुख उपलब्धियां

- रक्षा नेटवर्क स्कोर में 2.1 अंकों की वृद्धि।
- सैन्य क्षमता में 0.5 अंक का सुधार।
- भविष्य के संसाधनों में 1.2 अंकों की बढ़ोतरी।
- सांस्कृतिक प्रभाव में सबसे बड़ी छलांग, स्कोर 43.8 अंक तक पहुंचा।

राजस्थान में सरसों की कीमतों ने तोड़े रिकॉर्ड भाव 9600 रुपए प्रति क्विंटल के पार पहुंचा

स्टॉक की कमी और घटती आवक से तेजी; व्यापारियों का अनुमान- जल्द 10 हजार के पार जा सकते हैं दाम

सीमा सन्देश # जयपुर।

सरसों के बाजार में इस बार ऐसी तेजी देखने को मिल रही है, जिसने पिछले कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भरतपुर मंडियों में सरसों के भाव 9600 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। यह भाव कोरोना काल के रिकॉर्ड 8400 रुपए प्रति क्विंटल से भी करीब 1200 रुपए अधिक है। व्यापारियों का अनुमान है कि मौजूदा हालात बने रहे तो सरसों के भाव जल्द ही 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

स्टॉक की कमी बनी तेजी की बड़ी वजह : सरसों व्यापारी भूपेंद्र गोयल के अनुसार बाजार में उपलब्ध स्टॉक कम होना इस तेजी की मुख्य वजह है। किसानों ने इस बार सीजन के दौरान अच्छे भाव मिलने के कारण



धीरे-धीरे अपनी उपज बेच दी। वहीं सरकारी भंडार में भी पिछले वर्षों की तुलना में सरसों का स्टॉक कम बताया जा रहा है। नई फसल आने में अभी करीब 3 महीने का समय बाकी है, ऐसे में तेल मिलों को जरूरत के अनुसार सरसों मिलना चुनौती बन सकता है।

मंडी में 75 प्रतिशत तक घट गई आवक : भरतपुर मंडी में सरसों की आवक में भारी गिरावट आई है। व्यापारी गोयल ने बताया कि जहां सामान्य दिनों में प्रतिदिन करीब 10 हजार कट्टे सरसों पहुंचती थी, वहीं अब आवक घटकर केवल 2 से 2500 कट्टे रह गई है। मांग बनी रहने और उपलब्धता कम होने के कारण कीमतों में लगातार मजबूती आ रही है।

कोरोना काल का रिकॉर्ड भी टूटा : पिछले छह वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान सरसों के भाव करीब 8400 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे थे। वर्तमान भाव इससे करीब 1200 रुपए अधिक हैं। इस तेजी से सरसों उत्पादक किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है, लेकिन इसका असर खाद्य तेलों की कीमतों पर भी दिखाई दे रहा है।

सरसों तेल 200 रुपए के पार : व्यापारी भूपेंद्र गोयल ने बताया कि फिलहाल पाम तेल करीब 132 रुपए और सोया रिफाइंड करीब 140 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि सरसों तेल के भाव 200 से 205 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गए हैं। कच्चे माल की कीमत बढ़ने से तेल महंगा होना स्वाभाविक है।

लागत से 30 प्रतिशत अधिक मुनाफा

उबार निवासी किसान खड्ग सिंह ने बताया कि इस बार सरसों के भाव कई वर्षों की तुलना में बेहतर रहे हैं। पैदावार अच्छी होने से किसानों को लागत के मुकाबले करीब 30 प्रतिशत से अधिक मुनाफा मिला है। व्यापारी अनुमान जता रहे हैं कि यदि आवक और स्टॉक की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सरसों के भाव 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर जा सकते हैं।

बिना बैरियर टोल वसूली से राजस्व 19.84 प्रतिशत बढ़ा

वार्ता # नयी दिल्ली।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर बिना बैरियर टोल वसूली की मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) प्रणाली से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के राजस्व में 19.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सात टोल प्लाजा पर इस प्रणाली के लागू होने के बाद एक नवंबर 2026 तक कुल शुद्ध राजस्व करीब 538.95 करोड़ रुपये रहा, जबकि इससे पहले की समान अवधि में यह लगभग 449.72 करोड़ रुपये था। इस तरह प्राधिकरण को करीब 89.23 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

गुजरात के चोरयासी टोल प्लाजा पर यह प्रणाली एक मई 2026 को शुरू की गयी थी। इसके बाद दिल्ली के मुंडका, राजस्थान के दौलतपुरा और मनोहरपुरा, हरियाणा के घरौंडा, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर तथा तमिलनाडु के परनूर टोल प्लाजा पर इसे लागू किया गया। इन सात टोल प्लाजा पर औसतन 21.10 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की गई, जबकि संयुक्त आधार पर यह वृद्धि 19.84 प्रतिशत रही।

एमएलएफएफ प्रणाली में वाहनों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे यातायात जाम और यात्रा समय कम होने के साथ ईंधन की खपत तथा वाहनों से होने वाले प्रदूषण में भी कमी आती है। इस प्रणाली से टोल वसूली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ने के साथ लेनदेन की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

इन टोल प्लाजा पर जारी ई-नोटिस के कुल मूल्य का करीब 60 प्रतिशत पहले ही वसूल किया जा चुका है। टोल चोरी रोकने के लिए एनएचएआई कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित वाहन पहचान तकनीक और वाहन डेटाबेस (वाहन) का उपयोग कर रहा है। वाहन नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर टोल भुगतान से बचने वालों के खिलाफ राज्य सरकारों और पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की जा रही है।

एक वोट वाली पंचायत समिति में भी भाजपा अपना प्रधान बनाने की कोशिश में : गहलोत

पूर्व सीएम का आरोप- पुलिस के दबाव में हो रही हॉर्स ट्रेडिंग

सीमा सन्देश # जयपुर।

पंचायत और जिला परिषद चुनावों के बाद प्रधान और जिला प्रमुख पदों को लेकर राजस्थान में सियासी घमासान तेज हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि चुनाव में जनता का समर्थन नहीं मिलने के बावजूद भाजपा सत्ता के दबाव से जोड़-तोड़ और हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति कर रही है। गहलोत ने सोमवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि राजस्थान में इस तरह की राजनीति पहले कभी देखने को नहीं मिली। जनता ने अपना फैसला सुना दिया है, लेकिन भाजपा जनादेश स्वीकार करने के बजाय कांग्रेस के निर्वाचित सदस्यों पर दबाव



बनाने का प्रयास कर रही है।

टोंक में लाइट हटाने पर उठाए सवाल: गहलोत ने टोंक जिले में चुनाव से पहले लगाई गई लाइटें हटाने के मामले पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यदि ये लाइटें अवैध थीं तो चुनाव से पहले लगाई ही क्यों गईं। चुनाव जीतने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं और अब हार के बाद उन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका नुकसान आम जनता को क्यों भुगतना पड़े। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक पंचायत समिति का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भाजपा का केवल एक सदस्य निर्वाचित हुआ है, जबकि कांग्रेस के 18 सदस्य जीते हैं। इसके बावजूद भाजपा प्रधान बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्याशियों और सदस्यों के घरों पर पुलिस भेजकर दबाव बनाया जा रहा है तथा हॉर्स ट्रेडिंग की कोशिश हो रही है। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले में भी कांग्रेस को बहुमत मिला है, लेकिन वहां भी भाजपा जोड़-तोड़ में लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों को उठाकर ले जाने जैसी घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

सोना 4,500 रुपये, चांदी 7 हजार महंगी

नई दिल्ली। घरेलू सराफा बाजार में सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी रही। एमसीएक्स पर सोना 4,546 रुपये बढ़कर 1,26,324 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 7,013 रुपये उछलकर 1,54,826 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई।

सख्त कार्रवाई; नंबर प्लेट से छेड़छाड़ पड़ेगी भारी

नई दिल्ली।

टोल टैक्स बचाने के लिए नंबर प्लेट छिपाने या उसमें बदलाव करने वाले वाहन मालिकों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है।

प्रस्तावित नियमों के तहत ऐसी गाड़ियों से सामान्य टोल शुल्क के मुकाबले 4 से 8 गुना तक अतिरिक्त राशि वसूली जा सकती है। यह जुर्माना मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगने वाले दंड से अलग होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नेशनल हाईवे फीस नियमों में बदलाव की तैयारी कर रहा है। बैरियरलेस टोल व्यवस्था में कैमरों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक से नंबर प्लेट की पहचान की जाएगी। छिपी, बदली या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई होगी। फिलहाल नंबर प्लेट से छेड़छाड़ पर पहली बार 5 हजार और दोबारा 10 हजार रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। प्रस्तावित व्यवस्था अभी लागू नहीं हुई है।

न्यायिक अधिकारों का इस्तेमाल करते समय कानून की सीमाएं समझनी चाहिए

सेशन जज को फटकार; खुद को बाहुबली मत समझिए

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के रोहतास जिले के सासाराम के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार की कार्यशैली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि न्यायिक शक्तियों का इस्तेमाल करते समय खुद को 'बाहुबली' नहीं समझना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने जज की कानून की समझ पर भी सवाल उठाते हुए मामले में प्रशिक्षण के लिए नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी भेजने की बात कही। इस मामले में पटना हाईकोर्ट ने एसपी पर लगाए गए एक रुपए के जुर्माने के आदेश पर पहले ही रोक लगा दी थी।

एसपी को दोषी ठहराने पर उठे सवाल : मामला तत्कालीन रोहतास एसपी आईपीएस अधिकारी रौशन कुमार से जुड़ा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-4 अनिल कुमार ने 29 सितंबर 2026 को एसपी को अदालत के आदेश की कथित अवहेलना का दोषी ठहराया था और प्रतीकात्मक रूप से एक रुपए का जुर्माना लगाया था। साथ ही बिहार के पुलिस महानिदेशक को अधिकारी के सेवा रिकॉर्ड में टिप्पणी दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने बताई अधिकार क्षेत्र की सीमा : सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा वी. मोहना की पीठ ने कहा कि अदालत के सामने किए गए अपराध और अन्य मामलों के बीच अंतर समझना जरूरी है। पीठ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अदालत में थप्पड़ मारता है, अपमान करता है या अदालत छोड़ने से इनकार करता है, तो वह अदालत के समक्ष अपराध हो सकता है। लेकिन एफआईआर दर्ज करने जैसे निर्देश का पालन न करना स्वतः अदालत की अवमानना नहीं माना जा सकता। जस्टिस बागची ने कहा कि जज ने एसपी और जिला मजिस्ट्रेट को बुलाकर उसी दिन दोषी ठहरा दिया, जो अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने जैसा है।

ये कुछ ज्यादा ही मुंह खोलने लगे हैं

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली और अनुशासन को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कई न्यायिक अधिकारी कामकाज से ज्यादा भत्तों और सुविधाओं को लेकर चिंतित दिखाई देते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अदालतों के कामकाजी समय में अधिकारियों की उपलब्धता और मामलों के निपटारे की स्थिति पर भी नजर रहती है। उन्होंने टिप्पणी की कि कई बार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों की बजाय सेवा सुविधाओं और लाभों को लेकर ज्यादा सक्रिय रहते हैं। केरल में जिला न्यायाधीशों की सीधी भर्ती से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने न्यायिक व्यवस्था में अनुशासन और जवाबदेही की जरूरत पर जोर दिया।

ब्रेन डेड छात्र ने अंगदान से चार को दिया जीवनदान

चेन्नई।

तमिलनाडु के तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज के 19 वर्षीय एमबीबीएस छात्र देवन के परिवार ने अंगदान कर मानवता की मिसाल पेश की है। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद देवन को पुडुचेरी के जिपमर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

कुड्डालोर जिले के किलिरुप्पु गांव निवासी देवन के परिवार ने कठिन समय में साहसिक निर्णय लेते हुए उनके अंगदान की सहमति दी। उनके हृदय, लिवर और दोनों किडनी के दान से चार मरीजों को नया जीवन मिला, जबकि नेत्रपटल से एक व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटने की उम्मीद है।

जिपमर ने देवन के परिवार के इस निर्णय को मानवता और करुणा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। संस्थान ने अंगदान प्रक्रिया में शामिल चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों और अन्य कर्मियों के समन्वित प्रयासों की भी सराहना की।

405 टन सोडियम परक्लोरेट जब्त

नई दिल्ली। इंडोनेशियाई नौसेना ने चीन से बांग्लादेश जा रहे जहाज से 405 टन सोडियम परक्लोरेट जब्त किया। इस रसायन का उपयोग मिसाइलों के प्रोपेलेंट बनाने में होता है। जहाज से लाखों अपंजीकृत 4जी सिम कार्ड भी मिले। मामले की जांच जारी है।



आवारा कुत्तों के हमले में 8 वर्षीय बालक की मौत

अमृतसर। जंडियाला गुरु के जलाल उसमा गांव में आवारा कुत्तों के हमले में आठ वर्षीय रंजीत सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। स्कूल जाते समय कुत्तों ने उसे घेर लिया। बचने के प्रयास में वह पास के खाली मैदान तक भागा, लेकिन कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग की है। परिवार के करीबी ने बताया कि रंजीत सिंह परिवार में सबसे छोटा था। तीन बहनों के बाद वह हुआ था और वह इकलौता भाई थ। सोमवार को रंजीत सिंह घर से स्कूल के लिए निकला था। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और उसके पीछे पड़ गए। रास्ते में खाली मैदान था और रंजीत ने कुत्तों से बचने के लिए खाली मैदान में काफी दौड़ लगाई, लेकिन वह कुत्तों से बच नहीं सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



जीत से मस्त होकर भाजपा में आई लापरवाही पड़ी भारी : भाटिया

जयपुर। राजस्थान पंचायत चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद भाजपा ने हार के कारणों की समीक्षा शुरू कर दी है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश संगठन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसी सिलसिले में प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया सोमवार को जयपुर पहुंचे और सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा संगठन महामंत्री अजेय कुमार से चुनाव परिणामों पर चर्चा की। बैठक के बाद भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए भाटिया ने कहा कि पार्टी जनता के जनादेश को स्वीकार करती है और हार के कारणों की ईमानदारी से समीक्षा करेगी। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने स्वीकार किया कि पार्टी को जितनी जीत मिलनी चाहिए थी, उतनी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कई बार लगातार जीत के बाद कार्यकर्ताओं और नेताओं में आत्मविश्वास बढ़ जाता है, जिससे लापरवाही की स्थिति बन सकती है। भाटिया ने कहा, यह चुनाव परिणाम पार्टी के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने इसे सकारात्मक रूप से लेते हुए कहा कि जैसे शरीर में बीमारी से पहले संकेत मिलते हैं, वैसे ही चुनाव परिणाम भी संगठन को अपनी कमियां पहचानने का अवसर देते हैं।

भाटिया ने कहा कि भाजपा हार से भागने या उसके लिए बहाने तलाशने में विश्वास नहीं रखती। पार्टी यह देखेगी कि कहां कमी रही और उसे सुधारने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत और हार दोनों लोकतंत्र का हिस्सा हैं और जनता का फैसला सर्वोपरि है।

गुरु नानक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

IELTS COACHING
SPOKEN ENGLISH
STUDY/VISITOR VISA

STUDY IN AUSTRALIA | STUDY IN CANADA

AMAN SIR (M.D.)



■ Small Batches. Latest IELTS Material.
■ Special Grammar and Writing Classes.

Navigators

24-MUKHERJEE NAGAR, NEAR NEHRU PARK, SRI GANGANAGAR 99820-51505



गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ





श्री गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश उत्सव पर
हार्दिक शुभकामनाएं

१७

श्री राम ट्रैक्टर्स पदमपुर



:: शुभेच्छु ::

ओमप्रकाश मखीजा
राजेश मखीजा, मो. 94140-91918
राजीव मखीजा, मो. 94144-79738



डॉ. अलका गाबा
प्रबंध समिति सदस्य

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाई

हरनामदास लेखराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन



वीपी गाबा
प्रबंध समिति सदस्य

24 बीबी पदमपुर एवं मां सरस्वती टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, 30 बीबी, पोस्ट ऑफिस 4 जेजे पदमपुर

१७ १७ १७ १७



श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर
समूह संगत को
लख-लख बधाइयां



खुशवंत सिंह संधू
प्रतिष्ठित व्यापारी, पदमपुर



श्री गुरुनानक देव जी के पावन
प्रकाश पर्व की लख-लख बधाई

व्यापार मंडल पदमपुर



रूपिन्द्र सिंह कुन्नर
विधायक श्री करणपुर
जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, श्रीगंगानगर



विजय कालड़ा
अध्यक्ष, व्यापार मंडल





श्री गुरुनानक देव जी
के प्रकाश पर्व पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



संजय मिगलानी
डायरेक्टर पं.स. पदमपुर



तिलकराज मिगलानी
प्रतिष्ठित व्यापारी पदमपुर



राकेश मिगलानी
प्रतिष्ठित व्यापारी पदमपुर



मनीष मिगलानी
जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस, श्रीगंगानगर



श्री गुरुनानक देव जी के
पावन प्रकाश उत्सव पर
लख-लख बधाइयां

१७





श्री गुरुनानक देव जी के
पावन प्रकाश उत्सव पर

१७

हार्दिक शुभकामनाएं



रूपेन्द्र सिंह कुन्नर
विधायक श्री करणपुर



राजकरण गिल
नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद पदमपुर



श्री गुरुनानक देव जी के पावन
प्रकाश पर्व की लख-लख बधाई

कार्यालय ग्राम पंचायत 23 बी.बी.,पदमपुर



रूपिन्द्र सिंह कुन्नर
विधायक श्री करणपुर
जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, श्रीगंगानगर



बूटा सिंह
पूर्व प्रशासक



श्री गुरुनानक देव जी के पावन
प्रकाश पर्व पर इलाकावासियों को
लख-लख बधाइयां

:: शुभेच्छु ::

पेस्टीसाइड एसोसिएशन, पदमपुर



May the divine teachings of Guru Nanak Dev Ji fill our lives with peace, love, kindness and humanity.

STEPPING-STONE
Modern English School

क्षेत्र का एकमात्र पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, स्टेपिंग स्टोन मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, तामकोट शिक्षा में नवाचारों के लिए जाना जाता है।





VIJAY MAHARSHI
MANAGING DIRECTOR



VIKAS SHARMA
DIRECTOR



GORJA MAHARSHI
PRINCIPAL

97832-00100, 94140-71219

email: smestamkot2009@gmail.com

MAIN BRANCH :
Adarsh Nagar, Ridmalsar
M. 94140-71219

SISTER CONCERN :
Jaitsar Road VPO - Tamkot,
Padampur, M. 97832-05706

श्री गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जिले का गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारवान शिक्षण संस्थान

S.S. ADARSH
Sr. Sec. School, Padampur (SGNR)

Medical | Non-Medical | Agriculture | Arts | Commerce

बोर्ड टॉपर के साथ अब IIT-JEE, NEET की बारी, टॉप रिजल्ट के साथ इतिहास रचने की तैयारी

IIT-JEE | NEET | CUET | OLYMPIADS

ADMISSION OPEN 2026-27

स्कूलिंग भी कोंचिंग भी

CBSE & RBSE

BOARD RESULT -2026
STATE MERIT - 20
DISTRICT MERIT -22

MARRY HEART PUBLIC SCHOOL, PADAMPUR
स्व. रामदयाल कलिया की स्मृति में संचालित शिक्षण संस्थान



श्री संदीप शर्मा ज्योतिष गौरव से हुए सम्मानित

बोर्ड परीक्षाओं में होनहार विद्यार्थियों के सम्मानित होने के साथ-साथ एस एस विद्यालय के पूर्व छात्र का ज्योतिष विद्या हेतु दिल्ली में सम्मान -: संदीप शर्मा पुत्र स्वर्गीय कौशल शर्मा पूर्व छात्र एस एस आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमपुर को ज्योतिष विद्या व वास्तु शास्त्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया जो की विद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा।



राजस्थान रत्न हेतु एस एस आदर्श विद्यालय का चयन होने पर पदमपुर नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंशु बुलंदी ,भाजपा नेता दीनानाथ बलाना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश शर्मा चानना धाम प्रबंध समिति के गोपी राम बागड़िया ,पंडित रामकुमार शर्मा, सुरक्षमनी सेवा समिति के सदस्य चिरंजी लाल कालड़ा , शिक्षाविद् महेंद्र प्रताप सिंह डायरेक्टर ओ पी कालिया अध्यक्ष अशोक कालिया को सम्मानित करते हुए

S.S. Adarsh Convent Sr. Sec. School
SRI GANGANAGAR ROAD, 19 BB PADAMPUR
Affiliated to CBSE, Affiliation No. 1730939

O.P. Kalia	Ashok Kalia	Happy Prakash Kalia	Laxmi Kalia
Director	Chairman	Principal	Principal
M. 98294-25110	M. 98294-74661	M. 99287-29613	



गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ





श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर

समस्त इलाकावासियों को लख-लख बधाइयां





कर्नल आज्ञापाल सिंह सिद्धू
40 आरबी, पदमपुर



राजपाल सिंह सिद्धू
शहीद भ्राता
40 आरबी



जितेन्द्र नारंग
अध्यक्ष, नगरपालिका
पदमपुर



परविन्द्र सिंह संधू
वाइस चेयरमेन
नगर पालिका, पदमपुर



जितेन्द्र शर्मा
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



एड. तरुण शर्मा
पूर्व वाइस चेयरमेन
नगर पालिका



दीनानाथ बलाना
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
श्रीगंगानगर



मा. सोहन लाल बलाना
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



केवल कृष्ण बलाना
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



अंशु बिलंदी
अध्यक्ष भाजपा नगर मंडल
पदमपुर



कमल चावला
प्रमुख व्यवसायी,
पदमपुर



प्रो. नीना चावला
अध्यक्ष, इनरव्हील
क्लब पदमपुर



दीपक न्यौल
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



जगदीश मिड्ढा
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



गौरव अरोड़ा
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



हकीकत मखीजा
प्रमुख व्यापारी
पदमपुर



आशीष जिंदल
प्रमुख ईंट
व्यवसायी, पदमपुर



अमित बलाना
अध्यक्ष, अरोड़वंश
समाज पदमपुर



हरजीत सिंह पाहवा
भाजपा नेता
पदमपुर



मनोहर लाल सोनी
भाजपा पार्षद वार्ड नं. 18
ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष



सतीश पारवानी
प्रोपर्टी एडवाइजर, पदमपुर
मो. 75686-42974



अशोक पारवानी
व्यवसायी
पदमपुर



अशोक कुमार बलाना
समाजसेवी
पदमपुर



जसकरण सिंह सरां
भाजपा जिला संगठन मंत्री
पदमपुर



विजय बंसल
प्रधान-प्रमुख ईंट
व्यवसायी, पदमपुर



राजकुमार मिगलानी
प्रमुख व्यवसायी
पदमपुर



महेश शर्मा
भाजपा नेता
पदमपुर



नीलम शर्मा
पूर्व पार्षद, भाजपा
पदमपुर



यतिन शर्मा (काकू)
भाजपा नेता
पदमपुर



प्रशांत शर्मा
पूर्व पार्षद, भाजपा
पदमपुर



धीरज अरोड़ा
एडवोकेट, पदमपुर



देवराज नागपाल
व्यवसायी, पदमपुर



संदीप सोनी
स्वर्णकार, पदमपुर



सुरेश मित्तल
पार्षद, पदमपुर



पंकज भटेजा
व्यापारी, पदमपुर



पूर्णभगत
वार्ड नं. 2, भाजपा पार्षद

राहुल मित्तल
वार्ड नं. 3, भाजपा पार्षद

निखिल अरोड़ा
वार्ड नं. 4, कांग्रेस पार्षद

मलकीत सिंह सोनी
वार्ड नं. 5, भाजपा पार्षद

संदीप मिड्ढा
वार्ड नं. 7, भाजपा पार्षद

कंवलजीत कौर बलाना
वार्ड नं. 9, भाजपा पार्षद

दिव्या अग्रवाल
वार्ड नं. 12, भाजपा पार्षद

निशू फंडा
वार्ड नं. 14, कांग्रेस पार्षद

रेखा फंडा
वार्ड नं. 15, कांग्रेस पार्षद

सरस्वती देवी
वार्ड नं. 16, कांग्रेस पार्षद

अक्षय ढोली
वार्ड नं. 17, भाजपा पार्षद

ज्योति अरोड़ा
वार्ड नं. 19, कांग्रेस पार्षद

यतेन्द्र राणा
वार्ड नं. 20, कांग्रेस पार्षद

गोगराज
वार्ड नं. 21, कांग्रेस पार्षद

संदीप कौर
वार्ड नं. 22, भाजपा पार्षद

राजकुमार बाजीगर
वार्ड नं. 23, पार्षद

जसविन्द्र कौर
वार्ड नं. 24, कांग्रेस पार्षद

जग्गाराम बाजीगर
वार्ड नं. 25, कांग्रेस पार्षद

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ग्रामीण किसान मजदूर समिति (जीकेएस), ब्लॉक पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर

रणजीत सिंह राजू
प्रदेशाध्यक्ष जीकेएस

संतवीर सिंह मोहनपुरा
प्रदेश महासचिव, जीकेएस

रिछपाल सिंह मक्कासर
ब्लॉक अध्यक्ष, जीकेएस

सुनील कुमार
जिलाध्यक्ष यूथ, जीकेएस

लखविन्द्र सिंह, 2 जेजेए
ब्लॉक महासचिव जीकेएस

निशान सिंह, 8 एनएन
सचिव, जीकेएस

बलराज सिंह, 47 जीजी
उपाध्यक्ष, जीकेएस, ब्लॉक पदमपुर

बलवंत सिंह कलेर
उपाध्यक्ष, ब्लॉक पदमपुर जीकेएस

बिन्द्र सिंह
सदस्य, जीकेएस

सिमरन सिंह
सदस्य, जीकेएस

सुखविन्द्र सिंह सुखी
सदस्य, जीकेएस

गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ




गुरुनानकदेवजी का सम्पूर्ण जीवन भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत : हांडा

पदमपुर। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुनील हांडा व जोगेंद्र हांडा ने क्षेत्रवासियों को गुरुपुर्व की शुभकामनाएं देते हुए गुरबाणी के शब्दों को सुनने और जीवन की गहराई में उतारने की बात कही है। उन्होंने सभी से गुरुनानक देव जी के बताए सच्चाई के मार्ग पर चलने का आग्रह किया, ताकि भावी पीढ़ी का नशे व अन्य दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक धर्म का उद्देश्य मनुष्य जीवन को सच्चा बनाना और ऊंचा उठाना है। गुरुनानकदेव जी का संपूर्ण जीवन युगों युगों तक प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।



गुरुनानकदेवजी के बताए मार्ग पर चलें : निनानिया

सीमा सन्देश # पदमपुर। नगर के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हनुमान निनानिया व कांग्रेस नेता जस्सा बाजीगर ने क्षेत्रवासियों को गुरुनानक जयंती गुरुपर्व की शुभकामनाएं दी है। श्री गुरुनानक देव जी का संपूर्ण जीवन भाईचारा, सेवा भाव और मानव कल्याण को समर्पित रहा। सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए गुरुनानकदेव जी की पवित्र वाणी व उनके संदेशों से प्रेरणा लेवें। श्री गुरु नानक देव जी की जयंती उपलक्ष्य में देश-विदेश में भी गुरुपर्व की खुशियां मनाई जा रही हैं।





श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर क्षेत्रवासियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

गुरुनानक देव जी ने सार्थक जीवन के तीन संदेश दिये परमात्मा का नाम जपो, मेहनत करो-काम करो और जरूरतमंदों की मदद करो।



SANT SHRI PRANNATH PARNAMI PG COLLEGE
SANT SHRI PRANNATH PARNAMI TT COLLEGE
SWAMI SHRI PRANNATH PARNAMI AGRICULTURE COLLEGE
KIDS PARADISE CONVENT SCHOOL
SHRI KRISHNA SENIOR SECONDARY SCHOOL
SWAMI SHRI PRANNATH PARNAMI PHARMACY COLLEGE, PADAMPUR


स्व. श्री बलदेव राज परनामी


डॉ. मनीष परनामी
निदेशक


कुनाल परनामी
कोडिनेटर



श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाइयां







Bharat Jeweller's

RAM LAL NARESH KUMAR SONI
NARESH KUMAR SONI | MUKESH SONI | MANOJ SONI

Padam Garments

SALE : Kids, Ladies & Gents Wear
Vikrant Soni | Near Govt. Hospital, Main Market, Padampur

29 नवम्बर को गांव रत्तेवाला, बालाजी धाम में भव्य उद्घाटन

Sri Ram Homoeopathy & Sri Shanti Dental Clinic

Dr. Deep Sagar Soni (BHMS)
Dr. Deepika Soni (BDS) Dental Surgeon


नरेश सोनी
प्रमुख स्वर्णकार


मुकेश सोनी
प्रमुख स्वर्णकार


मनोज सोनी
प्रमुख स्वर्णकार


विक्रांत सोनी
प्रमुख व्यवसायी



श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर

लख-लख बधाई


अमरजीत सिंह हेयर
पूर्व सरपंच


परमेन्द्र सिंह हेयर
पूर्व चेयरमैन, कृषि उपज मंडी समिति, पदमपुर


अमरेन्द्र सिंह हेयर


गुरेन्द्र सिंह हेयर

फर्म : गुरेन्द्र सीमेन्ट, पदमपुर



श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर

लख-लख बधाई


रूपेन्द्र सिंह (रूबी) कुन्नर
विधायक, श्रीकरणपुर


सतेन्द्रपाल सिंह सिद्धू
उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पदमपुर
गांव 40 आरबी, पदमपुर


कुलविन्द्र कौर सिद्धू
पूर्व डायरेक्टर पं.स.

फर्म : सतेन्द्रपाल सिंह हरेन्द्र पाल सिंह
फर्म : मैसर्स वर्धमान ट्रेडिंग कम्पनी
149-न्यू धानमंडी, पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर, मो. 94144-32233

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाई



Indira Colony, BSNL Exchange Road, Padampur



Jaitsar Road, Near Royal Palace, Padampur

NEO LEARNING

NEO LEARNING SCHOOL

- AC CLASSROOMS
- COMPUTER LAB
- SOUND FACULTY
- SMART CLASSES
- 360° ASSESSMENT
- TRANSPORTATION FACILITY



ACADEMIC ACTIVITIES
- CONCEPT BASED STUDY
- PERSONALITY DEVELOPMENT
- COMPETITIVE SPIRIT
- APPLIED EDUCATION

CO-CURRICULAR ACTIVITIES
- SPORTS
- DANCE
- MUSIC
- ART & CRAFT

Enable child's growth with
MY FIRST STEPS WITH CAMBRIDGE

www.neolearningschool.com 96580-94580

'सतगुरु नानक परगटया, मिटी धुंद जग चानण होया'

किरत करो, नाम जपो, वंड छको

धन धन गुरुनानक पातशाह जी दे प्रकाश पुरब दियाँ लख लख बधाइयां


स. महेन्द्र सिंह चट्ठा


स. अवतार सिंह कलेर


स. अमरप्रीत सिंह बैस

शहीद भाई सुखा सिंह महताब सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन

शहीद भाई सुखा सिंह महताब सिंह जनरल हस्पताल

संत बाबा फतेह सिंह चनन सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज (DMLT, DOT, DOTT)

संत बाबा फतेह सिंह चनन सिंह नर्सिंग इंस्टीट्यूट (GNM)

कैलगिरी पब्लिक स्कूल बुड्ढा जोहड़, डाबला,

गुरु हरकृष्ण साहिब जी मेडिकल स्टोर

डाबला बुड्ढाजोहड़, रायसिंहनगर

गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा की लख-लख बधाई

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ
खंड पदमपुर जिला श्रीगंगानगर


भूपेन्द्र चुघ
खंड अध्यक्ष


श्रीमती पूनम
खंड महिला मंत्री


रामगोपाल बिश्नोई
खंड कोषाध्यक्ष


रामेश्वर सहारण
सदस्य, संस्कृत शिक्षा


श्रीमती बेपरवाह
जिला कार्यकारिणी सदस्य


राकेश वर्मा
खंड मंत्री


दौलत सुथार
जिला सहप्रभारी मीडिया टोली


श्रीमती कंचन शर्मा
खंड महिला उपाध्यक्ष



श्री गुरुनानक देव जी के
पावन प्रकाश उत्सव पर
हार्दिक शुभकामनाएं

१३

सब्जी मंडी आढ़तिया यूनियन, पदमपुर



श्री गुरुनानक देव जी
के प्रकाश पर्व पर समस्त पाठकों
एवं विज्ञापनदाताओं का
हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

घनश्याम हरवानी, संवाददाता पदमपुर
मो. 94146-31255, 98877-44561


ललित हरवानी


हर्ष हरवानी


हेमन्त हरवानी

१३ १३ १३ १३

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





श्री गुरुनानक देव जी के
पावन प्रकाश उत्सव पर
हार्दिक शुभकामनाएं

१३

लख-लख बधाई







श्रीमती रितू पटियाल

कर्नल संजीव पटियाल

सीताराम ब्रिक्स इन्टरप्राइजेज, 3 आर.बी. पदमपुर
उच्च क्वालिटी की ब्रिक्स खरीदने के लिए एक बार सेवा का अवसर प्रदान करें।

आशी-ईशी गैस सर्विस, पदमपुर
मो. 97839-21204, 76655-84302, 82792-11700



श्री गुरुनानक जयंती
के प्रकाशोत्सव पर
लख-लख बधाइयां



ममता पुनर्वास एवं सामाजिक शोध संस्थान
ग्राम बींझबायला - 335042

दिव्यांग जगत की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

पतराम चौधरी



श्री गुरुनानक देव जी के
प्रकाश उत्सव पर
लख-लख बधाई

१३


लखमीचंद सोनी
भाजपा पार्षद, पदमपुर


उदयपाल सोनी
प्रमुख स्वर्णकार


यश सोनी
प्रमुख स्वर्णकार

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाई

श्री गौशाला समिति, पदमपुर

सरक्षंक श्रीमती कमल शर्मा धर्मपत्नि स्व. श्री घनश्याम दास शर्मा


प्रेम नारंग
अध्यक्ष


सुरेश मित्तल
उपाध्यक्ष


सोहन लाल बलाना
सचिव


चिरंजी लाल कालड़ा
कोषाध्यक्ष


सुखचरण भुल्लर
सह.सचिव


मदन लाल बिलन्दी
सदस्य


ठाकर दास बिलन्दी
सदस्य


रणजीत सिंह घुटटर
सदस्य


राकेश धींगड़ा
सदस्य


जगदीश राय मिड्डा
सदस्य


कश्मीरी सिंगला
सदस्य


हरजीत सिंह पाहवा
सदस्य


महेश शर्मा
सदस्य


रोहित बलाना
सदस्य


रविन्द्र मक्कड़
सदस्य


अमरेन्द्र सिंह मांगट
सदस्य

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर लख-लख बधाई

Affiliated to CBSE, New Delhi Affiliation No. 1730320

SHIVALIK
CHILDREN'S ACADEMY

25 B.B. Padampur, Distt. Sri Ganganagar

HOSTEL FACILITY FOR GIRLS

JANVI
D/o Mr. Kishor Chand
[Humanities]
Tehsil Topper
96.40%

POOJA BISHNOI
D/o MR. SUNIL KUMAR
94%

LAVIKA SHARMA
D/o MR. MANOJ KUMAR
91%

Selected In State Level For Boxing

Select State Level For Basketball

- गुरमीत सिंह घनश्याम दास कन्या महाविद्यालय, 25 बी.बी. ,पदमपुर
- गुरमीत सिंह घनश्याम दास कृषि महाविद्यालय, 25 बी.बी. ,पदमपुर
- गुरमीत सिंह घनश्याम दास STC महाविद्यालय, 25 बी.बी. ,पदमपुर
- गुरमीत सिंह घनश्याम दास B.ed महाविद्यालय, 25 बी.बी. ,पदमपुर

KIRTI SHARMA
CHAIRPERSON

SUNITA BISHNOI
PRINCIPAL

Contact :- 77260 16360, 75681 15167, 94607 87313

श्री गुरुनानक जयंती की इलाकावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

ASM Public School

Affiliated to CBSE, New Delhi, Affiliation No. 1730453

C.C. Head Padampur (Sri Ganganagar), M: 9829646828, 9636133486

THE BEST DESTINATION FOR ACADEMICS AND SPORTS RESULT

STREAMS:- ARTS | COMMERCE | MEDICAL | NON- MEDICAL | AGRICULTURE

"Welcome to our new school building, where education and innovation come together to shape a bright future."

ASM TOPPERS ACADEMIC ACHIEVEMENTS 2025-26

Co-Curricular Activities

On the sacred occasion of Sri Guru Nanak Dev Ji's Gurpurab, I extend my heartfelt wishes to everyone. May his timeless teachings of "Naam Japo, Kirat Karo, Vand Chhako" inspire us to follow the path of truth, equality, kindness and selfless service. Let us imbibe his values and spread peace, love and harmony in society.
Happy Gurpurab!
B.S. Pannu, Principal

B.S. Pannu
Principal

Parvinder Kaur
Vice- Principal

जीवन की गहनतम घटनाएँ किसी अनजान क्षण में ही हो जाती हैं। - अज्ञेय

संपादकीय

एआई की अंधी दौड़ और नई चुनौती

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होती तकनीकों में शामिल है। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां बेहतर एआई मॉडल विकसित करने, विशाल डेटा सेंटर स्थापित करने और अत्याधुनिक चिप खरीदने पर अरबों डॉलर का निवेश कर रही हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति के नए संतुलन को भी निर्धारित कर रही है। ऐसे समय में टेस्ला और एक्सएआई के प्रमुख एलन मस्क की यह चेतावनी कि वर्ष 2027 में एआई उद्योग को गंभीर नकदी संकट का सामना करना पड़ सकता है, केवल तकनीकी क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर संकेत है।

मस्क का कहना है कि एआई अवसंरचना तैयार करने में भारी पूंजी पहले ही खर्च करनी पड़ती है, जबकि उससे आय शुरू होने में कई महीने लग जाते हैं। डेटा सेंटर का निर्माण, अत्याधुनिक जीपीयू की खरीद, पर्याप्त बिजली और कूलिंग व्यवस्था तथा सिस्टम को पूरी क्षमता से संचालित करने में लंबा समय लगता है। इस दौरान कंपनियों का खर्च लगातार बढ़ता रहता है, लेकिन राजस्व नहीं आता। यदि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं होतीं तो कंपनियों को अतिरिक्त पूंजी जुटानी पड़ सकती है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ना स्वाभाविक है।

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के अनुसार, बड़े डेटा सेंटर संचालक वर्ष 2026 में पूंजीगत निवेश के रूप में 700 अरब डॉलर से अधिक खर्च कर सकते हैं। यह साल तो समाप्ति की ओर अग्रसर है। यह राशि बताती है कि एआई का भविष्य केवल सॉफ्टवेयर नहीं, बल्कि अत्यधिक महंगे भौतिक ढांचे पर भी निर्भर है। यदि इस निवेश से अपेक्षित गति से आय नहीं होती, तो कंपनियों को कर्ज लेना पड़ेगा या नए निवेशकों पर निर्भर होना पड़ेगा। इसका प्रभाव शेयर बाजार, निवेशकों के विश्वास और तकनीकी उद्योग की स्थिरता पर भी दिखाई दे सकता है।

हालांकि यह संकट केवल एआई उद्योग तक सीमित नहीं माना जाना चाहिए। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां भी आर्थिक अनिश्चितता को बढ़ा रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों में जारी युद्ध, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और लगातार बढ़ती महंगाई ने पहले ही उद्योगों की लागत बढ़ा दी है। ऐसे माहौल में यदि एआई क्षेत्र जैसी पूंजी-प्रधान इंडस्ट्री वित्तीय दबाव में आती है, तो उसका असर अन्य उद्योगों, वित्तीय बाजारों और वैश्विक निवेश वातावरण पर भी पड़ सकता है। यही कारण है कि आने वाले वर्षों में केवल तकनीकी विस्तार ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि वित्तीय अनुशासन और संतुलित निवेश नीति भी उतनी ही आवश्यक होगी। कंपनियों को विस्तार की गति और आर्थिक क्षमता के बीच संतुलन बनाना होगा। केवल भविष्य की संभावनाओं के आधार पर असीमित निवेश करना दीर्घकाल में जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। सरकारों, वित्तीय संस्थानों और उद्योग जगत को भी ऐसी नीतियां अपनानी होंगी, जो नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करें।

एआई निश्चित रूप से भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीक है, लेकिन किसी भी तकनीकी क्रांति की सफलता केवल नवाचार से नहीं, बल्कि मजबूत आर्थिक आधार से तय होती है। यदि उद्योग समय रहते पूंजी प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण और दीर्घकालिक योजना पर ध्यान देंगे, तो संभावित संकट को अवसर में बदला जा सकता है। अन्यथा, तकनीकी प्रगति की यह तेज दौड़ आर्थिक असंतुलन का कारण भी बन सकती है। आने वाला समय केवल एआई उद्योग ही नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की दूरदर्शिता और वित्तीय विवेक की भी परीक्षा लेने वाला होगा।

20 रुपए से शुरू हुआ 'सच्चा सौदा', आज दुनियाभर में चल रही लंगर सेवा

श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवनकाल में विश्व भ्रमण कर मानवता को सत्य, सेवा, प्रेम और समानता का मार्ग दिखाया। उनकी वाणी और आचरण ने समाज में फैली कुरीतियों और अहंकार को दूर करने का कार्य किया। उन्होंने अपने विचारों और व्यवहार से लोगों को सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा दी। फकीर वली कंधारी की कथा भी इसी संदेश को दर्शाती है, जब गुरु नानक देव जी ने क्रोध और अहंकार का सामना धैर्य और करुणा से किया। गुरु नानक देव जी के जीवन की एक प्रेरणादायक घटना 'सच्चा सौदा' के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि एक बार उनके पिता मेहता कालू जी ने उन्हें भाई मरदाना जी के साथ 20 रुपये देकर व्यापार करने के लिए भेजा और सच्चा सौदा करने की बात कही। रास्ते में गुरु नानक देव जी ने साधुओं का एक समूह देखा, जो कई दिनों से भूखे रहकर भक्ति में लीन थे। गुरु नानक देव जी ने सोचा कि इससे बड़ा सच्चा सौदा और क्या हो सकता है कि भूखे लोगों को भोजन कराया जाए। उन्होंने भाई मरदाना जी के साथ बाजार से राशन खरीदा और पूरे 20 रुपये खर्च कर साधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की। सभी साधुओं ने प्रेमपूर्वक लंगर ग्रहण किया और गुरु नानक देव जी खाली हाथ लौट आए। जब पिता मेहता कालू जी ने व्यापार के सामान के बारे में पूछा तो भाई मरदाना जी ने पूरी घटना बताई। यह सुनकर वे क्रोधित हुए, लेकिन राय बुलार और गुरु नानक देव जी की बहन बीबी नानकी जी ने उन्हें समझाया। राय बुलार ने कहा कि यदि रुपये का नुकसान हुआ है तो वे उसकी भरपाई करेंगे, लेकिन नानक ने जो कार्य किया है, उसे संसार सदैव याद रखेगा।



लंगर सेवा बनी विश्व कल्याण का माध्यम : गुरु नानक देव जी द्वारा शुरू की गई लंगर सेवा आज भी मानवता की सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। वर्ष 2026 में हम गुरु नानक देव जी की 557वीं जयंती मनाने जा रहे हैं। उस समय 20 रुपये से शुरू हुई यह सेवा आज भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर के गुरुद्वारों में निरंतर चल रही है। लंगर केवल भोजन वितरण की परंपरा नहीं, बल्कि समानता, भाईचारे और सेवा भावना का प्रतीक है। इसमें जाति, धर्म, वर्ग और अमीरी-गरीबी का कोई भेद नहीं होता। सभी लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। आज कई मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भी इसी भावना के साथ लंगर सेवा संचालित की जा रही है। लोकदेवता बाबा रामदेव जी के मेलों में भी श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के भोजन, फल, पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था की जाती है।

लंगर में छिपी है सेवा और आध्यात्मिक संतुष्टि : लंगर तैयार करने से लेकर परोसने तक स्वच्छता और सेवा भावना का विशेष ध्यान रखा जाता है। श्रद्धा और प्रभु स्मरण के साथ तैयार किया गया भोजन केवल पेट ही नहीं भरता, बल्कि मन को भी संतुष्टि प्रदान करता है। लंगर बनाने और छकाने की प्रक्रिया में जो आत्मिक आनंद मिलता है, उसका अनुभव वही कर सकता है जो निस्वार्थ भाव से सेवा से जुड़ता है। गुरु नानक देव जी का संदेश आज भी यही है कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। 20 रुपये से शुरू हुई लंगर की यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेम, करुणा और समानता का मार्ग दिखाती रहेगी।

- डॉ. रणवीर सिंह
श्रीकरणपुर
मो. 94144 34202

आर्थिक सम्पन्नता के बावजूद मानसिक शान्ति दुर्लभ होती जा रही है और प्रकृति के साथ हमारा सम्बन्ध निरन्तर विनाशकारी होता जा रहा है। ऐसे समय में पन्द्रहवीं शताब्दी में सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी ने बाणी के रूप में हमें ऐसी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत प्रदान की, जो आज भी मानवता के लिए नैतिक दिशा-सूचक का कार्य करती है।

आज श्री गुरु नानक देव जी की बाणी की प्रासंगिकता

आज जब मनुष्य विज्ञान की ऊँचाइयों को छू रहा है, अत्याधुनिक साधनों ने भौगोलिक दूरियों को समाप्त कर दिया है और प्रगति के नाम पर पूरे विश्व में होड़ मची हुई है, उसी बीच मनुष्यों के बीच भावनात्मक दूरियाँ बढ़ रही हैं। आर्थिक सम्पन्नता के बावजूद मानसिक शान्ति दुर्लभ होती जा रही है और प्रकृति के साथ हमारा सम्बन्ध निरन्तर विनाशकारी होता जा रहा है। ऐसे समय में पन्द्रहवीं शताब्दी में सिक्खों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी ने बाणी के रूप में हमें ऐसी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासत प्रदान की, जो आज भी मानवता के लिए नैतिक दिशा-सूचक का कार्य करती है।

श्री गुरु नानक देव जी की बाणी मनुष्य को केवल ईश्वर की खोज करना ही नहीं सिखाती, बल्कि अपने भीतर अपने व्यवहार, अपने सामाजिक सम्बन्धों और अपने परिवेश में उस दिव्यता को पहचानने की प्रेरणा भी देती है। उनकी शिक्षाएँ किसी एक धर्म, जाति, समुदाय अथवा भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं हैं। उनका सम्बोधन सम्पूर्ण मानवता से है। श्री गुरु नानक देव जी की प्रमुख बाणियाँ- 'जपुजी साहिब', 'आसा दी वार','सिद्ध गोष्ठि', 'बारहमाह', 'दखणी ओंकार', 'बाबरवाणी'- उनके व्यापक जीवन-दर्शन और आध्यात्मिक चिंतन की परिचायक हैं। इन बाणियों में कहीं परमात्मा की एकता और हुकम का संदेश है, तो कहीं सामाजिक अन्याय, धार्मिक पाखंड और मानवीय भेदभाव के विरुद्ध निर्भीक स्वर, कहीं प्रकृति और समय के माध्यम से जीवन की नश्वरता का बोध है, तो कहीं प्रेम, आत्मज्ञान, विनम्रता और प्रभु से मिलन की आकांक्षा। इनका मूल सार मनुष्य को भीतर से निर्मल बनाना और उसे सत्य, समानता, करुणा, ईमानदार श्रम, सेवा तथा परोपकार के मार्ग पर अग्रसर करना है। आज का विश्व विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर चुका है, लेकिन हिंसा, असमानता, पर्यावरणीय संकट, धार्मिक कट्टरता, स्वार्थ और मानसिक अशान्ति जैसी समस्याएँ अब भी हमारे सामने खड़ी हैं। ऐसे समय में श्री गुरु नानक देव जी की बाणी केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन ही नहीं, बल्कि एक न्यायपूर्ण, समतामूलक, संवेदनशील और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण का आधार भी प्रदान करती है। श्री गुरु नानक देव जी का दर्शन हमें केवल बेहतर धार्मिक व्यक्ति बनने की नहीं, बल्कि बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है और यही किसी भी प्रगतिशील विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता है

1 'इक ओंकार' : धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध एकता का दर्शन

श्री गुरु नानक देव जी की बाणी का आरम्भ 'सतनाम' से होता है। यह केवल ईश्वर के अस्तित्व की घोषणा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि की एकात्मकता का दर्शन है। जब सृष्टि का मूल एक है, तब मनुष्य द्वारा निर्मित धार्मिक, जातीय, भाषायी और सामाजिक विभाजन किस आधार पर श्रेष्ठता और हीनता के दावे कर सकते हैं? आज विश्व अनेक प्रकार के धार्मिक संघर्षों, साम्प्रदायिक तनावों और पहचान की राजनीति से जूझ रहा है। विडम्बना यह है कि मनुष्य ईश्वर के नाम पर एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा है। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च की उपस्थिति बढ़ सकती है, लेकिन यदि उनके बाहर मनुष्य के प्रति घृणा और भेदभाव भी बढ़ रहा है, तो हमें अपनी आध्यात्मिक समझ पर पुनर्विचार करना होगा। आज जब धर्म कभी-कभी मनुष्यों को जोड़ने के बजाय विभाजित करने का माध्यम बन जाता है, तब 'इक ओंकार' का दर्शन हमें स्मरण करवाता है कि हमारी मूल पहचान मनुष्य होना है।

2 'किरत करो, नाम जपो, वंड छको' : आर्थिक नैतिकता, सामाजिक न्याय का आधार



गुरु जी की शिक्षाओं का एक अत्यन्त व्यावहारिक पक्ष है- ईमानदारी से श्रम करना, परमात्मा का स्मरण करना और अपनी कमाई तथा संसाधनों को दूसरों के साथ बाँटना। प्रचलित रूप में व्यक्त ये तीन सिद्धान्त आज की आर्थिक व्यवस्था के लिए भी गहरा नैतिक सन्देश रखते हैं। आज संसार में आर्थिक असमानता एक गम्भीर चुनौती है। एक ओर अपार सम्पत्ति कुछ हाथों में सिमट रही है, दूसरी ओर लाखों लोग भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उपभोक्तावाद ने आवश्यकता को लालसा में और सफलता को केवल धन-संचय में बदल दिया है। गुरु की बाणी श्रम की गरिमा और ईमानदार कमाई को महत्त्व देती है। **'घालि खाइ किछु हथहु देइ। नानक राहु पछाणहि सेइ॥' (श्री गुरु ग्रंथ साहिब, अंग 1245)** में श्रम करके खाने और अपनी सामर्थ्य के अनुसार दूसरों को देने की भावना व्यक्त होती है।

3 'सो किउ मंदा आखीऐ' : स्त्री की गरिमा और लैंगिक समानता

आज भी समाज में स्त्री को अनेक स्तरों पर असमानता, हिंसा, भेदभाव और रूढ़िवादी अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है। कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर असमान अवसर, स्त्री की स्वतंत्रता पर सामाजिक नियंत्रण और उसके चरित्र का मूल्यांकन करने वाली मानसिकता इस बात का प्रमाण हैं कि आधुनिकता के बावजूद हमारी सामाजिक चेतना पूरी तरह विकसित नहीं हुई है। लगभग पाँच शताब्दियों पहले गुरु जी ने प्रश्न किया था : **'सो किउ मंदा आखीऐ जितु जमहि राजान॥' (श्री गुरु ग्रंथ साहिब, अंग 473)** यह पंक्ति अपने समय की स्त्री-विरोधी धारणाओं को चुनौती देती है। गुरु नानक स्त्री को हीन या अपवित्र मानने वाली सोच को अस्वीकार करते हैं और उसके अस्तित्व तथा सामाजिक महत्त्व को स्वीकार करते हैं। आज इस विचार को केवल स्त्री के मातृत्व तक सीमित करके नहीं देखना चाहिए। इसकी व्यापक भावना स्त्री की गरिमा, उसके व्यक्तित्व, उसकी स्वतंत्र चेतना और समान मानवीय अधिकारों के सम्मान में निहित है।

4 प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व : पर्यावरण संकट के युग में चेतावनी

आज मानवता जलवायु परिवर्तन, जल-संकट, वायु प्रदूषण, जंगलों के विनाश जैसी समस्याओं से जूझ रही है। विकास के नाम पर हमने नदियों को प्रदूषित किया है, जंगलों को काटा है और प्राकृतिक संसाधनों का असीमित दोहन किया है। गुरु नानक देव जी का प्रसिद्ध कथन है: **'पवणु गुरु पाणी पिता माता धरति महतु॥' (श्री गुरु ग्रंथ साहिब, अंग 8)** इस एक पंक्ति में प्रकृति के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व का अत्यन्त गहरा भाव निहित है। जिस वायु को गुरु, जल को पिता और धरती को माता का स्थान दिया गया हो, उसके प्रति मनुष्य का व्यवहार शोषण और विनाश पर आधारित कैसे हो सकता है?

5 हउमै: अहंकार, प्रतिस्पर्धा और मानसिक अशान्ति का कारण

आधुनिक मनुष्य की एक बड़ी समस्या है- स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ सिद्ध करने की निरन्तर इच्छा। सोशल मीडिया पर जीवन का प्रदर्शन, पद और प्रतिष्ठा की दौड़, दूसरों की सफलता से ईर्ष्या, सम्बन्धों में अधिकार की भावना और हर परिस्थिति में स्वयं को सही साबित करने का आग्रह इसी मानसिकता के अलग-अलग रूप हैं। गुरु की बाणी में **'हउमै'** अर्थात् अहंकार को आध्यात्मिक विकास की बड़ी बाधा के रूप में देखा गया है। मनुष्य जब अपने अहंकार को ही अपनी पहचान बना लेता है, तब वह न तो दूसरों की पीड़ा समझ पाता है और न ही अपनी सीमाओं को स्वीकार कर पाता है। गुरु नानक की शिक्षाएँ हमें विनम्रता, आत्मनिरीक्षण और अपने भीतर परिवर्तन लाने की प्रेरणा देती हैं। इसका अर्थ स्वयं को कमजोर बनाना नहीं, बल्कि अपनी शक्ति का उपयोग दूसरों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें सम्मान देने में करना है।

6 बाहरी आडम्बर नहीं, आचरण की पवित्रता

हमारे समय का एक बड़ा विरोधाभास यह है कि धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी के साथ-साथ अनैतिक आचरण भी दिखाई देता है। मनुष्य धार्मिक प्रतीकों को धारण कर सकता है, तीर्थयात्राएँ कर सकता है और धार्मिक अनुष्ठानों में नियमित रूप से शामिल हो सकता है, लेकिन यदि उसके व्यवहार में छल, शोषण, क्रूरता और बेईमानी है, तो उसकी धार्मिकता अधूरी है। गुरु जी ने कर्मकाण्डों और बाहरी दिखावे से अधिक आन्तरिक शुद्धता तथा सत्यपूर्ण जीवन को महत्त्व दिया। उनकी बाणी मनुष्य को अपने आचरण की परीक्षा करने के लिए प्रेरित करती है। आज इसका एक साधारण उदाहरण हमारे दैनिक जीवन में देखा जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति गुरुद्वारे में सेवा करता है, लेकिन अपने घर में काम करने वाले व्यक्ति के साथ अपमानजनक व्यवहार करता है, तो उसे अपनी आध्यात्मिकता के वास्तविक अर्थ पर विचार करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति धार्मिक उपदेश देता है, लेकिन अपने व्यवसाय में मिलावट या धोखाधड़ी करता है, तो उसकी वाणी और कर्म में विरोधाभास है।

7 वर्तमान समय में बाणी की सबसे बड़ी आवश्यकता : करुणा और मानवीय संवेदना

तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ दी हैं, लेकिन क्या उसने उसे अधिक संवेदनशील बनाया है? युद्धों में निर्दोष लोगों की मृत्यु, विस्थापित परिवारों का दुःख, भूख से जूझते बच्चे, वृद्धों का अकेलापन और समाज में बढ़ती हिंसा हमें यह सोचने के लिए विवश करती है कि मनुष्य की संवेदना कहाँ खो रही है। गुरु जी की बाणी मनुष्य को अपने स्वार्थ के दायरे से बाहर निकलकर सम्पूर्ण मानवता के प्रति उत्तरदायी बनने का सन्देश देती है। लंगर और सेवा की परम्परा इसी भावना का जीवंत सामाजिक उदाहरण हैं। यहाँ जाति, धर्म, वर्ग और आर्थिक स्थिति के भेद के बिना लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। यह केवल भोजन बाँटने की व्यवस्था नहीं, बल्कि मानवीय समानता का व्यावहारिक दर्शन है।

8 सत्य और नैतिक साहस : झूठ तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज

आज सूचना और संचार के युग में झूठ, भ्रामक प्रचार, अफवाहें और आधे-अधूरे सत्य समाज की सोच को प्रभावित कर रहे हैं। व्यक्तिगत लाभ के लिए सत्य को तोड़ना-मरोड़ना, सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार और अन्याय के सामने मौन रहना हमारी सामूहिक नैतिकता के लिए चुनौती है। गुरु नानक देव जी की बाणी में सत्य केवल बोलने का विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार है। उनका प्रसिद्ध कथन है : **'सचहु ओरै सभु को ऊपरि सचु आचारु॥' (श्री गुरु ग्रंथ साहिब, अंग 62)** अर्थात् सत्य सबसे ऊँचा है, लेकिन सत्यपूर्ण आचरण उससे भी ऊँचा है। इस विचार की आज विशेष आवश्यकता है। केवल सत्य की बातें करना पर्याप्त नहीं; सत्य को अपने निर्णयों और कर्मों में उतारना आवश्यक है।

गुरु नानक बाणी और आज की शिक्षा : सूचना नहीं, विवेक का विकास

आज शिक्षा का उद्देश्य अक्सर अच्छे अंक, डिग्री, नौकरी और आर्थिक सफलता प्राप्त करने तक सीमित होता जा रहा है। विद्यार्थियों के पास सूचनाओं की कमी नहीं है, लेकिन क्या उनमें विवेक, सहानुभूति, धैर्य और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसी अनुपात में विकसित हो रहे हैं? गुरु जी की शिक्षाएँ शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मनुष्य के आन्तरिक विकास से जोड़ती हैं। उनका दर्शन हमें यह समझने की प्रेरणा देता है कि वास्तविक शिक्षित व्यक्ति वह है जो अपने ज्ञान का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए करे।

विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में यदि विद्यार्थियों को ईमानदार श्रम, समानता, पर्यावरण संरक्षण, सेवा, संवाद और दूसरे के विचारों का सम्मान करना सिखाया जाए, तो शिक्षा अधिक मानवीय बन सकती है। गुरु जी की बाणी इन मूल्यों के विकास के लिए एक समृद्ध नैतिक आधार प्रदान करती है।

सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि हम गुरबाणी का पाठ तो करते हैं, लेकिन कई बार उसके मूल सन्देश को अपने जीवन में स्थान नहीं देते। हम 'पवन गुरु पानी पिता माता धरत महतु' का उच्चारण करते हैं, लेकिन नदियों को प्रदूषित करते हैं। हम 'सो किउ मंदा आखीऐ' पढ़ते हैं, लेकिन स्त्री को समान अधिकार देने में संकोच करते हैं। हम 'वंड छको' की भावना से परिचित हैं, लेकिन अपनी सम्पन्नता और संसाधनों को साझा करने से बचते हैं। हम 'इक ओंकार' में विश्वास जताते हैं, लेकिन मनुष्य को धर्म और जाति के आधार पर बाँटते हैं। आज आवश्यकता गुरु नानक बाणी के प्रचार से भी अधिक उसके आत्मसात् करने की है। हमें यह प्रश्न स्वयं से पूछना होगा कि क्या हमारी धार्मिकता ने हमें अधिक दयालु बनाया है? क्या हमारी शिक्षा ने हमें अधिक न्यायप्रिय बनाया है? क्या हमारी सम्पन्नता ने हमें अधिक उदार बनाया है? और क्या हमारी प्रगति ने हमें प्रकृति के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाया है?

श्री गुरु नानक देव जी की बाणी का महत्त्व इस बात में नहीं है कि वह कितनी पुरानी है, बल्कि इस बात में है कि वह आज भी हमारे समय के सबसे कठिन प्रश्नों का सामना करने की नैतिक क्षमता रखती है। शायद आज मानवता को किसी नए दर्शन की नहीं, बल्कि उन शाश्वत सत्यों को फिर से समझने और जीने की आवश्यकता है, जिन्हें श्री गुरु नानक देव जी ने सदियों पहले अपनी बाणी में अभिव्यक्त किया था। क्योंकि संसार को बदलने की शुरूआत संसार से नहीं, मनुष्य की चेतना से होती है। और यही गुरु नानक बाणी का सबसे बड़ा, सबसे प्रासंगिक और सबसे आवश्यक सन्देश है।

सिक्ख जगत को आत्ममंथन-गुरु की ओर लौटने की आवश्यकता

श्री गुरु नानक देव जी की बाणी की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए सिक्ख जगत को भी आत्ममंथन करना होगा। यह प्रश्न उठाना आवश्यक है कि जिस महान दर्शन की नींव सत्य, समानता, सेवा, विनम्रता और मानवता पर रखी गई थी, क्या आज हमारा सामूहिक आचरण भी उन्हीं आदर्शों का प्रतिबिम्ब है? यह एक विडम्बना है कि जिस गुरु ने जाति-पाति, ऊँच-नीच और धार्मिक आडम्बरों को चुनौती दी, उनके अनुयायियों के बीच आज भी जातिगत भेदभाव, सामाजिक विभाजन और प्रतिष्ठा की प्रतिस्पर्धा दिखाई देती है। जिस पंथ ने सेवा और त्याग को सर्वोच्च स्थान दिया, वहाँ कहीं-कहीं धार्मिक संस्थाओं में पद, सत्ता, गुटबाजी और व्यक्तिगत स्वार्थ प्रमुख होते दिखाई देते हैं। गुरबाणी का पाठ तो होता है, लेकिन क्या उसके सन्देश हमारे व्यवहार में भी उतने ही गहरे उतर पाए हैं?

आज सिक्ख जगत को कुछ बुनियादी प्रश्नों पर गम्भीरता से विचार करना होगा। क्या गुरुद्वारे केवल धार्मिक गतिविधियों के केन्द्र रह गए हैं, या वे शिक्षा, सामाजिक सुधार, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और युवा मार्गदर्शन के भी सशक्त केन्द्र बन रहे हैं? क्या महिलाओं को धार्मिक और संस्थागत नेतृत्व में समान अवसर मिल रहे हैं? क्या हमारी नई पीढ़ी को केवल धार्मिक परम्पराओं से परिचित कराया जा रहा है, या गुरबाणी के दर्शन और उसके जीवनोपयोगी अर्थ भी समझाए जा रहे हैं?

पंजाब और सिक्ख समाज के सामने नशे, बेरोजगारी, दिखावे, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और युवाओं के अपनी जड़ों से दूर होने जैसी चुनौतियाँ हैं। इनका समाधान केवल चिन्ता व्यक्त करने से नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास, पारदर्शी नेतृत्व और गुरु की शिक्षाओं पर आधारित सामाजिक चेतना से सम्भव है। अब समय आ गया है कि सिक्ख जगत अपनी ऐतिहासिक शहादतों और गौरवशाली विरासत का स्मरण करने के साथ-साथ वर्तमान में अपने दायित्वों को भी पहचाने। धार्मिक पहचान का वास्तविक गौरव बाहरी प्रतीकों में ही नहीं, बल्कि उस चरित्र में है, जो सत्य बोलता है, ईमानदारी से श्रम करता है, दूसरों के साथ बाँटता है, स्त्री का सम्मान करता है और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होता है।

गुरु की ओर लौटने का अर्थ पीछे लौटना नहीं, बल्कि अपनी मूल चेतना को पुनः जागृत करना है। हमें गुरु नानक को केवल विश्व के सामने प्रस्तुत नहीं करना, बल्कि उनके सिद्धान्तों को अपने जीवन में भी प्रतिष्ठित करना है। इतिहास का गौरव तभी सार्थक है, जब वह वर्तमान के आचरण में दिखाई दे। आज सिक्ख जगत के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है -क्या हम गुरु नानक के अनुयायी होने का गौरव केवल अपनी पहचान में धारण कर रहे हैं, या उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का साहस भी रखते हैं?

डॉ. परनीत जग्गी
आचार्य अंग्रेजी, डॉ. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर

देव दीपावली : 108 दीपक जलाने का रहस्य, जानिए दीपदान का आध्यात्मिक महत्त्व

देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। वर्ष 2026 में यह पर्व 24 नवंबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन देवता स्वयं काशी पहुंचकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। इसी कारण वाराणसी के गंगा घाट लाखों दीपों की रोशनी से जगमगा उठते हैं। सनातन परंपरा में गंगा को पापों का नाश करने वाली और मोक्ष प्रदान करने वाली माना गया है। इसलिए इस दिन गंगा स्नान, पूजन और दीपदान का विशेष महत्व बताया गया है।

दीपदान से किसकी होती है कामना

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा में श्रद्धापूर्वक दीपदान करने से आत्मशुद्धि, मन की पवित्रता और ईश्वर के प्रति समर्पण की भावना प्रबल होती है। इसे केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने दोषों और नकारात्मक भावों से मुक्ति की प्रार्थना भी माना जाता है। मान्यता है कि दीपदान के माध्यम से व्यक्ति जाने-अनजाने में किए गए पापों के प्रायश्चित, दूसरों को पहुंचाए गए कष्ट के अपराधबोध से मुक्ति, अहंकार और क्रोध के शमन, लोभ-मोह के त्याग तथा मानसिक एवं आध्यात्मिक अशुद्धियों के निवारण की कामना करता है। हिंदू धर्म में 108 संख्या अत्यंत पवित्र मानी गई है। जपमाला के 108 मनके, अनेक मंत्रों का 108 बार जप और आध्यात्मिक साधना में इस संख्या का विशेष स्थान है। देव दीपावली पर 108 दीपक जलाना पूर्णता, आध्यात्मिक जागरण और समस्त सृष्टि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि 108 दीपों का प्रकाश व्यक्ति के भीतर के अज्ञान और नकारात्मकता को दूर कर आत्मज्ञान, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है। इसे पूर्वजों की शांति, पापों के क्षय और ईश्वर की कृपा प्राप्त करने का भी शुभ माध्यम माना जाता है।



दीपदान के समय बोलें यह मंत्र

देव दीपावली पर गंगा में दीपदान करते समय मां गंगा का स्मरण करते हुए यह मंत्र बोला जा सकता है–

ॐ नमो गंगायै विश्वरूपिण्यै नारायण्यै नमो नमः।

इसके साथ दीपज्योति की प्रार्थना भी की जाती है–

शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यं धनसंपदा।
शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते॥

सब्जी मंडी बनाने की मांग, सभापति को दिया ज्ञापन



सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। शहर के विस्तार के साथ-साथ सब्जी मंडी की आवश्यकता भी बढ़ रही है। सब्जी मंडी बनाने की मांग को लेकर वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि रामफल बिश्नोई ने नगर परिषद सभापति को ज्ञापन सौंपकर मांग रखी है। ज्ञापन में बताया कि चक एक ए छोटी क्षेत्र में व्यावसायिक योजना के लिए नगर विकास न्यास द्वारा भूमि को इंक्वायरी में लिया गया था, लेकिन भूमि कृषि भूमि होने के कारण उस समय आगे की कार्रवाई रोक दी गई थी। रामफल विश्नोई ने अवगत करवाया कि जस्सासिंह मार्ग के पास सब्जी मंडी के लिए उपयुक्त जगह चिन्हित की जा सकती है।

बिरला पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम 30 को

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। स्थानीय बिरला पब्लिक स्कूल में एनुअल-डे कार्यक्रम का आयोजन 30 नवंबर को किया जाएगा। इसके अंतर्गत इवेंट के तहत एग्जिबिशन लगेगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ उत्कृष्ट अवार्ड वितरण कार्यक्रम होगा। तीस नवंबर दोपहर बाद 3 बजे कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिरला एजुकेशन ट्रस्ट पिलानी के डायरेक्टर, मेजर जनरल (रिटा.) एसएस नायर होंगे। अतिथि के रूप में डीआईजी (रिटा.) राजस्थान पुलिस दलीप जाखड़ एवं डीआईजी (रिटा.) बीएसएफ मोहिन्दर कुमार सहारण उपस्थित रहेंगे।

बैकुंठ चतुर्दशी पर सालासर हनुमान मंदिर में हुआ कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। बैकुंठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर यहां सालासर हनुमान मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ एवं तुलसी पूजन किया गया। इसके पश्चात तुलसी विवाह का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं के लिए खिचड़े का लंगर लगाया गया तथा ब्रह्म भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर भाग लिया तथा भगवान हनुमान जी के समक्ष शीश नवाकर समस्त शहरवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। कार्यक्रम में राधेश्याम छाबड़ा, अंजुल मुंजाल, नवीन यादव, सोनू नागपाल, महेश शर्मा, सौरव भारद्वाज, राधेश्याम राजपुरोहित, बजरंग राजपुरोहित एवं अशोक बिलंदी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

बीएसएफ 118वीं वाहिनी की ग्राम समन्वय बैठक में बॉर्डर एरिया की सुरक्षा पर हुई चर्चा

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



बीओपी सेखसरपाल में बीएसएफ की 118वीं वाहिनी के समादेष्टा कमल सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में ग्राम समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पवन कुमार, डीसी/क्यूएम, पीआर मीना, एसी कंपनी कमांडर, 'जी' कंपनी, इंस्पेक्टर किशन लाल, एसएचक्यू बीएसएफ एसजीएनआर और एएसआई विजिलेंस धर्मबीर सिंह, एसएचक्यू बीएसएफ एसजीएनआर, सरपंच, उनके प्रतिनिधि, उप-सरपंच और ग्राम पंचायतों के सदस्य उपस्थित रहे। 9 एफए माझीवाला से सरपंच पति मुकेश गोदारा, 2 एफसी मुकन से रामप्रकाश, 6 एफए रड़ेवाला सुखकीरत सिंह, 42 एच से राम कुमार, 36 एच नग्गी के सरपंच निशांत कुमार झोरड़, मलकाना कलां के सरपंच अमेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा की मौजूदा स्थिति, ड्रोन गतिविधियों, प्रतिबंधित सामानों की खेप गिराने और इकट्ठा करने और ऐसे कामों के लिए कृषि भूमि का उपयोग करने वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी परिणामों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को लगभग 110 फीट ऊंचे लोहे के टावरों पर पीटीजेड कैमरे लगाए जाने की जानकारी दी गई, जो सभी दिशाओं में लगभग 5-6 किलोमीटर के क्षेत्र में निगरानी प्रदान करते हैं। उन्हें बीएसएफ द्वारा संदिग्ध गतिविधियों और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दिन-रात ड्रोन निगरानी के बारे में भी बताया गया। सड़क निर्माण सहित अन्य मुद्दे भी उठेः बैठक के दौरान 36 एच नग्गी के सरपंच ने गांव की सड़कों के निर्माण, पीने के पानी की व्यवस्था और अतिरिक्त स्कूल भवनों के निर्माण से संबंधित मुद्दे उठाए। उन्होंने समादेष्टा से इन मुद्दों को जिला अधिकारियों के समक्ष उठाने का अनुरोध किया गया। सरपंचों ने बाड़ के आगे कृषि कार्य करने में किसानों को होने वाली कठिनाइयों और सिंचाई के पानी की अपर्याप्त उपलब्धता पर भी प्रकाश डाला।

स्मार्ट क्लास से विद्यार्थियों को पढ़ाई को मिलेगा नया आयाम : कुलगुरु

एमजीएसयू में कुलगुरु ने विभागों का किया निरीक्षण

सीमा सन्देश # बीकानेर



महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय (एमजीएसयू) परिसर में संचालित विभागों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और बेहतर अध्ययन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इतिहास, अंग्रेजी, पर्यावरण विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, विधि और भूगोल विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने विद्यार्थियों के साथ कक्षा में बैठकर शिक्षकों की पढ़ाने की पद्धति का अवलोकन किया। उन्होंने वर्तमान शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कक्षाएं संचालित करने पर विशेष जोर दिया। प्रो. बिश्नोई ने कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों के व्याख्यानों का लाभ भी मिलेगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और विद्यार्थियों को नए अवसर प्राप्त होंगे।

75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य : कुलगुरु ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी करनी होगी। लगातार अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को सूचना देने की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर विद्यार्थियों के नाम कक्षा से पृथक किए जा सकते हैं और उन्हें परीक्षा में शामिल होने से रोका जा सकता है। मीडिया प्रभारी डॉ. उमेश शर्मा ने बताया कि कुलगुरु का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं से जोड़कर उनके शैक्षणिक विकास के अवसर बढ़ाना है।

श्रद्धा और समर्पण...वर्ष 1972 से स्थापित श्री गुरुद्वारा सिंह सभा अनूपगढ़ से जुड़े सरदार जंगीर सिंह धंजू कर रहे निस्वार्थ सेवा

गुरुद्वारा सिंह सभा का रेत के टीले से भव्य स्वरूप तक का सफर

सीमा सन्देश # अनूपगढ़



गुरुद्वारा सिंह सभा अनूपगढ़ केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शहर की धार्मिक आस्था, सेवा और भाईचारे का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 1972 में स्थापित इस गुरुद्वारा साहिब के विकास और सेवा-संभाल की यात्रा में सरदार जंगीर सिंह धंजू का योगदान उल्लेखनीय रहा है। स्थापना के शुरूआती दौर से लेकर आज तक उन्होंने गुरुद्वारा साहिब की सेवा पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ निभाई है। सरदार जंगीर सिंह धंजू का जन्म 18 जुलाई 1949 को गांव 49 जीबी, , श्री विजयनगर क्षेत्र में हुआ। उनके पिता सरदार ईसर सिंह धंजू तथा माता जोगिंदर कौर थीं। उन्होंने पारम्भिक शिक्षा 40 जी .बी स्थित गुरुद्वारा साहिब में प्राप्त की। उसके बाद श्री विजयनगर मंडी में दसवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की। वर्ष 1951 में उनका परिवार 89 जीबी में आकर बस गया।

तंबू लगाकर पहला अखंड पाठ 1974 में हुआ : गुरुद्वारा सिंह सभा अनूपगढ़ की स्थापना के समय यहां आज जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। बताया जाता है कि जिस स्थान पर आज गुरुद्वारा साहिब स्थित है, वहां उस समय रेत का टीला हुआ करता था। इसी स्थान पर तंबू लगाकर सबसे पहले अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया गया। उस समय यहां पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। धार्मिक आयोजनों और निर्माण कार्य के लिए गंगनहर से ट्रॉलियों के माध्यम से पानी लाया जाता था। इन कठिन परिस्थितियों के बीच सरदार जंगीर सिंह धंजू, के छोटे भाई अवतार सिंह धन्जू भी इनके साथ सेवा में जुटे रहे तथा कमेटी के पहले सदस्य बने उसके बाद में करनैल सिंह बहोलिया, जगतार सिंह रिटायर्ड पटवारी सहित अन्य सेवादारों ने गुरुद्वारा साहिब के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धीरे-धीरे सेवा, सहयोग और समाज की आस्था से यह स्थान आज गुरुद्वारा सिंह सभा अनूपगढ़ के रूप में एक प्रमुख धार्मिक केंद्र बन चुका है।

वर्षों से निभा रहे हैं सेवा की जिम्मेदारी: सरदार जंगीर सिंह धंजू गुरुद्वारा सिंह सभा में चार वर्ष तक प्रधान पद पर भी रहे। इसके बाद वर्ष 2013 से वर्ष 2026 तक वे मुख्य सेवादार के रूप में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी गुरुद्वारा साहिब की सेवा के प्रति उनका समर्पण बना हुआ है। गुरुद्वारा सिंह सभा अनूपगढ़ के शुरूआती संघर्षों से लेकर वर्तमान स्वरूप तक के सफर के वे प्रत्यक्ष साक्षी रहे हैं। रेत के टीलों के बीच तंबू लगाकर शुरू हुई धार्मिक गतिविधियों से लेकर आज के विकसित गुरुद्वारा साहिब तक की यात्रा में उनका योगदान स्मरणीय है। सरदार जंगीरसिंह धंजू की वर्षों की निस्वार्थ सेवा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सच्ची सेवा के लिए उम्र नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है।

शादी समारोह में भोजन के बाद 24 लोगों की तबीयत बिगड़ी

चूरू। जिले की रतनगढ़ तहसील के हंसासर गांव में शादी समारोह के दौरान भोजन करने के बाद 24 लोगों की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। प्रभावित लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत होने पर परिजन उन्हें निजी वाहनों से राजकीय जालान अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने 11 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी जबकि 13 लोगों को भर्ती कर उपचार जारी रखा है। पीएमओ डॉ. सुरेंद्र ने बताया कि भर्ती मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है। वहीं डॉ. पंकज शर्मा के अनुसार प्रभावित लोगों में चार बच्चे भी शामिल हैं। परिजनों के मुताबिक, शादी समारोह में भोजन करने के कुछ समय बाद ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। शुरूआत में चार लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत हुई, लेकिन धीरे-धीरे प्रभावितों की संख्या बढ़कर करीब 24 हो गई। इसके बाद सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। खाद्य टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने लिये हैं।

गुरु नानक देव का जीवन सेवा व भाईचारे का प्रतीक

गुरुपर्व पर एस एस आदर्श विद्यालय प्रबंधन का संदेश

सीमा सन्देश # पदमपुर। एस एस आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष ओमप्रकाश कलिया व डायरेक्टर अशोक कुमार कलिया ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का संपूर्ण जीवन युगों-युगों तक श्रद्धा, सेवा और भाईचारे का प्रतीक रहेगा। उन्होंने बताया कि सिख धर्म का अत्यंत पवित्र पर्व गुरुपर्व हमें गुरु साहिबानों की शिक्षाओं, मानवता, प्रेम, समानता और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है, जहां श्रद्धालु माथा टेककर गुरुवाणी पाठ व कीर्तन का श्रवण करते हैं। यह परंपरा निस्वार्थ सेवा और समानता का संदेश देती है।





गुरु साहिबानों की शिक्षाएं हमें सत्य, ईमानदारी, मेहनत, जरूरतमंदों की सहायता करने और सभी के प्रति सम्मान रखने की सीख देती हैं। श्री गुरु नानक देव जी ने समाज में शांति और एकता का संदेश फैलाया, जिससे प्रेरित होकर हमें सदैव मानव कल्याण के हित में अपने नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

पोलियो बूथों पर बच्चों को पिलाई पोलियोरोधी दवा

सीमा सन्देश # पदमपुर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत दूसरे दिन वार्ड नंबर 5 में पार्षद मलकीत सिंह सोनी के नेतृत्व में पोलियो बूथ पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने मे अहम भूमिका निभाई। हालांकि प्रचार-प्रसार के अभाव के कारण बूथों पर यह दवा पीने वाले बच्चों की संख्या अपेक्षानुरूप नहीं रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर सभी केन्द्रों पर कर्मचारी सुबह से शाम तक अपनी ड्यूटी बजाते रहे। अरोडवंश सेवा सदन, मुख्य बस स्टैंड , पब्लिक पार्क सहित अन्य पल्स पोलियो बूथों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी के पोलियो मुक्त दवा पिलाने का कार्य सांय 5 बजे तक जारी रहा।

सरपंच बलवीरसिंह गिल ने संभाला कार्यभार

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। ग्राम पंचायत लोहारा के नवनिर्वाचित सरपंच बलवीर सिंह गिल ने आज विधिपूर्वक कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बलवीर सिंह गिल दूसरी बार सरपंच निर्वाचित हुए हैं।



कार्यालय नगरपालिका संगरिया जिला-हनुमानगढ़ (राज0)

ई-निविदा सूचना संख्या 12/2026-27

नगरपालिका संगरिया द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या 12/2026-27 क्रमांक 5813 दिनांक 20.11.2026 के द्वारा राशि 15.00 लाख रूपये से 01 निर्माण/मरम्मत कार्य करवाये जाने हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदक एवं राज्य/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों व अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 30.11.2026 को शाम 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाकर दिनांक 01.12.2026 को दोपहर 03:00 बजे खोली जावेगी। निविदा सम्बंधी विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को भी डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB Code- DLB2627A9898	UBN Code- DLB2627WSOB24860

राज.संवाद/सी/26/13566 — अधिशाषी अधिकारी

कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ़-335513
स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

No. :- F.(COA/HMO/2026/447) Dated :- 17/11/2026

निविदा सूचना

वर्ष 2026-27 में कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ़ में छात्र-छात्राओं को राज्य व राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण हेतु बस (52 सीटर, 35 सीटर, 25 सीटर) एवं कार आदि किराये पर करने हेतु नीचे लिखित शर्तों के अनुसार एक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी पूर्ण भरी हुई निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 01.12.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक व्यक्तिगत या डाक द्वारा पहुँचानी होगी। प्राप्त निविदा उसी दिन दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म 500.00 नगद या अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय हनुमानगढ़ के पक्ष में देय डीडी जमा कराकर कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है।

UBN No. : SKA2627SSOB00086 — अधिष्ठाता

राज.संवाद/सी/26/13540 — कृषि महाविद्यालय, हनुमानगढ़

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक: LU2012/SGN/2026-27/101588/9122 — **लोक सूचना** — दिनांक: 23-11-2026

श्री मुकेश शाह पुत्र श्री शिव प्रसाद शाह निवासी आरएस-08 रिद्धि सिद्धि एन्कलेव, हनुमानगढ़ रोड़, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय प्रयोजनार्थ** के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् : -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं. /भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)
1	चक 5 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री मुकेश शाह पुत्र श्री शिव प्रसाद शाह	चक 5 जैड़ मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 15/4 में 0.0990 हैक्टे. में से 0.0390 हैक्टे. किला नं. 16/7 में 0.0675 हैक्टे. यथाकुल 0.1065 हैक्टेयर	कुल 0.1065 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .....को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी व वन उपज), श्रीगंगानगर

क्रमांक :- 193 — दिनांक :- 19/11/2026

NIB No. : 04 /2026-27

E-Bids are invited from Manufacturers/ Direct importers/ Authorized Dealer up to 10.00 AM of 07.12.2026 for procurement of Electronic Grading And Cleaning Unit for Fruits and Vegitable for E-nam on behalf of office of the Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Sri Ganganagar. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Sri Ganganagar or State Public Procurement Portal website "sppp.raj.nic.in" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "www.mandi.agriculture.rajasthan.gov.in" The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/-(1000+18% GST) through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Sri Ganganagar at Sri Ganganagar Details of bid are following:-

Sr.	BID Title	RFP
1.	Electronic Grading And Cleaning Unit For Fruits And Vegetables.	DAM2627RFP0001

Secretary

Raj.Samwad/C/26/13552 — Krishi Upaj Mandi Samiti (F&V), Sriganganagar

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर खण्ड-तृतीय (उत्तर), ब्रहमपुरी थाने के पीछे आमेर रोड जयपुर

क्र.स.-अअ./न.ख.ग्रा-(उ.)/2026-27/2095-3003 — दिनांक : 18.11.2026

निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पंजीकृत संवेदको जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार अधिकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में State Procurment प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदक ई-निविदा में भाग लेने हेतु अपने डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक आवश्यक है। निविदा संबंधित विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देख सकते है।

क्रम संख्या	निविदा संख्या	निविदा लागत (लाखों में)	बिड सबमिट करने की अंतिम दिनांक	यूबीएन कोड
1.	30/2026-27	18.70	30.11.26	PHE2627SLOB07071

DIPR/C/18528/2026 — (संजय कुमार शर्मा) अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग नगर खण्ड-तृतीय (उ.) जयपुर

राइसेन द इंटरनेशनल स्कूल में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गुरुपर्व



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राइसेन द इंटरनेशनल स्कूल में 23 नवंबर को सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान आध्यात्मिक गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरु पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शब्दवाणी, कीर्तन और पंच प्यारों की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु नानक देव जी के जीवन, शिक्षाओं और आदर्शों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य सतेंद्र भारती और केंद्र संचालक मुकुल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य भारती ने गुरु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु जी के मूल सिद्धांतों–नाम जपना, किरत करना और वंड छकना–के महत्व से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि सत्य, ईमानदारी, सेवा और मानवता जैसे मूल्य विद्यार्थियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा होने चाहिए। गुरु नानक देव जी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। कार्यक्रम का मंच संचालन अकादमिक को-ऑर्डिनेटर सोनिया अरोड़ा और ममता करगवाल ने किया। हेड बॉय रूहदीप ने अरदास में सहयोग कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

'नाग मंडल' का किया गया मंचन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राष्ट्रीय कला मंदिर की ओर से रविवार शाम बाबा रामदेव मंदिर के सामने स्थित चौधरी रामजस कला सदन (ऑडिटोरियम) में प्रसिद्ध नाटक 'नाग मंडल' का मंचन किया गया। प्रस्तुति में राजस्थान की लोककथा परंपरा और आधुनिक नाट्य संवेदना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

स्त्री संवेदनाओं और सामाजिक मान्यताओं पर आधारित कथा : 'नाग मंडल' की मूल कहानी प्रसिद्ध लोककथाकार विजयदान देथा की है, जबकि इसका नाट्य रूपांतरण विश्वविख्यात नाटककार गिरीश कर्नाड ने किया है। नाटक युवा स्त्री रानी के जीवन संघर्ष पर आधारित है, जिसका पति अप्पन्ना उसे उपेक्षित करता है। अकेलेपन और प्रेम की तलाश में रानी के जीवन में नाग के माध्यम से एक अनोखा मोड़ आता है। कहानी प्रेम, विश्वास, स्त्री भावनाओं और समाज की रूढ़ियों पर गहरे सवाल उठाती है।

कलाकारों के अभिनय ने बांधा समां : निर्देशक विजय जोरा ने बताया कि नाटक लोककथा और समकालीन संवेदनाओं का प्रभावी मेल प्रस्तुत करता है। कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने कहा कि प्रस्तुति ने रंगमंच प्रेमियों को संतुष्ट किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी अविनाशचंद्र सेठी, विशिष्ट अतिथि गिरधारीलाल जैन और मेहमान-ए-खास ओम प्रकाश गर्ग रहे। नाटक में सुषमा गुप्ता, ममता पुरी, ममता आहूजा, परमजीत सूफी, गौरव बलाना, उमंग शर्मा, विक्रम मोंगा, आशीष भारद्वाज, दीपक सारस्वत, भव्य गुप्ता और अंगद गिल ने प्रभावी अभिनय किया।

अधिकांश कलाकार राष्ट्रीय कला मंदिर की अभिनय कार्यशाला से प्रशिक्षित थे। सभी कलाकारों और अतिथियों का सम्मान किया गया। मंच संचालन सुनील शर्मा ने किया। प्रस्तुति ने कहानी की गहराई और संवादों की शक्ति से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

हुंडई बैयोन रैली से सड़क सुरक्षा और स्मार्ट मोबिलिटी का संदेश

सीमा सन्देश # जयपुर। स्मार्ट मोबिलिटी, अत्याधुनिक तकनीक और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने शनिवार को जयपुर में हुंडई बैयोन स्मार्ट मोबिलिटी एवं रोड सेफ्टी अवेयरनेस रैली का आयोजन किया। 'ड्राइव सेफ-लिव सेफ-बिल्ड ए सेफर जयपुर' थीम पर आयोजित रैली को कंपनी के रीजनल सेल्स हेड दिग्विजय विलासराव पाटिल और मार्केटिंग मैनेजर अखिलेश दाधीच सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सी-स्कीम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों और विभिन्न हुंडई शोरूमों से होकर गुजरी।



कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस आधुनिक तकनीक : हुंडई बैयोन में इन-बिल्ट जेनरेटिव एआई वॉइस असिस्टेंट दिया गया है, जो मौसम, यात्रा, होटल और अन्य जानकारियां सहज बातचीत के माध्यम से उपलब्ध कराता है। वाहन में 12.3 इंच के दो कर्व्ड पैनोरमिक डिस्प्ले, एनवीडिया आधारित कनेक्टेड कार नेविगेशन कॉकपिट, 70 से अधिक ब्ल्यूलिंक कनेक्टेड फीचर्स तथा ओवर-द-एयर (ओटीए) अपडेट की सुविधा दी गई है।

आराम और सुरक्षा का बेहतरीन मेल : वाहन में इलेक्ट्रिक आठ-वे ड्राइवर सीट, फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें, 505 लीटर बूट स्पेस, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी और प्रीमियम साउंड सिस्टम उपलब्ध है। सुरक्षा के लिए 23 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स, छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और पांच-स्टार भारतीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार बॉडी स्ट्रक्चर दिया गया है।

आकर्षक ऑफर और सड़क सुरक्षा का संदेश : कंपनी ने बैयोन की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये रखी है। सीमित अवधि के लिए ग्राहकों को विशेष लाभ, विस्तारित वारंटी तथा अन्य ऑफर दिए जा रहे हैं। टेस्ट ड्राइव लेने वाले ग्राहकों को विशेष पुरस्कार जीतने का अवसर भी मिलेगा। रैली के माध्यम से सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, यातायात नियमों के पालन, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और जिम्मेदार ड्राइविंग का संदेश दिया गया। कंपनी ने कहा कि स्मार्ट मोबिलिटी का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के साथ सुरक्षित और बेहतर ड्राइविंग अनुभव उपलब्ध कराना है।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) श्रीकरणपुर

क्रमांक/भू.अ./2401 — दिनांक: 20.11.2026

विज्ञप्ति

श्री सतविन्द्र कौर पत्नी सतनाम सिंह जाति राजपूत निवासी 22 एच चक 22 एच के खाता नम्बर... मु.न. 34,48 की कुल 0.224 है. कृषि भूमि की वसीयत दिनांक 15.11.2021 को सर्वश्री बलवन्त सिंह पुत्र सतनाम सिंह जाति राजपूत चक 22 एच तह. श्री करणपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.) के पक्ष में की है के इन्तकाल का प्रकरण इस न्यायालय में जेरकार है उक्त वसीयत के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

तहसीलदार (भू.अ.) श्रीकरणपुर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- नपानो/कृ.भू.रू./2026-27/5614 — दिनांक :- 19/11/26

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री अवतार सिंह व श्री जसमेल सिंह पुत्रान श्री अमरजीत सिंह जाति छिम्पा सिख निवासी कस्बां नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.) द्वारा कस्बां नोहर के वार्ड नं. 24 बिहाणी रोड पर पुराने थाने के सामने नोहर में आवासीय भूखण्ड का साईज 1966.86 वर्गफुट यानि 182.79 वर्गमीटर का आवासीय भूमि से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन कराने हेतु निर्धारित प्रारूप के तहत प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है। अतः कस्बां नोहर के वार्ड नं. 24 बिहाणी रोड़ पर पुराने थाने के सामने नोहर में आवासीय भूखण्ड का साईज 1966.86 वर्गफुट यानि 182.79 वर्गमीटर का आवासीय भूमि से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने के संबंध में किसी को कोई ऐतराज हो तो 15 दिवस में कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति मय सबूत प्रस्तुत करें। अन्यथा समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहे। **अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका नोहर**

सूचना/समन (आदेश 5, नियम 20 सी.पी.सी.)
न्यायालयः उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर
वाद संख्याः 345 / 2025
वादीगणः रामस्वरूप आदि बनाम प्रतिवादीगणः कृष्ण लाल आदि

सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से प्रतिवादी बद्रीप्रसाद पुत्र रामकरण जा

वर्ग पहली क्रमांक 7987



ó *बायें से दायें:-* 3) कोशिश, 5) अंतिम शय्या, 7) हमेशा, 8) छटपटाना, 9) बेफ़िक्र, 12) सत्य, 14) कवच, 15) आसपास, 16) विपरीत, 17) वरिष्ठ, 18) धोबी, 20) बोलना, 23) अक्षरज्ञ, 24) खिसकाना, 25) मेंढक, 26) बलग़म, 28) प्रदर्शित; प्रकट, 29) न ऊँचा न नीचा; सपाट.

ó *ऊपर से नीचे:-* 1) लगभग, 2) भुजंगभोजी नकुल, 3) किस्म, 4) पेंदा, 5) जुड़ना, 6) कपड़ा लंबाई; व्यंगपूर्ण चुटीली बात, 10) खुला मैदान, 11) सत्य, 13) मेघविद्युत, 14) जोड़ का, 17) खुदकुशी, 19) सफ़ाई कर्मचारी, 21) गति-विधि, 22) शवयात्रा, 23) एक पक्षी, 27) नतीजा; वृक्ष से मिलनेवाला खाद्य पदार्थ - (उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

बे	फ़ा	य	दा			म	क़ी	चू	स
रो			व	फ़ा	प	र			दी
ज़	ह	म	त			त	ब	क़	
गा		हा		का	रो	बा	र		न
र	वा	न	गी		क		त	मा	म
	प	ता		अ	ड़	च	न		की
धू	स		आ	म		तु		नो	न
म			स	ल	गि	र	ह		प
ना	मं	जू	र		ट्टी		ज	हा	न

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 24 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं -

1877- अन्ना सेवेल के प्रभावशाली पशु कल्याण उपन्यास ब्लैक ब्यूटी पहली बार प्रकाशित हुई थी, जो अब तक की सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तकों में से एक थी।

1903- क्लाइड कोलमैन ने ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्टार्टर का पेटेंट कराया।

1906- एक स्थानीय समाचार पत्र ने दो टीमों के सदस्यों पर जानबूझकर गेम हारने का आरोप लगाया, जो अमेरिकी फुटबॉल में पहला बड़ा घोटाला था।

1914- बेनिटो मुसोलिनी को इटालियन समाजवादी पार्टी से बाहर निकला गया।

1961- विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) को संयुक्त राष्ट्र के अस्थायी कार्यक्रम में शामिल किया गया।

1966- कांगो की राजधानी किंसासा में पहला टीवी स्टेशन खुला।

1969- अपोलो 12 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटते समय प्रशांत महासागर में गिरा।

1976- पूर्वी तुर्की में ओलादिरन-मुरादी के भूकंप ने कम से कम 4,000 लोगों की जान गईं।

1988- एंटी डिफेक्सन कानून के तहत पहली बार लोकसभा सांसद लालदूहोमा को अयोग्य करार दिया गया।

1988- लोकप्रिय अमेरिकन पंथ टेलीविजन कॉमेडी मिस्ट्री साइंस थियेटर 3000 केटीएमए पर अपनी शुरूआत किया।

2006- यूरोपीय संघ (ईयू) एक सम्मेलन में रूस व्लादिमीर पुतिन के राष्ट्रपति की मेजबानी की। पोलैंड ने यूरोपीय संघ-रूस भागीदारी वार्ता की शुरूआत की थी।

2007- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ आठ वर्षों के निर्वासन के बाद स्वदेश पहुंचे।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 25 नवंबर (एनएनएस) बुधवार मार्गशीर्ष वदी प्रतिपदा को मोटे चावल, जौ, जई, गेहूं, मसूर, देशी चना, ग्वार गम, धनिया, मेथी, कालीमिर्च, किशमिश, लालमिर्च, दालचीनी, हल्दी, बादाम, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला तेल, देशी घी, दूध पाउडर, पीतल, सीसा में लाभ तथा बासमती चावल, मक्की, बाजरा, मोठ, मूंग, उड़द, तुवर, राजमा चित्रा शमीर्ली, सोयाबीन, लोबिया, चिरौंजी, अंजीर, अमचूर, लौंग, बड़ी इलायची, गोला, छोटी इलायची, गोंद, जीरा, सौंफ, पिस्ता, टिन, कॉपर निकिल, सोना-चांदी आदि में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-5-6-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 6.53 बजे प्रातः से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगी।

आज का राशिफल

24 नवम्बर सोमवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, नक्षत्र - कृत्तिका, योग - परिघ, करण - विष्टि, दिशाशूल - उत्तर, सूर्योदय 6.53 बजे, सूर्यास्त 5.33 बजे।

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मेष, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध-कन्या, सूर्य-तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : आज धन-संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ : आज रिश्तों में चल रही समस्याएं सुलझाने का प्रयास करें। करियर में तरक्की के अवसर मिलेंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

मिथुन : आज प्रेम संबंधों को समय दें और छोटी समस्याओं को बातचीत से सुलझाएं। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं।

कर्क : आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखने का प्रयास करें। करियर में नए अवसर मिलेंगे और धन व स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी रहेगी।

सिंह : आज प्रेम जीवन में खुशियां आएंगी और नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और संपत्ति से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें।

कन्या : आज प्रेम संबंधों में अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।

तुला : आज कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर मिलेंगे और आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है, इसलिए सावधानी रखें।

वृश्चिक : आज प्रेम और कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिलने के योग हैं। आर्थिक मामलों में समझदारी से निवेश की योजना बना सकते हैं।

धनु : आज परिवार और करीबियों के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। सोच-समझकर लिए गए फैसले आर्थिक स्थिरता बढ़ाएंगे।

मकर : आज मेहनत और ईमानदारी से किए गए कार्यों में प्रगति मिलेगी। अनावश्यक खर्चों से बचें और आर्थिक फैसले सोच-समझकर लें।

कुंभ : आज आराम और सकारात्मक सोच से रचनात्मकता बढ़ेगी। रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए अपनों के साथ समय बिताएं।

मीन : आज सोच-समझकर लिए गए फैसले लाभदायक साबित हो सकते हैं। नियमित दिनचर्या अपनाएं और रिश्तों में प्रेम व विश्वास बनाए रखें।

नहरों में सिंचाई पानी की किल्लत, समाजसेवी चाण्डक ने मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

सिंचाई शेयर बढ़ाने की मांग ताकि फसलों का पकाव व बुवाई हो सके

सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर। बाधों में घटते जलास्तर और नहरों में सिंचाई पानी की भारी किल्लत का सीधा असर इस बार रबी सीजन की बुवाई में दिखाई दे रहा है इसको लेकर समाजसेवी अशोक चांडक ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर सिंचाई पानी पूर्ण मात्रा में उपलब्ध करवाने की मांग की है।



प्रेषित पत्र में श्री चांडक ने अवगत करवाया कि श्रीगंगानगर जिले की जीवनदायनी गंगनहर में 1800 क्यूसेक निर्धारित शेयर के मुकाबले 291 क्यूसेक कम यानी की 1509 क्यूसेक कृषि पानी मिल रहा है। इससे 15 से 18 दिन में बारी आ रही है । गत वर्ष इस समय 1825 से 1900 क्यूसेक पानी चल रहा था जिले में रबी फसलों की बुवाई की रफ्तार पिछले वर्ष के मुकाबले काफी धीमी है। बहुत चिंता का विषय है कि अब तक निर्धारित 714680 हेक्टर के कुल बुलाई बुवाई लक्ष्य के विरुद्ध केवल 439024 हैक्टयर क्षेत्र में ही बुवाई हो सकी है।

लक्ष्य पूरा होने में बना संशय

गत वर्ष की तुलना में करीब 2.75 लाख हेक्टर कम है कम पानी वाली फसलों सरसों, जौ, चना की बुवाई का अनुकूल समय 20 दिसम्बर को समाप्त हो चुका है । अब निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का दारोमदार केवल गेहूं पर ही टिका है । एक महीने में 275565 हेक्टर रकबे में बुवाई करनी होगी। नहरों में पानी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस लक्ष्य के पूरा होने पर संशय बना हुआ है । श्रीगंगानगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां के लोगों का जीवन यापन कृषि पर ही निर्भर है । श्री चांडक ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री तथा मुख्यमंत्री महोदय को निवेदन किया है भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड से सिंचाई शेयर बढ़ाया जाए ताकि समय पर गेहूं की बुवाई और फसलों का उचित पकाव संभव हो सके।

बिछड़ा भाई परिवार से मिला



सूरतगढ़। गुरु भरोसा सेवा संस्था ने ढाई साल से परिवार से बिछड़े गुजरात निवासी महेंद्र कुमार को उपचार और देखभाल के बाद परिजनों से मिलवाया। संस्था के मुख्य सेवादार सिकंदर सिंह, कृष्ण चौधरी व धनवीर सिंह हुंदल ने बताया कि 17 अगस्त को राजकीय रेलवे पुलिस चौकी के निर्देशन में मानसिक तनाव से ग्रस्त महेंद्र को संस्था में आश्रय दिया गया था। जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर में डॉ. प्रेम अग्रवाल के निर्देशन में उसका उपचार कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार के बाद महेंद्र ने अपने घर का पता और भाई का मोबाइल नंबर बताया। वीडियो कॉल से पहचान होने पर उसका भाई सुरेश कुमार लालवानी भुज (कच्छ, गुजरात) से सूरतगढ़ पहुंचा। दोनों भाइयों का भावुक मिलन हुआ। परिवार ने संस्था के सेवादारों का आभार जताया।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में क्रिसमस उत्सव की हुई शुरूआत

जयपुर। आगामी क्रिसमस के स्वागत में पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (पीआईएचएम) में पारंपरिक 'केक मिक्सिंग सेरेमनी' का आयोजन किया गया। समारोह में फैकल्टी, विद्यार्थियों और अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सांस्कृतिक विविधता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान किशमिश, रेड चेरी, ऑरेंज पील, खजूर, खुबानी, अंजीर, प्रून, अखरोट, काजू, बादाम और पिस्ता सहित विभिन्न ड्राई फ्रूट्स व मेवों को फ्रूट जूस, गोल्डन सिरप, शहद, वनीला एसेंस तथा इलायची, दालचीनी और लौंग जैसे सुगंधित मसालों के साथ पारंपरिक तरीके से मिलाया गया। पूरे संस्थान को आकर्षक क्रिसमस थीम से सजाया गया। पीआईएचएम के निदेशक सुनील भार्गव



ने कहा कि केक मिक्सिंग सेरेमनी केवल एक पाक परंपरा नहीं, बल्कि एकता, सहयोग और खुशियां साझा करने का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें हॉस्पिटैलिटी उद्योग की सांस्कृतिक एवं व्यावहारिक परंपराओं से परिचित कराते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि केक मिक्सिंग की परंपरा 17वीं शताब्दी के ब्रिटेन से जुड़ी है, जहां फसल कटाई के बाद ड्राई फ्रूट्स और मसालों को मिलाकर क्रिसमस के पारंपरिक प्लम केक और पुडिंग तैयार की जाती थी। आज यह परंपरा दुनिया भर के होटलों और हॉस्पिटैलिटी संस्थानों में उत्साह के साथ निभाई जाती है।

प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित

श्रीगंगानगर। राजस्थान रीडिंग प्रमोशन कैंप 2026-27 के तहत पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मटका चौक में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित हुई। प्रधानाचार्य परमवीर सिंह बराड़ ने बताया कि विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करने के उद्देश्य से पोस्टर निर्माण, चित्र प्रदर्शनी, लेखन एवं पठन सामग्री आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य तथा विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक और अभिभावकों की साझा भूमिका पर चर्चा हुई।

पल्स पोलियो अभियान का किया निरीक्षण



रत्तेवाला। श्रीगंगानगर जिले में चल रहे पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को आरसीएचओ श्रीमती ज्योत्सना चौधरी एवं गगनदीप ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रत्तेवाला क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान रत्तेवाला बस स्टैंड स्थित बूथ पर आरसीएचओ ने एक बच्चे को पोलियो रोधी खुराक पिलाई। उन्होंने अभियान की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएनएम किरणजीत कौर, अभियान सुपरवाइजर महेश ठाकुर, वैक्सीनेटर बलजीत सिंह और रमेश कुमार सहित स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

सरस्वती शिक्षण सदन उद्योग विहार में सुखमणी साहब का पाठ

श्रीगंगानगर। सरस्वती शिक्षण सदन एज्युकेशनल ग्रुप, 11 एलएनपी उद्योग विहार द्वारा 23 नवम्बर को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक रागी सेवक जत्था भाई नौनिहाल सिंह जी द्वारा श्री गुरुनानक देव जी की जयन्ती उपलक्ष्य में शौर्य नेचर वे प्रागंण में सुखमणी साहिब का पाठ एवं शब्द कीर्तन किया गया। कीर्तनी जत्थे ने श्री गुरूनानक देव जी द्वारा बताये रास्तों पर चलने का आह्वान किया। आयोजन में संस्थाध्यक्ष डॉ. बलराज जाखड़, कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरमीत सिंह मल्होत्रा, पी.जी. कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, शिक्षा महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूजा रानी, कॉन्वेंट सी.सै. स्कूल



की प्रधानाचार्या डॉ. अंजली जैन एवं समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों तथा साध-संगत ने गुरुपर्व पर बही इस भक्ति-धारा में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। सुखमनी साहिब पाठ के रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन एवं अरदास की। रागी जत्थे को संस्थाध्यक्ष डॉ. बलराज जाखड़ ने सिरोपा भेंट कर सत्कार किया। सभी विद्यार्थियों एवं स्टॉफ सदस्यों को कडाहा प्रसाद तथा अल्पाहार वितरित किया गया। रागी जत्थे ने अरदास एवं गुरु वाणी से उपस्थित संगत को गुरुपर्व की शुभकामनाएँ दी।

गंगनहर का वरीयताक्रम

24 नवम्बर 2026, मंगलवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एलएनपी	527 (7)	18 नवम्बर सायं 3 बजे	26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	625 (7)	18 नवम्बर रात्रि 9 बजे	26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	656 (6)	19 नवम्बर दोपहर 12 बजे	26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
बीबी	854 (6)	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे	27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
जैड	1009 (5)	20 नवम्बर सायं 3 बजे	27 नवम्बर रात्रि 12 बजे
डी-भागसर	1027 (4)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	1068 (4)	21 नवम्बर रात्रि 12 बजे	29 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एच	1375		
पीएस	1535		
समेजा	1737		
आरबी	2007		
एचएच	2042		
रिड़मलसर	2053		
फार्म	2114		
एफ	2617		24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
ईईए	2677		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
केके	2690		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
करणीजी	3020		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
जीजी	3221		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	3242		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	3264		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए	3305		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल	3365		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में सोमवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1568 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6335	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5237
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

सोमवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 23.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1629.69
पानी की आवक - 7255 क्यूसेक, निकासी- 9643 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1348.65
पानी की आवक- 2607 क्यू., निकासी- 10076 क्यू., बीकानेर - 1998

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8146-5375 (आ. 952 क्विं.), ग्वार 7879-7201 (आ. 395 क्विं.), नरमा 9200-8250 (आ. 3364 क्विं.), सरसों 9901-9310 (आ. 179 क्विं.), कपास 9226-7800 (आ. 101 क्विं.), गेहूं 2780-2690 (आ. 166 क्विं.), मक्का 2940-2900 (आ. 115 क्विं.), बाजरा 2754-2705 (आ. 10 क्विं.), **घड़साना :** मूंग 8490-6705, नरमा 8205-8800, ग्वार 7845-7405, सरसों 10,408, मूंगफली 7625-7000, **जैतसर:** सरसों 9928-10031, मूंग 8110-8500, ग्वार 7891-8101, नरमा 8900-9276, बाजरी 2682, धान 4225, **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2200-2850, सरसों 5500-10050, पीली सरसों 6200-10005, ग्वार 6500-7900, मूंग 5000-8150, नरमा 8000-9151, बाजरी 2000-2771, कपास 7000-8905, **गजसिंहपुर:** सरसों 9570-10157, ग्वार 7300-7865, मूंग 7300-8295, नरमा 8500-9125, कपास 8550-8711, बाजरा 2725, चना 6411, गेहूं 2601, **रायसिंहनगर:** ग्वार 7500-7891, सरसों 10,055, बाजरी 2800, मूंग 7400-8508, नरमा 8800, **श्रीकरणपुर:** नरमा 9467-8752, कपास 8585, ग्वार 7812, बाजरा 2814-2790, मूंग 7890-6000, चना 6775, **श्रीबिजयनगर:** नरमा 9131-8900, ग्वार 8050-7611, मूंग 8270-7891, गेहूं 2779, बाजरी 2685, कपास 8780-8680, **अनूपगढ़ :** नरमा 9181-8700, धान 4800-1915, सरसों 10161-8500, ग्वार 7951-7200, मूंग 8311-7300, बाजरा 2851-2700, गेहूं 2760-2715, कपास 8901-8600,

किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल



13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 205-210 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 210-215 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2450रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-165 रु., तेल रिफाइंड 145-155 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 520-660 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 10500-11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 610 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 710 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 710 रु. प्रति लीटर।

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8866, नरमा 9000, बाजरा 2621, ग्वार 7841, मूंग 7780, धान पीआर 2205, धान मुछल 4795, **डबली राठान :** नरमा 8800, गेहूं 2750, बाजरा 2500, धान मुछल 4484, **हनुमानगढ़ टाऊन :** कपास 8850, नरमा व्यापारी 8950, बाजरा 2561, ग्वार 7596, मूंग 7800, धान पीआर व्यापारी 2400, **रावतसर:** कपास 8551, नरमा 9025, गेहूं 2770, जौ 2850, बाजरा 2630, ग्वार 7852, चना 6750, मूंग 7931, मोठ 8990, सरसों 9395, तिल 19600, अरण्डी 6851, मूंगफली 7661, **नोहर :** ग्वार 7700, चना 7400, मूंग 8000, तिल 20000, अरण्डी 7500, मूंगफली 7550, **भादरा :** ग्वार 7800, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8940, गेहूं 2695, बाजरा 2700, ग्वार 7461, मूंग 7300, सरसों 9488, मक्का 2865, **गोलूवाला :** कपास 7901, नरमा 9050, गेहूं 2770, बाजरा 2710, ग्वार 7900, मूंग 8130, सरसों 9673, तिल 16000,

वेटरनरी विद्यार्थियों ने पुष्कर पशु मेले का भ्रमण किया

बीकानेर। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि, बीकानेर के वेटरनरी महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले का भ्रमण किया। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास की पहल पर आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पशुओं की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था। डीन प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि पुष्कर पशु मेला धार्मिक आस्था, पशु व्यापार और राजस्थानी संस्कृति का अनूठा संगम है। विद्यार्थियों ने मेले में देश-प्रदेश से आए विभिन्न नस्लों के अश्व, ऊंट, बकरी सहित अन्य पशुओं का अवलोकन किया तथा पशुपालकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने बताया कि भ्रमण से विद्यार्थियों को पशुओं के गुण, स्वभाव और विशेषताओं को प्रायोगिक रूप से जानने का अवसर मिला। दल का नेतृत्व डॉ. अमित कुमार और डॉ. कुसुमलता ने किया।

राजकोप ऐप व महिला सलाह केंद्र की दी जानकारी

आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ, आत्मविश्वास पर जोर



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

राज्य सरकार की महिला सशक्तीकरण पहल के तहत रानी लक्ष्मीबाई केंद्र के माध्यम से 24 दिवसीय निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कमलजीत सिंह, डॉ. रंजीत कौर तथा समिति सदस्य सरस्वती देवी ने किया। केंद्र प्रभारी पारुल भटेजा ने बताया कि पहले दिन पुलिस विभाग की प्रशिक्षिका भगवती ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षिका भगवती ने अपने वास्तविक जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक बालिका के लिए आत्मरक्षा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा की पहली व सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी आत्मविश्वास है, क्योंकि विषम परिस्थितियों में भय और आत्मविश्वास की कमी सबसे बड़ी बाधा बनती है। इसलिए छात्राओं को निडर होकर परिस्थितियों का सामना करना सीखना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को राजस्थान पुलिस के राजकोप सिटीजन ऐप की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपनी समस्याएं परिवार से खुलकर साझा करें और चुप रहने के बजाय उचित सहायता लें। यह 24 दिवसीय शिविर राजस्थान सरकार द्वारा पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महाविद्यालय व अन्य निजी शिक्षण संस्थानों की छात्राओं सहित कोई भी इच्छुक बालिका भाग ले सकती है। इस अवसर पर डॉ. महबूब मुगल, डॉ. सुनील पूनिया, पीतांबर मंगानी, लक्ष्मीदेवी नंदा, पवन ओझा, राकेश शर्मा, पालकौर सहित संकाय सदस्य मौजूद रहे। अंत में डॉ. श्रुति जैन ने आभार जताया।

सादुलपुर में कांग्रेस को समर्थन, तीन निर्दलीय पार्टी में शामिल



सीमा सन्देश # सादुलपुर

पंचायत समिति चुनाव के बाद बोर्ड गठन को लेकर चल रही राजनीतिक गतिविधियों के बीच कांग्रेस को सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में तीन निर्दलीय निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का समर्थन मिला है। पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में राजगढ़, चांदगोठी और सिधमुख पंचायत समितियों के तीन सदस्यों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल होने वालों में राजगढ़ पंचायत समिति के वार्ड संख्या 9 से निर्दलीय निर्वाचित कौशल्या श्योराण, चांदगोठी पंचायत समिति के वार्ड संख्या 6 से सरती कड़वासरा तथा सिंधमुख पंचायत समिति के वार्ड संख्या 10 से मोगेराम जांगिड़ शामिल हैं। जानकारी के अनुसार कौशल्या श्योराण ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस को समर्थन दिया है। वहीं सरती कड़वासरा ने कांग्रेस के पक्ष में समर्थन की घोषणा की। मोगेराम जांगिड़ के कांग्रेस में शामिल होने को क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया गया कि वे करीब चार दशक तक भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। तीनों सदस्यों के कांग्रेस में आने से तीनों पंचायत समितियों में बोर्ड गठन को लेकर राजनीतिक समीकरण बदलने लगे हैं। कांग्रेस नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी के लिए उनके सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

गोशाला में चारा व गुड़ अर्पित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर अग्रोहा विकास ट्रस्ट की ओर से गौशाला कुंडलावाली में मासिक गौ सेवा कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक माह नियमित रूप से गौ सेवा का यह आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य गौ संरक्षण और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश सिंघल ने की। इस दौरान गौशाला में गौ माता के लिए 10 क्विंटल हरा चारा और 108 किलोग्राम गुड़ की सेवा की गई। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्वयं गायों को चारा और गुड़ खिलाकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में राजदीप टांटिया, सुभाष गोयल, नानक जैन, अंकित मित्तल, डॉ. मोनिका टांटिया, ज्योति गोयल और नरेंद्र गोयल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। ट्रस्ट सदस्यों ने नियमित गौ सेवा कार्यक्रम जारी रखने और अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सेवा कार्यों से जोड़ने का संकल्प लिया। अंत में सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

रायसिंहनगर में हादसा: बस ने कई रेहड़ियों को रौंदा, होटल में जा घुसी

मरम्मत के दौरान अचानक स्टार्ट हुई बस, मैकेनिक की कुचले जाने से दर्दनाक मौत

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

स्थानीय बस स्टैंड परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब मरम्मत के लिए खड़ी एक बस अचानक स्टार्ट होकर बेकाबू हो गई। इस भीषण हादसे में बस की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवा मैकेनिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान समीपवर्ती गांव लिखमेवाला निवासी मनीष के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस स्टैंड में एक बस की मरम्मत (रिपेयरिंग) का कार्य चल रहा था और मैकेनिक मनीष बस के नीचे या उसके बेहद करीब रहकर तकनीकी खराबी को ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक बस स्टार्ट हो गई और तेजी से आगे बढ़ने लगी। संभलने का मौका न मिलने के कारण मनीष बस के पहियों



की चपेट में आ गया, जिससे कुचले जाने के कारण उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बेकाबू हुई बस यहीं नहीं रुकी और स्टैंड परिसर में खड़ी कई रेहड़ियों को अपनी चपेट में लेते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद बस पास ही स्थित एक होटल की दीवार से जा टकराई और दुर्घटनाग्रस्त होकर रुक गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से पूरे बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

बाल-बाल बचे रेहड़ियों वाले: गनीमत रही कि होटल और रेहड़ियों के आसपास मौजूद अन्य लोग समय रहते संभल गए, जिससे एक और बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद से मृतक के गांव लिखमेवाला और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

आर बी नहर मोड़ पर हादसों का खतरा

कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली के बस स्टैंड के पास आर बी नहर पर विकट मोड़ और जुड़े एक अन्य मार्ग के कारण अब तक एक दर्जन से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं। भविष्य में दुर्घटनाएं रोकने के लिए भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष मामराज सुथार ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के बीकानेर स्थित आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मामराज ने राज्य हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई है। श्रीगंगानगर से पहली बार आने वाले चालक मोड़ और सड़क की स्थिति न भांप पाने से वाहन पर नियंत्रण खो बैठते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है।

उल्लास के साथ मनाया जाएगा गुरपर्व

कीकरवाली। क्षेत्र के गांवों में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव मनाने के लिए गत तीन चार दिनों से गुरु घरों में तैयारियां की गई। रविवार से लडीवार पाठ रखें गये है। गांव 58 आर बी के गुरुद्वारा में निशान साहिब को नया चोला पहनाया गया है। मंगलवार को गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अखंड पाठ के बाद अटूट लंगर बरताया जाएगा। इसके अलावा अन्य गांवों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के पर्व को लेकर पंजाबी बेल्ट के गांवों में उत्साह का माहौल देखने को मिला है।

हादसों के मोड़ पर फिर दुर्घटना, बिनौलों से भरा ट्रोला पलटा



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। श्री करणी माता मंदिर के पास मेगाहाईवे का खतरनाक मोड़ एक बार फिर हादसे का कारण बन गया। शनिवार रात कपास के बिनोलों से भरा ट्रोला अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलट गया। दुर्घटना के बाद बाईपास रोड पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि गनीमत रही कि हादसे के समय आसपास कोई छोटा वाहन नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार अनूपगढ़ से कपास के बिनोलों से भरा ट्रोला बठिंडा की ओर जा रहा था। शनिवार रात करीब 11 बजे श्री करणी माता मंदिर के पास हाईवे के मोड़ पर चालक परमजीत सिंह निवासी जैतसर ट्रोले से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद ट्रोला डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। हादसे में चालक परमजीत सिंह और खलासी निवासी 4डीएलबी को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने सहायता की। बाद में काफी मशक्कत के बाद ट्रोले को सीधा करवाकर यातायात सुचारू करवाया गया।

बार-बार हादसों के बावजूद नहीं सुधरा हाईवे का मोड़: श्री करणी माता मंदिर के पास मेगाहाईवे का यह मोड़ लंबे समय से वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार मोड़ की गोलाई तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं होने के कारण यहां तेज गति से आने वाले वाहन अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं। पूर्व में भी इस स्थान पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जनहानि तक हो चुकी है।

स्थायी समाधान की मांग, विभाग से कार्रवाई की उम्मीद: स्थानीय लोगों का कहना है कि मेगाहाईवे प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को कई बार इस मोड़ को दुरुस्त करवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से इस गंभीर समस्या पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मोड़ का तकनीकी सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इस स्थान पर आवश्यक सुरक्षा उपाय और स्थायी सुधार कार्य करवाना बेहद जरूरी है।

रतनगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस मजबूत, प्रधान पद के लिए जोड़-तोड़ तेज

रतनगढ़। पंचायत समिति सदस्य चुनाव के परिणामों के बाद अब प्रधान पद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। 29 वार्डों वाली रतनगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस ने मत प्रतिशत के आधार पर भाजपा पर 5.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। वहीं आरएलपी ने 15.46 प्रतिशत मत प्राप्त कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रधान बनाने के लिए 15 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। कांग्रेस के 14 सदस्य निर्वाचित हुए हैं, जबकि निर्दलीय सदस्य हरिराम जाट के समर्थन से पार्टी बहुमत के आंकड़े के करीब पहुंच गई है। चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा 14 निर्वाचित सदस्यों और निर्दलीय सदस्य को लेकर कैंप में पहुंचे। कांग्रेस के सदस्य रविवार को निर्वाचन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। बताया जा रहा है कि प्रधान चुनाव तक कांग्रेस समर्थित सदस्य कैंप में रहेंगे। वहीं भाजपा के छह निर्वाचित सदस्य भी कैंप में ठहरे हुए हैं। दोनों प्रमुख दल प्रधान पद पर कब्जे के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। निर्दलीय और अन्य सदस्यों के समर्थन को लेकर भी सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। अब सभी की निगाहें प्रधान पद के चुनाव पर टिकी हैं, जहां पंचायत समिति की सत्ता का फैसला होगा।

प्रकाशोत्सव की तैयारियां; श्रीकरणपुर में गुरुद्वारा, मंदिर और नौ घरों में संगत के लिए सजे लंगर

थां-थां ते लंगर चलदे, एह किरपा बाबे नानक दी!

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में निकाली जा रही प्रभात फेरियों में सेवा और श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिल रहा है। अक्सर संगतों द्वारा गाए जाने वाले शब्द 'थां-थां ते लंगर चलदे, एह किरपा बाबे नानक दी' रविवार को पूरी तरह साकार होते नजर आए। श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति की ओर से आयोजित प्रभात फेरियों में शामिल संगतों के लिए गुरुद्वारा, मंदिर सहित नौ स्थानों पर लंगर-प्रसाद की व्यवस्था की गई।

नौ स्थानों पर संगत की सेवा: प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं को विभिन्न स्थानों पर ड्राई फ्रूट युक्त दूध, पाव भाजी, पालक पकोड़े और ब्रेड पकोड़े सहित प्रसाद वितरित किया गया। ब्राह्मण धर्मशाला स्थित श्री बालाजी मंदिर में ड्राई फ्रूट वाली खीर



का वितरण किया गया। वहीं गुरुद्वारा सिंह सभा में संगत को ब्रेड पकोड़े और चाय का प्रसाद दिया गया। पुरानी धान मंडी के पिड़ संख्या-4 में प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुसार छोले-पूरी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। गुरु नानक नामलेवा परिवारों की ओर से भी प्रतिदिन श्रद्धा और समर्पण के साथ संगत की सेवा की जा रही है।

सेवादारों का किया सम्मान: गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक समिति की ओर से स्त्री सत्संग सभा की प्रमुख बहन ने श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा की अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी रीतू तनेजा को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। समिति सचिव सत्येंद्र कुमार सलूजा ने सिंह सभा से जुड़ी संगत को गुरु नानक जयंती समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

आज मनाया जाएगा प्रकाशोत्सव: गुरु नानक जयंती समारोह 24 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह पाठ भोग के बाद दीवान सजाया जाएगा और लंगर बरताया जाएगा। दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके समापन के बाद शाम 7 बजे रंगीन आतिशबाजी का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं में समारोह को लेकर उत्साह बना हुआ है।

सरपंच प्रत्याशियों के चुनाव व्यय विवरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा

श्रीविजयनगर। पंचायत राज आम चुनाव 2026 के तहत पंचायत समिति श्रीविजयनगर की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच पद के अभ्यर्थियों की ओर से प्रस्तुत चुनाव व्यय विवरण की सूची संकलित कर उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर आमजन के अवलोकनार्थ चस्पा की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के आदेशों की पालना में यह कार्रवाई की गई है। सूची में सरपंच अभ्यर्थियों की ओर से प्रस्तुत प्रपत्र-क (चुनाव व्यय विवरण) का ब्यौरा शामिल है। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय की ओर से आमजन को सूचित किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति को चुनाव व्यय विवरण के संबंध में कोई आपत्ति है तो वह अपना लिखित अभ्यावेदन कार्यालय समय के दौरान उपखंड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में 27 नवंबर तक प्रस्तुत कर सकता है।

कार्यक्रम | परिवार ने करवाया निर्माण, नगरपालिका करेगी विकास कार्य, इंटरलॉकिंग की घोषणा

सुनील श्रीमाल की स्मृति में कल्याण भूमि में पार्किंग शैड का लोकार्पण

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

मुख्य कल्याण भूमि में स्व. सुनील श्रीमाल की स्मृति में उनके परिवार की ओर से निर्मित पार्किंग शेड का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ लोकार्पण किया गया। स्व. सुनील श्रीमाल के पिता भीखाराम श्रीमाल, उनके भाई-भाभी मनोज-मधु जैन तथा भतीजे योग्य ने पार्किंग शैड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कल्याण भूमि परिसर की उत्तर दिशा में इंटरलॉकिंग करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगरपालिका की ओर से कल्याण भूमि के विकास कार्यों में



पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने सहायक अभियंता महेंद्र थालोड़ को स्थल निरीक्षण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए।

विधायक निधि से सहयोग का आश्वासनः कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया ने विधायक डूंगरराम गेदर की विधायक निधि से सहयोग करवाने तथा व्यक्तिगत स्तर पर भी सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कल्याण भूमि के विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग की बात कही।

दानदाताओं का किया सम्मानः कल्याण भूमि सेवा समिति की ओर से पार्किंग शेड निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाताओं भीखाराम श्रीमाल, मनोज जैन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राठौड़, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष परसराम भाटिया का सम्मान किया गया। समिति संरक्षक डॉ. केएल बंसल, अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष सोहन पुरी, कोषाध्यक्ष संजय बैद, सहसचिव भीम जोशी एवं प्रवक्ता नवल किशोर भोजक ने सम्मान किया।

बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयः कार्यक्रम के बाद समिति अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें कल्याण भूमि एवं मंदिर के दानपात्रों से प्राप्त राशि को कोष में जमा करवाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कल्याण भूमि के एक अस्थायी कर्मचारी तथा माली के स्थान पर मीठू को नए कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नागपाल, संगीता जैन, यश जैन, विक्रम सिंह राठौड़, सत्यनारायण छींपा, सुभाष सोनी, भरत पुरोहित, मनोज सोमानी, इंजी. मांगीलाल रांका, सुभाष शर्मा, ठाकुर सिंह भमराह, सुरेंद्र चोपड़ा, भरत ऋषि रांका, नितेश सोमानी, गणेशाराम ढूकिया, चेतन खत्री, पत्रकार शिवशंकर सारड़ा एवं कल्याण भूमि प्रबंधक हेमशंकर शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रवक्ता नवल किशोर भोजक ने आभार व्यक्त किया।

बलजिंद्र सिंह चहल ने संभाला सरपंच पद का कार्यभार



सीमा सन्देश # सादुलशहर

ग्राम पंचायत अमरगढ के नवनिर्वाचित सरपंच बलजिंद्र सिंह चहल ने सोमवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्राम विकास अधिकारी विवेक कथूरिया ने ग्रहण करवाया और सरपंच की कुर्सी पर बैठाया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सरपंच बलजिंद्र सिंह चहल ने 'सीमा सन्देश' को बताया कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ साफ-सफाई, रोषनी एवं खेल क्षेत्र में विशेष फोक्स रहेगा। क्षेत्र के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा से जोडने का कार्य सभी के सहयोग से करवाया जाएगा। योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाने के प्रयास होंगे। जल उपयोक्ता समिति के अध्यक्ष स्वराज सिंह चहल, उप सरपंच जसवंत सिंह, प्रिंसीपल ठाकरदास, पूर्व पंच गुरदतसिंह बराड, पंच रोशनी देवी, रविंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह, रामलाल, राजवीर कौर, सुखदीप कौर, जसवंत सिंह, रोजगार सहायक भजनलाल, पूर्व डायरेक्टर मघाराम मेघवाल, राजीव कुमार, मलकीत सिंह चानी, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

सादुलशहर: शर्मिला ने संभाला सरपंच पद का कार्यभार



सीमा सन्देश # सादुलशहर

ग्राम पंचायत करड़वाला की नवनिर्वाचित सरपंच शर्मिला ने सोमवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्राम विकास अधिकारी विवेक कथूरिया ने ग्रहण करवाया और सरपंच की कुर्सी पर बैठाया गया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सरपंच शर्मिला ने 'सीमा सन्देश' को बताया कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के साथ-साथ साफ-सफाई, रोशनी एवं खेल क्षेत्र में विशेष फोक्स रहेगा। क्षेत्र के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा से जोडने का कार्य सभी के सहयोग से करवाया जाएगा। बिना भेदभाव के कार्य करवाए जाएंगे। योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाने के प्रयास होंगे। इस दौरान पंच अनिता देवी, मदनलाल, जगसीर सिंह, कालूराम, हरप्रीत कौर, रविंद्र सिंह, कर्मजीत कौर सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मुफ्त दंत जांच और दवा वितरण शिविर का आयोजन



सीमा सन्देश # सादुलशहर

शिरोमणि बाबा नामदेव जी गुरुद्वारा साहिब वार्ड नं. 7 में लगातर चल रहे सुखमणि साहिब के पाठ और गुरुनानक जयंती और बाबा नामदेव जयति के उपलक्ष पर अयोजित अखंड पाठ के भोग उपरांत स्माइल डेंटल केयर की टीम द्वारा मुफ्त दंत जांच और मुफ्त दवा वितरण का शिविर लगाया गया। डॉ. अर्शदीप कौर ने 155 से अधिक मरीजों की जांच की और उन्हें मुफ्त दवाएं वितरित कीं। उन्होंने मरीजों को स्वस्थ और रोग मुक्त दांतों के अच्छे परिणामों के बारे में भी जागरूक किया। सभी के दांतों की नियमित जांच कराने को भी कहा, अन्यथा साधारण बीमारी गंभीर समस्या में बदल सकती है। गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा गुरजीत सिंह, इकबाल सिंह बराड़, सुखविंदर सिंह लालगढ़िया, मोहर सिंह, जगजीत सिंह, मिद्धू सिंह, रवि गोयल, हर्ष बंसल, भूप शाक्य, वेद पूनिया, कुलदीप गोयल, बलजिंद्र सिंह काका सहित साध-संगत मौजूद थी।

नगर पालिका ने चलाया बेसहारा गोवंश पकड़ने का अभियान



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

शहर में आवारा गोवंश की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका की ओर से पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर पालिका की टीम मुख्य मार्गों के साथ ही गली-मोहल्लों में घूम रहे बेसहारा गोवंश को पकड़कर गोशाला भिजवा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित छाबड़ा ने बताया कि शहर में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर पालिका की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर बेसहारा गोवंश को पकड़ रही है और उन्हें सुरक्षित रूप से गोशाला पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 100 से अधिक पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया जा चुका है। खुले में विचरण करते इस गोवंश के कारण मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्रों में आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी होती है। कई बार पशुओं के सड़कों के बीच बैठ जाने से यातायात प्रभावित होता है। नगर पालिका की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य शहरवासियों को इस समस्या से राहत दिलाना और बेसहारा पशुओं को गोशाला तक पहुंचाना है।

न्यूज इन ब्रीफ

पुलिस-प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला प्रमुख एवं उप जिला प्रमुख चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्वाचन शांतिपूर्ण करवाने के लिए अधिकारियों ने जिला परिषद परिसर के बाहर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम उम्मेदी लाल मीणा, एएसपी अरविंद विश्नोई, डीएसपी मीनाक्षी और सीआई परमेश्वर सुथार ने मौके पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष रूट मैप तैयार किया गया है। इसके तहत यातायात और आवागमन सुचारू रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि 25 नवंबर को जिला प्रमुख तथा 26 नवंबर को उप जिला प्रमुख का चुनाव जिला परिषद सभागार में होगा। पुलिस एवं प्रशासन ने दोनों चुनावों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की तैयारी की है।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 122 मरीजों नें उठाया लाभ

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। शाह सतनाम जी जनरल अस्पताल, श्री गुरुसर मोडिया में कल रविवार को नि:शुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन किया गयाे कैम्प में चिकित्सको द्वारा 122 रोगियों की जाँच कर नि:शुल्क परामर्श दिया गयाे अस्पताल से गुरसेवक सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार इस कैम्प में नेत्र रोग के 68, स्त्री रोग के 32 व 22 दंत रोगियों को नि:शुल्क परामर्श दिया गयाे 27 रोगियों का चयन सफेद मोतिया के नि:शुल्क ऑप्रेशन के लिए किया गया जिनके ऑप्रेशन अस्पताल में किए जाएँगे कैम्प में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित सचदेवा, स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉ. सरिता भाटिया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र गिल्होत्रा व राम प्रवेश सहित अस्पताल स्टाफ अपनी सेवाएं दी।

दवाई पिलाई

सीमा सन्देश # चारणवासी। प्लस पोलियो अभियान के तहत सोमवार को चिकित्सा एवं बाल विकास विभाग द्वारा रविवार को वंचित रहे बच्चों को घर-घर व ढाणी-ढाणी जाकर पोलियो की दवाई पिलाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकताओं रोशनी व मनोहरी ने वंचित बच्चों को दवाई पिलाई और घरों के बाहर मार्क के निशान लगाए। एएनएम छिंद्रपाल कौर ने बताया कि एक भी बच्चा छूट गया तो सुरक्षा चक्र टूट जाता है, इसलिए वंचित बच्चों को चिन्हित कर दवाई पिलाने का कार्य जारी है।

गुरुद्वारा नानक दरबार में प्रकाश पर्व पर 25 से 27 तक सजेगा धार्मिक दीवान

सीमा सन्देश # टिब्बी। गांव तंदूरवाली स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 25 से 27 नवंबर तक तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत बुधवार, 25 नवंबर को सुबह 9:15 बजे अखंड पाठ का प्रकाश होगा तथा शुक्रवार, 27 नवंबर को सुबह 10:15 बजे भोग डाला जाएगा। इस अवसर पर ढाडी बलविन्द्र सिंह मलापी गुरु इतिहास सुनाकर संगत को निहाल करेंगे। कार्यक्रम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा। आयोजकों ने समस्त साध-संगत से परिवार सहित पहुंचकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है। यह आयोजन बाबा बाज सिंह, मेंबर वार्ड नंबर 03 एवं समूह संगत के सहयोग से करवाया जा रहा है।

बिमला देवी का निधन, रस्म पगड़ी 27 नवंबर को



सीमा सन्देश # नोहर। शहर के वार्ड नंबर 39 नेहरू नगर निवासी बालाराम भार्गव की धर्मपत्नी बिमला देवी का 17 नवंबर को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार एवं परिचितों में शोक की लहर है। दिवंगत बिमला देवी की रस्म पगड़ी शुक्रवार, 27 नवंबर को उनके निवास स्थान वार्ड नंबर 39, नेहरू नगर, नोहर में आयोजित होगी। कस्बे के अनेक संगठनों ने भी विमला देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है विमला देवी गो भक्त व धर्मप्रायण महिला थी।

रावतसर में पटवारियों ने किया प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग, देवीलाल प्रकरण को लेकर पटवार संघ ने खोला मोर्चा

पटवारी से मारपीट एवं अभद्र व्यवहार का विरोध, पटवार संघ में दिया धरना

सीमा सन्देश#रावतसर। राजस्थान पटवार संघ उपशाखा रावतसर की ओर से सोमवार को पटवार संघ के अध्यक्ष दलीप कड़ेला के नेतृत्व में पटवारियों ने तहसील एवं उपखंड स्तर पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ पदाधिकारियों एवं पटवारियों ने राजस्थान के पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी रावतसर को ज्ञापन सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 22 अक्टूबर 2026 को तहसील पीलीबंगा (जिला



हनुमानगढ़) में कार्यरत पटवारी देवीलाल अपनी पत्नी को चिकित्सकीय जांच के लिए स्कूटी से सूरतगढ़ अस्पताल ले जा रहे थे। सूरतगढ़ में महिला पुलिसकर्मी कलावती एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा यातायात चालान की प्रक्रिया अपनाने के बजाय कथित रूप से पटवारी देवीलाल को जबरन गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए। जहां उनके साथ गंभीर मारपीट, गाली-गलौज एवं अमानवीय व्यवहार किया गया। घटना के बाद राजस्थान पटवार संघ एवं कानूनगो संघ द्वारा जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा उच्च पुलिस अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई। पीलीबंगा उपखंड मुख्यालय पर धरना भी दिया गया। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

एक नवंबर से पटवारियों द्वारा पंचायत चुनाव को देखते हुए राजस्व कार्य प्रभावित किए बिना काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाया जा रहा है। जिला महासमिति के निर्णयानुसार प्रदेश के समस्त उपखंड एवं तहसील कार्यालयों पर सोमवार को एक दिवसीय धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पटवार संघ ने स्पष्ट किया कि राजस्व कर्मचारियों के सम्मान एवं सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर राजस्थान पटवार संघ उपशाखा रावतसर अध्यक्ष दलीप कड़ेला, दलीप कड़ेला,मनोज शर्मा ,सचिन, विजय ,विक्रम कड़वासरा ,उग्रसेन ,राजेंद्र चालिया, मुकेश सहू, रामकुमार, जितेंद्र, गुर्जर गौरव और मीनाक्षी सहित बड़ी संख्या में पटवारी शामिल रहे।

'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' का किया गया विशेष रूप से स्मरण

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन, पुष्प वर्षा से स्वागत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में श्री गुरु नानक देव जी के 558वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया। शुभारंभ पर हेड ग्रंथी भाई गुरचरण सिंह ने सुख-शांति और खुशहाली के लिए अरदास की। नगर कीर्तन फौजी बैंड की धुनों और ह्यबोले सो निहाल, सत श्री अकालह्न के जयकारों के साथ रवाना हुआ। नगर कीर्तन गुरुद्वारा शहीद बाबा सुखा सिंह महताब सिंह पहुंचा, जहां बाबा जोगा सिंह और बाबा ईशर सिंह ने पांच प्यारों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद पंजाबी मोहल्ला, पुराना बाजार, लाला जी चौक, हिसारिया मार्केट, सुभाष चौक, धान मंडी, प्रेम नगर, टिब्बी रोड और नई आबादी सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचा। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा जगह-जगह चाय, जलेबी, खीर और पकौड़ों के भंडारे लगाए। इस दौरान रागी जत्थों, कथा वाचकों और कवि-श्री जत्थे ने गुरु महिमा का गुणगान किया। प्रधान नछत्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को टाउन और जंक्शन के गुरुद्वारों में अखंड पाठों के भोग, खुले दीवान और गुरु का अटूट लंगर आयोजित होगा।



गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गूंजे सुखमणी साहिब के पाठ

हनुमानगढ़। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर सोमवार को टाइम्स शिक्षण संस्थान में सुखमणि साहिब के पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाबा हर राय सिंह ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिकारियों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाते हुए गुरु नानक देव जी को नमन किया तथा सुख, शांति और सर्वकल्याण की अरदास की। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ. सागरमल लड्ढा, डायरेक्टर गोपाल किशन लड्ढा, कपिल लड्ढा, बीएड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रामप्रताप



जांगू, विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा शर्मा एवं फार्मेसी कॉलेज के प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा सहित संस्थान के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर गुरु नानक देव जी की महान शिक्षाओं एवं उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके मूल मंत्र 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' को विशेष रूप से स्मरण किया गया। इस संदेश के माध्यम से ईमानदारी और मेहनत से आजीविका अर्जित करने, ईश्वर का स्मरण करने तथा अपनी कमाई एवं संसाधनों को जरूरतमंदों के साथ साझा करने की प्रेरणा दी गई।

---

150 किलो चूरा पोस्त तस्करी के मामले में दो दोषियों को 20-20 साल का कठोर कारावास

दो-दो लाख रुपए का अर्थदण्ड, जुर्माना नहीं तो अतिरिक्त सजा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। एनडीपीएस कोर्ट ने चूरा पोस्त तस्करी के करीब छह साल पुराने मामले में सोमवार को दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों पर दो-दो लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा नहीं करने पर दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



प्रकरण के अनुसार, 4 मई 2020 को सदर थाना पुलिस ने डबलीराठान चौकी के सामने हनुमानगढ़-पीलीबंगा मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान 18 चक्का ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली थी। ट्रक में कोयले की राख के नीचे छिपाए गए तीन प्लास्टिक कट्टों से 150 किलो चूरा पोस्त बरामद हुआ था। पुलिस ने ट्रक चालक निर्मल सिंह उर्फ बिट्टू (29) और खलासी जगदीप सिंह उर्फ दीपू (28), निवासी तलवंडी साबो, पंजाब को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चालक ने चूरा पोस्त फलोदी-बालोतरा रोड स्थित गुरुनानक होटल के पास इशाक खान से खरीदकर लाना बताया था। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ ट्रक और मोबाइल फोन भी जब्त किए थे। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। प्रकरण में विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र शर्मा ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी की।

नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री सहारण का वार्ड 6 में किया स्वागत-अभिनंदन

भोमपुरा। ग्राम पंचायत भोमपुरा की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती गायत्री सहारण के सम्मान में वार्ड संख्या 6 में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एवं समाजसेवी राजेंद्र सहारण का सागर शर्मा ने नोटों की माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी



निभाते हुए अपना सहयोग प्रदान किया। उपस्थित ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति खुशी एवं उत्साह जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक

हनुमानगढ़। महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट-6 की ओर से सोमवार को मरुधरा पीजी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला कांस्टेबल संतोष एवं सुनीता ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और आपातकालीन सहायता की जानकारी दी। उन्होंने राजकोप सिटिजन एप डाउनलोड करवाया तथा महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस कंट्रोल रूम 100 और आपातकालीन नंबर 112 के बारे में बताया। साथ ही संदिग्ध लिंक से बचने, साइबर ठगी होने पर तुरंत शिकायत करने तथा यातायात नियमों की पालना और हेलमेट पहनने का संदेश दिया।

धुंध ने थामी वाहनों की रफ्तार, कम विजिबिलिटी से वाहन चालक परेशान

सोमवार सुबह छाई धुंध ठिठुरन और सर्दी का बढ़ रहा असर

सीमा सन्देश # सरदारपुरा जीवन। क्षेत्र में सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। सुबह के समय आसमान में छाई घनी धुंध के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी काफी कम रही। धुंध का असर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक रहा। धुंध के बीच गुजरते वाहन चालकों को आवागमन के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह वाहन चालक दिन में भी लाइट जलाकर धीमी गति से वाहन चलाते नजर आए।सुबह धुंध का असर इतना अधिक रहा कि कुछ दूरी पर स्थित वस्तुएं भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। मुख्य मार्गों और ग्रामीण सड़कों पर वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों को देखने में परेशानी हुई। ऐसे में दुर्घटना की आशंका को देखते हुए वाहन चालकों ने सावधानी बरतते हुए अपने वाहनों की रफ्तार कम रखी।



बढ़ रहा सर्दी का असर

क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट के साथ सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है। सुबह और शाम के समय ठंड महसूस होने लगी है। सोमवार सुबह धुंध छाने से मौसम में ठिठुरन और बढ़ गई। ग्रामीणों के अनुसार आगामी दिनों में सर्दी का असर और तेज होने की संभावना है। मौसम में आए इस बदलाव के चलते लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। वहीं सुबह जल्दी घरों से निकलने वाले लोगों, किसानों और कामकाजी लोगों को ठंड व धुंध के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों को सलाह दी जा रही है कि वे धुंध के दौरान धीमी गति से वाहन चलाएं और फॉग लाइट का उपयोग करते हुए सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

पुत्र रत्न प्राप्ति

सीमा सन्देश# रावतसर। श्रीगंगानगर पुरानी आबादी निवासी अजय स्वामी कि धर्म पत्नी पिकल ने एक चांद से पुत्र को जन्म दिया। बड़े पापा अमित कुमार स्वामी ,बड़ी मम्मी श्रीमती मंजू स्वामी, स्वामी परीवार व पत्रकार भादर स्वामी की तरफ से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

कृष्ण सुदामा गौशाला में गौमाता के निमित्त स्वामणी का आयोजन

सीमा सन्देश # भोमपुरा। कृष्ण सुदामा गौशाला, भोमपुरा में पारादेवी धर्मपत्नी स्वर्गीय मनीराम जी भाकर के परिवार की ओर से गौमाता के निमित्त श्रद्धापूर्वक स्वामणी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवारजनों ने गौमाता की सेवा एवं पुण्य कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद सहारण, अलकेश तरड़, राजवीर



न्यौल, सुभाष खीचड़, सुभाष भाकर, हंसराज भाकर, गौसेवक भरत कस्वां, गौशाला उपाध्यक्ष पवन गोदारा, आशाराम गोस्वामी, परवीन कूकना, टेकचंद गोस्वामी एवं सरपंच प्रतिनिधि पुत्र अविनाश सहारण सहित अनेक गौसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऐसे पुण्य एवं सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

अग्रसेन भवन में हुई बैठक में प्रसाद वितरण, पेयजल सहित व्यवस्थाओं पर मंथन

4 दिसंबर को निकलेगी भव्य रामायण यात्रा, तैयारियां जोरों पर

सीमा सन्देश # नोहर। भगवान श्रीराम के आदर्शों और रामायण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 4 दिसंबर को आयोजित होने वाली श्रीराम कथा एवं रामायण यात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए सोमवार को अग्रसेन भवन में सत्संग समिति की बैठक आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष विनोद गोल्याण के नेतृत्व में हुई बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर



विस्तार से चर्चा की गई। समिति सचिव श्याम सुंदर स्वामी ने बताया कि बैठक में यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं तथा समिति सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। यात्रा मार्ग में जगह-जगह प्रसाद वितरण, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों को दायित्व दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि रामायण यात्रा धार्मिक आयोजन के साथ शहर की आस्था, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकजुटता का प्रतीक बनेगी। इसके लिए शहरवासियों और विभिन्न संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सत्संग समिति के तत्वावधान में श्रीराम वाटिका के समीप भोलेबाबा के सान्निध्य में श्रीराम कथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम के तहत दोपहर 1:15 बजे से शाम 5:15 बजे तक श्रीराम कथा होगी।

विशेषज्ञ व्याख्यान, पोस्टर मेकिंग एवं औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान

श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का आयोजन

सीमा संदेश # हनुमानगढ़।

श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ के फैकल्टी ऑफ फामेर्सी की ओर से 15 से 21 नवंबर तक राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। सप्ताहभर चले आयोजन में विद्यार्थियों के ज्ञान, रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए क्विज प्रतियोगिता, आलेख लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा विशेषज्ञ व्याख्यान सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फैकल्टी ऑफ फामेर्सी की डीन डॉ. शिखा रहेजा के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। दवाओं के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग तथा जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।



बिना सलाह दवा लेना घातक

विशेषज्ञ व्याख्यान में एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा के प्रोफेसर डॉ. विनय लाथर ने 'एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंसः एक उभरती हुई जनस्वास्थ्य चुनौती' विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनुचित उपयोग एवं बिना चिकित्सकीय सलाह के सेवन इस समस्या को बढ़ावा देता है। उन्होंने दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग और इसकी रोकथाम में फार्मासिस्ट की जिम्मेदारी बताई।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभाः क्विज प्रतियोगिता में देवेंद्र, अर्चिता, राजवीर एवं जसकरण की टीम प्रथम, नवजोत, जगजीवन, पूजा एवं अभिषेक की टीम द्वितीय तथा प्रतीक रतन, गर्वित, अमित एवं जगदीश की टीम तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में सिमरन एवं अरबाज प्रथम, प्रिंस एवं सन्मुख द्वितीय तथा आकाशदीप-राजवीर और यश-सुमित की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। आलेख लेखन में मनीषा प्रथम, जसप्रीत कौर द्वितीय एवं अर्चिता तृतीय रही।

औद्योगिक भ्रमण से जानी दवा निर्माण प्रक्रिया

विद्यार्थियों को अनंता मेडिकेयर, श्रीगंगानगर का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। यहां उन्होंने दवा उत्पादन, विनिर्माण प्रक्रिया एवं गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को औद्योगिक कार्यप्रणाली से जोड़ने का अवसर मिला। इस अवसर पर श्री गुरु गोविंद सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार जुनेजा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ औद्योगिक अनुभव एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रोफेसर डॉ. अमित गिरधर, निपुण शर्मा, मोहम्मद सफदर, दिनेश घोड़ेला, जगजीत सिंह एवं मुकेश का योगदान रहा।

जंडावाली में अटल पथ निर्माण कार्य ने पकड़ी गति, 5.50 मीटर चौड़ा बनेगा सीसी रोड



सीमा सन्देश # जंडावाली। गांव जंडावाली में नवनिर्वाचित सरपंच वीरपाल कौर रंगारा एवं सरपंच प्रतिनिधि सुखमन्दर सिंह रंगारा के प्रयासों से अटल पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस मार्ग पर 5.50 मीटर चौड़ी सीसी रोड बनाई जाएगी। यह अटल पथ मुख्य श्रीगंगानगर सड़क से बैंक ऑफ बड़ौदा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अटल सेवा केन्द्र एवं पुराने पंचायत घर को जोड़ते हुए भारत समाज मोहल्ला, रामदासिया/सिख मोहल्ला से गुरुद्वारा माता साहिब कौर तथा सरपंच वीरपाल कौर रंगारा के निवास तक पहुंचेगा। अटल पथ के निर्माण से गांव का घनी आबादी वाला क्षेत्र मुख्य मार्ग से जुड़ जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी और आने-जाने में सुविधा होगी। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी जेईएन अजय मीणा, ग्रामीण विकास अधिकारी हरीश पारीक, कामरेड अफसर अली, ठेकेदार सुरेंद्र पारीक, गुरजंट सिंह, लोकेंद्र लिम्बा, गुरप्यार सिंह, नक्षत्र सिंह, दर्शन सिंह, भगवान सिंह एवं कृष्ण सिंह सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

सीडब्ल्यूसी बैंच मजिस्ट्रेट ने पिलाई दो बूंद जिंदगी की



सीमा सन्देश# रावतसर। पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत सीडब्ल्यूसी बैंच मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने राजकीय अस्पताल की टीम के साथ झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वंचित वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और अभिभावकों को अभियान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए जन्म से पांच वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अपने आसपास यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पांच वर्ष तक का बच्चा पोलियो की दो बूंद से वंचित न रहे। बताया कि पोलियो मुक्त भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाएगा। इस मौके पर रावतसर के राजकीय अस्पताल के लैब असिस्टेंट राहुल कुमार,राकेश कुमार साथ रहे।

शिक्षकों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प

सीमा सन्देश # टिब्बी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा खंड टिब्बी की मासिक बैठक गायत्री शक्ति पीठ में खंड अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अतर सिंह, संगठन मंत्री राकेश भार्गव और जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा मौजूद रहे। वक्ताओं ने ह्यमेरा विद्यालय-मेरा तीर्थह्ण अभियान, प्रभावी प्रार्थना सभा और नशामुक्त समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर विचार रखे। साथ ही पे प्रोटेक्शन, डीपीसी और लंबित एमसीपी प्रकरणों सहित शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की गई।

संविधान दिवस पर 26 को होगा आयोजन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को जंक्शन स्थित अंबेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित होगा। तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में भीम आर्मी पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में गायक गुरविंद्र सिंह प्रस्तुति देंगे। पदाधिकारियों ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

पिता की हत्या के आरोपी पर कुचलने के प्रयास का आरोप

हनुमानगढ़। गोलूवाला थाना क्षेत्र में दो भाइयों की बाइक को स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। सूरांवाली निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर को वह भाई चंद्रभान के साथ कैंचियां जा रहा था। रास्ते में स्कॉर्पियो सवारों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटा। दोनों भाइयों ने भागकर जान बचाई। परिवादी ने मुख्य आरोपी पर वर्ष 2021 में उसके पिता की हत्या करने और पुरानी रंजिश में हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कम्प्यूटर आधारित मशीन से खेतों का समतलीकरण, जलभराव की समस्या से मिलेगी मुक्ति, आधुनिक तकनीक से किसानों ने बदली खेती की तस्वीर

पानी व बिजली बचाने को हाईटेक हुए किसान, लेजर तकनीक से कर रहे खेतों का समतलीकरण

सीमा सन्देश # चारणवासी। आधुनिक दौर में खेती-किसानी के तौर-तरीके तेजी से बदल रहे हैं और क्षेत्र के किसान अब पारंपरिक तरीकों को छोड़कर हाईटेक तकनीक अपनाने लगे हैं। गिरते भूजल स्तर और सिंचाई की बढ़ती लागत को देखते हुए किसान अब बिजली व पानी की बचत के लिए कम्प्यूटर आधारित लेजर तकनीक से अपने खेतों का समतलीकरण करवा रहे हैं। इस आधुनिक मशीनरी के उपयोग से सिंचाई के दौरान लगभग 25 प्रतिशत तक पानी और बिजली की सीधी बचत हो रही है। खेतों के ऊबड़-खाबड़ होने के कारण पहले सिंचाई का पानी कहीं ज्यादा भर जाता था तो कहीं फसल प्यासी रह जाती थी, जिससे जलभराव के कारण फसल खराब होने का खतरा बना रहता था।



पानी के साथ ईंधन की भी बचत

कम्प्यूटर प्रणाली से भूमि समतल हो जाने के बाद पूरे खेत में पानी एक समान रूप से फैलता है और जलभराव की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाती है। यह पूरी व्यवस्था लेजर ट्रांसमीटर तकनीक पर आधारित है, जिसमें खेत के एक छोर पर एक विशेष ट्रांसमीटर स्थापित किया जाता है। यह ट्रांसमीटर चारों कोनों का सटीक आकलन कर खेत को एक समान स्तर पर रखने के लिए लगातार संकेत भेजता है। ट्रैक्टर पर कम्प्यूटर स्क्रीन के साथ लगे कंट्रोल पैनल के माध्यम से इन संकेतों को ग्रहण किया जाता है, जो मशीन के हाइड्रोलिक कंट्रोल वाल्व को स्वचालित रूप से खोलने और बंद करने का काम करता है। इसी प्रणाली से जुड़ी बकेट जरूरत के मुताबिक ऊपर उठती या नीचे झुकती है और खेत के ऊंचे हिस्सों से मिट्टी उठाकर निचले हिस्सों में भरती जाती है। यह मशीन एक ही स्थान से करीब डेढ़ किलोमीटर तक के दायरे में भूमि को सटीकता से समतल करने में सक्षम है। इसके अलावा किसान अपनी फसल की जरूरत के हिसाब से खेत में एक से दस इंच तक की हल्की ढलान भी आसानी से दे सकते हैं। समतल खेत होने का एक बड़ा फायदा यह भी है कि बुवाई, जुताई और कटाई के दौरान ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों को चलाने में कम जोर पड़ता है, जिससे ईंधन की भी अच्छी-खासी बचत हो रही है।

ग्रेफ चौराहे पर यातायात पुलिस की कार्रवाई

प्रेशर हॉर्न, बिना नंबर प्लेट व इंडीकेटर के दौड़ रही मॉडिफाइड बाइक पकड़ी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस ने सोमवार को जंक्शन के अबोहर मार्ग स्थित ग्रेफ चौराहे पर नाकाबंदी कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। इस दौरान वाहन चालकों को नियमों की पालना करने के लिए समझाइश भी की गई। कार्रवाई के दौरान पंजाब की तरफ से फल आदि लेकर आ रहे एक युवक की मॉडिफाइड बाइक पुलिस के हत्थे चढ़ी। बाइक पर बड़े-बड़े प्रेशर हॉर्न लगे हुए थे, जबकि इंडीकेटर तक नहीं थे। बाइक के आगे-पीछे नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई थी। यातायात पुलिस ने बाइक को रुकवाकर चालक को यातायात नियमों की जानकारी दी। उसे समझाया गया कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करें, प्रेशर हॉर्न से आमजन को परेशानी होती है और वाहन को उसके मूल स्वरूप में ही रखें। यातायात शाखा के एएसआई रामदयाल गोदारा ने बताया कि उक्त बाइक चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से 21 से 30 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ भी चालान किए जा रहे हैं।



बार-बार नियम की अवहेलना, एमवी एक्ट में कार्रवाई



बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों को रोककर समझाइश की जा रही है। बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। गोदारा ने बताया कि कुछ दुपहिया वाहन चालक चालान से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे मामलों की पूरी जांच की जाती है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर आगे और पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाएं तथा बाइक के मूल स्वरूप में किसी तरह का बदलाव नहीं करवाएं। सड़क पर चलते समय यातायात नियमों की पालना करें। शराब पीकर और तेज गति से वाहन न चलाएं तथा गलत तरीके से ओवरटेक करने से बचें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही अनमोल जीवन को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

नवनिर्वाचित पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्यों ने ली पद की शपथ

शपथ ग्रहण के साथ प्रधान और जिला प्रमुख के चयन को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज, समीकरण साधने शुरू

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायत चुनाव में कांग्रेस के विजयी पंचायत समिति टाउन, जंक्शन और जिला परिषद सदस्यों ने सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। जिला कलक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव और एडीएम उम्मेदीलाल मीणा ने जिला परिषद सदस्यों को, जबकि एसडीएम श्यामसुंदर बेनीवाल ने पंचायत समिति सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र चौधरी, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अश्वनी पारीक सहित अन्य नेता मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने संवैधानिक मयार्दाओं का पालन करते हुए जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के साथ ही पंचायत समिति प्रधान और जिला प्रमुख के निर्वाचन को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचित सदस्यों का समर्थन जुटाने और दावेदारों के नामों पर सहमति बनाने के लिए बैठकों व चचाओं का दौर शुरू कर दिया है। पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि जनता ने कांग्रेस प्रत्याशियों पर भरोसा जताया है। अब जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे गांवों के विकास और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें। अश्वनी पारीक ने भी एकजुट होकर जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।



लोकसभा अध्यक्ष ने विधायक चाचाण को भेजा शोक संदेश



सीमा सन्देश # नोहर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नोहर विधायक अमित चाचाण के ताऊजी एवं व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. मोडूराम चाचाण के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। बिरला ने 11 नवंबर को विधायक अमित चाचाण के नाम शोक संदेश भेजकर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। संदेश में उन्होंने कहा कि स्व. मोडूराम चाचाण के निधन का समाचार सुनकर उन्हें आत्मिक पीड़ा हुई। अपनों को खोना अत्यंत दुखद होता है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिवारजनों को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

डिस्ट्रिक्ट पार्क में लगेंगे पांच आकर्षक स्टेच्यु, बनेगा नया गेट व कैंटीन

हनुमानगढ़। नगर परिषद सभापति मंजू रणवां ने जनप्रतिनिधियों के साथ डिस्ट्रिक्ट पार्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पार्क में मिली खामियों को दूर करने के लिए सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिए। पार्क में वेस्ट वस्तुओं से तैयार हाथी, घोड़े, चिम्पांजी, शेर और मोर के पांच आकर्षक स्टेच्यु लगाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान इनके लिए स्थान भी चिह्नित किए गए। सभापति प्रतिनिधि सुमित रणवां ने बताया कि अब एसटीपी से ट्रीट किया हुआ पानी पार्क में पहुंचाया जा रहा है, जिससे हरियाली बढ़ेगी। ग्रेफ चौराहे पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते पुलिस लाइन के सामने घाट के पास स्थित छोटे गेट को बड़ा बनाया जाएगा। साथ ही गेट के बाहर कैंटीन का निर्माण भी करवाया जाएगा, ताकि पार्क में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

एम.डी. महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

सीमा सन्देश# रावतसर। एम.डी. महाविद्यालय रावतसर में विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक चौधरी कैलाश सींवर एवं सह-निदेशक डॉ. सुनील थैंच ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। कानून के प्रति जागरूकता एक सशक्त एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मांगीलाल सिहाग ने विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के अन्याय या शोषण के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया की जानकारी रखनी चाहिए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को विधिक सहायता योजनाओं, महिला एवं बाल अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव तथा सामाजिक न्याय से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विधिक विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



बारातियों की गाड़ी पर बोलेरो से हमला, कार खेत में घुसी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भादरा क्षेत्र में शादी समारोह में जा रहे बारातियों की कार को बिना नंबर की बोलेरो सवारों ने टक्कर मार दी। आरोप है कि आरोपियों ने रास्ता रोककर मारपीट की और गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। परिवादी महावीर प्रसाद के अनुसार, 21 नवंबर की रात निनाण और जनाणा के बीच घटना हुई। इसके बाद आरोपियों ने उनकी कार का भी पीछा कर पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसी। हादसे में उन्हें चोटें आईं। भिरानी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संगरिया : केक काटकर मनाई 101वीं जयंती

सीमा सन्देश# संगरिया। श्री सत्य साई बाबा की जन्म शताब्दी पर संगरिया का श्री साई बाबा मंदिर रविवार को श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का केंद्र बना रहा। बाबा के 101वें जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, प्रभातफेरी और नारायण सेवा के माध्यम से उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह साई नाम संकीर्तन और प्रभातफेरी से हुई। दिनभर मंदिर परिसर में भक्ति गीतों की स्वर लहरियां गूंजती रहीं। श्रद्धालुओं ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया तथा मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं। मंगल आरती के बाद बाबा की विभूति और प्रसाद वितरित



किया गया। जन्मोत्सव का विशेष आकर्षण नारायण सेवा रही। इसके तहत हलुवा, पूरी-सब्जी, लड्डू और फल का प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं, राहगीरों और जरूरतमंदों को परोसा गया। सेवा में जुटे साई भक्तों ने स्वयं भोजन वितरण कर बाबा के सेवा और समर्पण के संदेश को साकार किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्री सत्य साई बाबा ने सत्य, धर्म, शांति, प्रेम और अहिंसा को जीवन के पांच प्रमुख आधार बताते हुए मानवता की सेवा का मार्ग दिखाया। विजय खासपुरिया, रामरतन मोदी, कौरचंद मरेजा, लेखराज नाखवां, ममता, रीटा, ज्योति, मोहिनी, कोकिला, शुभम नाखवां, आंचल, योगेन्द्र गुप्ता, दिनेश मोदी, सरोज, रिंकी राठौड़, नीतू गुप्ता, गुंजन बंसल, रिंकू, सीमा, लक्ष्मी, माया, किरण गुप्ता, पंकज गुप्ता, ईशान मित्तल, उर्मिल गुप्ता, हेमऋषि, गीतिका गोयल, लावण्या, कमलेश शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग किया।

पुराने जोहड़ के सौंदर्यीकरण से लेकर टाउन हॉल नवीनीकरण, भूमि आवंटन के प्रस्ताव शामिल

नोहर नगरपालिका की साधारण बैठक कल 14 एजेंडों पर होगा विचार

सीमा सन्देश # नोहर। नगरपालिका मंडल नोहर की साधारण बैठक 25 नवंबर को सुबह 11:15 बजे नगरपालिका सभाकक्ष में पालिकाध्यक्ष हाजन खातून टाक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं, निर्माण कार्यों, कर्मचारियों से जुड़े मामलों तथा भूमि आवंटन सहित कुल 14 एजेंडों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। बैठक का प्रमुख एजेंडा पुराने जोहड़ के सौंदर्यीकरण का है। इसके तहत जोहड़ के आसपास कैंटीन, पार्किंग एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के प्रस्ताव पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा बिहाणी चौक से एफसी जैन होते हुए श्रीराम वाटिका तक सीसी सड़क निर्माण तथा नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुलभ शौचालय निर्माण के प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। श्री जवारमल कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नगरपालिका कार्यालय परिसर में निर्मित जेएम कोठारी टाउन हॉल के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण पर चर्चा होगी। वहीं श्री अग्रसेन धर्मशाला के सामने जनरल मार्केट में सड़क व प्लेटफार्म निर्माण, नगरपालिका की आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाइट खरीदने तथा स्थायी रैन बसेरा और अन्नपूर्णा रसोई भवन निर्माण के खर्च की स्वीकृति भी बैठक के एजेंडे में शामिल है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुडको से स्वीकृत ऋण के संबंध में त्रिपक्षीय समझौते के निष्पादन और ऋण आवेदन पर भी विचार किया जाएगा। इसके साथ ही कोविड के दौरान श्री शिवशंकर, वरिष्ठ सहायक की असामयिक मृत्यु के बाद मृतक आश्रित परिवार को राज्य सरकार से स्वीकृत देय राशि, मृतक आश्रितों की अनुकंपात्मक नियुक्तियों की पुष्टि तथा उच्च न्यायालय जोधपुर के निर्णय की अनुपालना में दी गई नियुक्ति, बकाया भुगतान और स्थायीकरण से संबंधित मामलों पर चर्चा होगी।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकला भव्य नगर कीर्तन, जगह-जगह हुआ स्वागत



संगरिया



चारणवासी

सीमा सन्देश#संगरिया। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के पावन अवसर पर संगरिया में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा नानकसर से पांच प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु साहिब के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की। नगर कीर्तन की शुरूआत गुरुद्वारा साहिब में अरदास एवं धार्मिक परंपराओं के साथ हुई। पांच प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन में श्रद्धालु गुरु महाराज की महिमा का गुणगान करते हुए आगे बढ़े। पूरे मार्ग में बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु वाणी का श्रवण किया और गुरु साहिब के बताए प्रेम, सेवा, समानता एवं मानवता के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। नगर कीर्तन का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन में शामिल पांच प्यारों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। विभिन्न स्थानों पर लंगर की व्यवस्था भी की गई । भगतपुरा रोड स्थित बी.एन. कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार की ओर से नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के माध्यम से मानवता, प्रेम, समानता, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। 24 नवंबर गुरुवार को गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ भोग के उपरांत भाई लखविंदर सिंह द्वारा कथा कीर्तन किया जाएगा । इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरतेगा।

प्रकाश पर्व पर रतनपुरा में सेवा की अनूठी मिसाल

चारणवासी। श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गांव रतनपुरा में ग्रामीणों द्वारा सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की गई। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु नानक देव जी के दर्शनों के लिए साहवा साहिब जाने वाली संगत के स्वागत एवं सत्कार हेतु गांव में चाय, पानी और नाश्ते के लंगर की विशेष व्यवस्था की गई। रतनपुरा मार्ग से होकर गुजरने वाली हरियाणा और पंजाब की हजारों संगत की सेवा के लिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव के पंचायत घर के समीप स्थित धर्मशाला में सुबह से ही सेवादारों द्वारा पूर्ण श्रद्धा और सेवा भाव के साथ लंगर की शुरूआत की गई, जहाँ राहगीर श्रद्धालुओं को रोककर आदरपूर्वक जलपान करवाया गया। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों ने 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' के संकल्प को साकार करते हुए श्री गुरु नानक देव जी के 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' के पावन संदेश को जन-जन तक पहुँचाया।

ढ़ाणी मोधूवाली (जसाना) स्थित गुरुद्वारा साहिब में सिख धर्म के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के 557वें पावन प्रकाश पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस पावन अवसर पर गुरुघर को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। गुरुद्वारा साहिब के समूचे परिसर को भव्य दीपमाला, रंग-बिरंगी रोशनी और सुंदर इलेक्ट्रॉनिक लड़ियों से सुसज्जित किया गया है, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। आज मनाए जाने वाले गुरु नानक देव जी के इस प्रकाश उत्सव को लेकर स्थानीय सिख समुदाय और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पर्व की भव्यता और धार्मिक गरिमा के अनुरूप संगत द्वारा सभी व्यवस्थाओं को जोर-शोर से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मौसम

अधिकतम 28.2° | न्यूनतम 13.0°

आर्द्रता

सुबह 84% | शाम 43%

विंड स्पीड

3-11KM/h

आज का सूर्यास्त

05:35PM

कल का सूर्योदय

07:08AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,26,410

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,16,890

चांदी (प्रति किलो) ₹1,55,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

मांगों को लेकर आयुक्त से मिले पदाधिकारी

श्रीगंगानगर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश वाल्मीकि और जिलाध्यक्ष अनिल धारीवाल ने सोमवार को नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ से मिलकर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की। यूनियन पदाधिकारियों ने 2022 से हो रही जीपीएफ कटौती के लिए जीपीएफ खाते खुलवाने, पे-लेवल को लेवल-1 से लेवल-2 में समायोजित करने और 9-18-27 वर्ष की सेवा पर देय वेतनमान का लाभ समय पर देने की मांग रखी। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मियों व मृतक कर्मियों के आश्रितों के पेंशन प्रकरण शीघ्र भिजवाने पर जोर दिया गया। सर्दी के मद्देनजर हाजिरी का समय सुबह 6:30 से 9:30 बजे और दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे करने की भी मांग की गई। आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के लिए अलग से यात्रियों का पर्सनल एक्सीडेंट कवर लेना होगा

कार-बाइक इंश्योरेंस नियम में बदलाव: अब एक ही पॉलिसी में मिलेंगे चार तरह के कवर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

कार और बाइक का इंश्योरेंस कराने वाले वाहन मालिकों के लिए 15 दिसंबर से बीमा के नियमों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण की नई व्यवस्था के तहत प्राइवेट कार और टू-व्हीलर के लिए अलग-अलग पॉलिसियों की जगह एक सिंगल मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी लागू होगी। इस पॉलिसी को चार अलग-अलग हिस्सों में बांटा जाएगा। इनमें से थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस और वाहन मालिक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर लेना अनिवार्य होगा, जबकि बाकी कवर वाहन मालिक अपनी जरूरत के अनुसार चुन सकेंगे। नई व्यवस्था का उद्देश्य ग्राहकों को यह स्पष्ट जानकारी देना है कि वे किस बीमा सुविधा के लिए कितना प्रीमियम चुका रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत वाहन मालिकों के लिए थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस और मालिक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर अनिवार्य होगा। वहीं, पैसेंजर लायबिलिटी, यात्रियों का पर्सनल एक्सीडेंट और ओन-डैमेज कवर वैकल्पिक रहेंगे। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि केवल प्रीमियम बचाने के लिए वैकल्पिक कवर नहीं लेना भविष्य में आर्थिक रूप से भारी पड़ सकता है। खासकर नई और महंगी गाड़ियों के मालिकों के लिए ओन-डैमेज कवर उपयोगी साबित हो सकता है। हालांकि, पॉलिसी में परिवार के सदस्यों को लेकर एक अहम शर्त भी रखी गई है, जिसे समझना वाहन मालिकों के लिए जरूरी होगा।



एक पॉलिसी में होंगे चार तरह के कवर

15 दिसंबर से जारी होने वाली नई पॉलिसियों में चार अलग-अलग सेक्शन होंगे। प्रत्येक सेक्शन का प्रीमियम अलग से दिखाया जाएगा।

1. **थर्ड-पार्टी कवर:** वाहन से किसी दूसरे व्यक्ति को चोट लगने, मृत्यु होने या उसकी संपत्ति को नुकसान पहुंचने पर कानूनी देनदारी को कवर करेगा।
2. **पैसेंजर लायबिलिटी कवर:** वाहन में सफर कर रहे यात्रियों से संबंधित कानूनी दावों के लिए सुरक्षा देगा।
3. **पर्सनल एक्सीडेंट कवर:** वाहन के रजिस्टर्ड मालिक को दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षा देगा। अतिरिक्त विकल्प के रूप में यात्रियों के लिए भी यह कवर लिया जा सकेगा।
4. **ओन-डैमेज कवर:** दुर्घटना, आग या अन्य बीमित कारणों से अपनी गाड़ी को हुए नुकसान की भरपाई करेगा।

पॉलिसी खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

1. **यात्रियों की सुरक्षा:** वाहन में सफर करने वाले लोगों के लिए जरूरी कवर जरूर जांचें।
2. **परिवार का कवरेज:** पैसेंजर लायबिलिटी में परिवार के सदस्यों को शामिल मानकर न चलें।
3. **अपनी गाड़ी की सुरक्षा :** ओन-डैमेज कवर लेने या नहीं लेने का फैसला गाड़ी की कीमत और जरूरत के अनुसार करें।
4. **प्रीमियम की तुलना :** पॉलिसी के चारों सेक्शन की अलग-अलग कीमत की तुलना करें।
5. **शर्तें और ऐड-ऑन:** जीरो डेप्रिसिएशन सहित अन्य सुविधाओं और क्लेम की शर्तों को ध्यान से पढ़ें।

परिवार के सदस्यों को नहीं मिलेगा पैसेंजर लायबिलिटी का लाभ

नई पॉलिसी की सबसे महत्वपूर्ण शर्त परिवार के सदस्यों की सुरक्षा से जुड़ी है। पैसेंजर लायबिलिटी कवर में वाहन मालिक के करीबी परिवार के सदस्य, जैसे माता-पिता, पति या पत्नी और बच्चे शामिल नहीं होंगे। उदाहरण के तौर पर, यदि कार दुर्घटना में वाहन मालिक के जीवनसाथी या बच्चे को चोट लगती है, तो उनके प्रति कानूनी देनदारी इस सेक्शन के तहत कवर नहीं होगी। ऐसे में परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के लिए अलग से यात्रियों का पर्सनल एक्सीडेंट कवर लेना होगा। यह कवर निर्धारित शर्तों के अनुसार मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में तय राशि का भुगतान करता है।

गाड़ी नहीं चलाने पर भी मालिक को मिलेगा एक्सीडेंट कवर

नई व्यवस्था में वाहन मालिक का पर्सनल एक्सीडेंट कवर केवल गाड़ी चलाते समय होने वाली दुर्घटना तक सीमित नहीं रहेगा। यदि मालिक अपनी गाड़ी में यात्री के रूप में सफर कर रहा है या गाड़ी में चढ़ते-उतरते समय दुर्घटना का शिकार होता है, तो भी निर्धारित शर्तों के तहत क्लेम मिल सकेगा। इसमें मृत्यु या स्थायी पूर्ण विकलांगता की स्थिति में बीमित राशि का 100 प्रतिशत और एक आंख की रोशनी या एक अंग खोने पर 50 प्रतिशत भुगतान का प्रावधान बताया गया है। इसके लिए वाहन का रजिस्टर्ड मालिक और पॉलिसीधारक एक ही व्यक्ति होना चाहिए। साथ ही उसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। कंपनियों या फर्मों के नाम पर रजिस्टर्ड वाहन इस कवर के दायरे में नहीं आएंगे।

ओन-डैमेज कवर नहीं लेने पर खुद उठाना होगा मरम्मत का खर्च

थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस केवल दूसरे व्यक्ति या उसकी संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़ी कानूनी देनदारी को कवर करता है। इससे वाहन मालिक की अपनी गाड़ी को हुए नुकसान की भरपाई नहीं होती। ऐसे में दुर्घटना के बाद गाड़ी की मरम्मत या पार्ट्स बदलवाने का पूरा खर्च वाहन मालिक को उठाना पड़ सकता है। यदि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो बीमा कंपनी पॉलिसी की शर्तों और निर्धारित मूल्यांकन के अनुसार भुगतान करती है। बेहतर सुरक्षा के लिए ओन-डैमेज कवर के साथ जीरो डेप्रिसिएशन जैसे ऐड-ऑन भी लिए जा सकते हैं।दनई व्यवस्था लागू होने के बाद इंश्योरेंस प्रीमियम में बड़ी कटौती की संभावना कम है। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य अलग-अलग बीमा सुविधाओं और उनके प्रीमियम को स्पष्ट रूप से दिखाना है। थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम पहले की तरह नियामकीय व्यवस्था के अनुसार तय होगा, जबकि अन्य कवर की कीमत बीमा कंपनियां निर्धारित करेंगी। यदि कोई ग्राहक पहले की तरह सभी जरूरी कवर लेता है, तो उसके प्रीमियम में बड़ी बचत होने की उम्मीद नहीं है।

घरेलू वाहन के ड्राइवर का बीमा नहीं करवाते



आमतौर पर कमर्शियल वाहन को छोड़कर अधिकांश वाहन मालिक अपने वाहन चालक का बीमा नहीं करवाते। नई पॉलिसी में इसे अनिवार्य किया गया है। इसके बाद कोई विशेष बदलाव नहीं है। आईआरडीएआई द्वारा प्रोसीजर में बदलाव की तैयारी की जा रही है। परन्तु और क्या क्या बदलाव हुए है। इसका अभी तक कोई सकुर्लर बीमा सलाहकारों के पास नहीं आया है। नियम लागू होने से 10 दिन पहले बीमा एजेन्सी में नया सकुर्लर आ जाएगा। उसके बाद ही शर्त क्या जोड़ी है और क्या हटाई है। इसकी सटीक जानकारी मिल पाएगी।

प्रकाशोत्सव : श्री दरबार साहिब का हजूरी रागी जत्था गुरबाणी कीर्तन से संगत को करेगा निहाल

आज सजेगा महान कीर्तन दरबार, देर रात की जाएगी आतिशबाजी



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सिख धर्म के संस्थापक जगतगुरु श्री गुरुनानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में जी ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में मंगलवार को मुख्य समागम आयोजित होगा। इस दौरान सुबह से देर रात तक विशेष कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे। गुरुद्वारा परिसर सहित आसपास के इलाके में भव्य सजावट की गई है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरबचन सिंह वासन ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सुबह 9:30 से रात 12 बजे तक महान कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी जत्था भाई सिमरनजीत सिंह और भाई गुरदेव सिंह वेरका गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। वहीं, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कथावाचक भाई अवतार सिंह व भाई प्रवीण सिंह गुरु साहिब की शिक्षाओं पर प्रकाश डालेंगे। इससे पूर्व हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह दीपक और माता गुजरी स्त्री सत्संग सभा की सदस्याएं भी कीर्तन करेंगी। समागम के दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा, जबकि गुरुद्वारे के बाहर विभिन्न संस्थाओं और संगत द्वारा स्टॉल लगाकर चाय, पकौड़े, बिस्कुट व फलों का प्रसाद बांटा जाएगा। रात 12 बजे परिसर के सामने होने वाली रंगीन आतिशबाजी मुख्य आकर्षण रहेगी। इस मौके पर रविवार को हुए गुरबाणी कीर्तन मुकाबले के विजेताओं को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इससे पहले चार दिवसीय समागम के तहत सोमवार शाम को भी कीर्तन दीवान सजाकर संगत को निहाल किया गया।

आज अन्नकूट महोत्सव एवं देव दीपावली उत्सव

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। राजकीय जिला चिकित्सालय के सामने स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में मंगलवार सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर अन्नकूट महोत्सव एवं देव दीपावली उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया जाएगा। इस विशिष्ट आयोजन के तहत अखंड रामचरितमानस भोग, गोवर्धन झांकी एवं परिक्रमा, छप्पन भोग, भजन-कीर्तन एवं आरती तथा अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन होगा। भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत की मनोहारी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

शादी-समारोह में गंदगी फैलाई तो मौके पर लगेगा जुर्माना, 4 तरह के डस्टबिन रखना अनिवार्य

अब बिना ऑनलाइन सूचना के नहीं कर सकेंगे शादी-पार्टी और बड़े आयोजन, एक पैलेस संचालक को नोटिस

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में शादी-ब्याह, धार्मिक, सामाजिक या किसी भी बड़े सामूहिक आयोजन करने से पहले अब आयोजकों को प्रशासन को ऑनलाइन सूचना देनी होगी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स) के तहत 100 से अधिक लोगों की भीड़ वाले कार्यक्रमों के लिए यह नियम अनिवार्य कर दिया गया है। नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू इन नए नियमों के तहत यदि कोई आयोजन किसी अनलाइसेंस्ड प्लेस (गैर-लाइसेंसशुदा स्थल) पर हो रहा है, तो आयोजक को कार्यक्रम की तारीख से कम-से-कम तीन कार्य दिवस पहले सीपीसीबी के सेंट्रलाइज्ड एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर ऑनलाइन आयोजन की सूचना देना जरूरी है। यह नियम विवाह समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेलों और अन्य सामूहिक आयोजनों पर लागू होगा। वहीं रविवार को सूरतगढ़ पदमपुर बाइपास पर स्थित सोलिटेयर ग्रांड मैरिज पैलेस संचालक को आयुक्त द्वारा शादी समारोह का कचरा सड़क पर डालने पर नोटिस जारी किया है। नोटिस में पैलेस संचालक को दो दिन में जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया है।



पुलिस एनओसी अपलोड करना जरूरी: आयोजक को सीपीसीबी के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन तो अपलोड करना ही होगा साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरते समय कार्यक्रम के विवरण के साथ-साथ पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट यानी पुलिस अनापत्ति प्रमाण-पत्र अपलोड करना भी अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम समाप्त होने के बाद आयोजक को कचरा अधिकृत संग्रहण एजेंसी को सौंपना होगा और स्थल की पूरी सफाई सुनिश्चित करनी होगी। नियमों की अनदेखी करने या कचरा अलग-अलग नहीं रखने पर नगर परिषद द्वारा मौके पर ही स्पॉट फाइन (जुर्माना) वसूला जाएगा। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी लगाई जा सकती है।

इन रंगों के डस्टबिन में अलग करना होगा कचरा

नियमों के अनुसार, आयोजकों को कार्यक्रम स्थल पर ही कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में एकत्रित करने की व्यवस्था करनी होगी:

हरा डस्टबिन (गीला कचरा) : बचा हुआ भोजन, फल-सब्जियों के छिलके और फूल-पत्तियां।

नीला डस्टबिन (सूखा कचरा): कागज, गत्ता, प्लास्टिक, धातु और कांच।

लाल डस्टबिन (सैनिटरी वेस्ट): प्रयुक्त सैनिटरी नैपकिन, डायपर और अन्य स्वच्छता सामग्री।

काला डस्टबिन (स्पेशल केयर वेस्ट): खराब बैटरी, बल्ब, ट्यूबलाइट, पेंट के खाली डिब्बे और एक्सपायर्ड दवाइयां।

मौसम विभाग रोड पर हुआ था हादसा : पुलिस की समझाइश पर हटा धरना

ओवरब्रिज हादसे में दो युवकों की मौत, लोगों ने लगाया जाम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

मौसम विभाग रोड ओवरब्रिज के पास रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के बाद सोमवार सुबह क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। आक्रोशित परिजनों और मोहल्लेवासियों ने कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर घटनास्थल पर धरना लगा दिया, जिसे पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद शांत करवाया गया। हवलदार मंगतूराम के अनुसार, रविवार रात करीब 12 बजे मास्टर कॉलोनी गली नंबर-4 निवासी दीपक धानक (27) पुत्र किशनलाल और गली नंबर-7 निवासी मोनू उर्फ आदित्य (24) पुत्र संजय वाल्मीकि बाइक पर सवार होकर मौसम विभाग रोड से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ओवरब्रिज से नीचे उतर रहे एक कैंटर का अचानक टायर फट गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और युवकों की बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही सोमवार सुबह मृतकों के परिजनों व समाज के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ओवरब्रिज पर धरना शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों व समाज के मौजिज लोगों से वार्ता कर उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। इससे पहले पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों के परिवाद के पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकद्दामा दर्ज किया है।

राघव चांडक ने बंधाया परिजनों को ढांढस

श्रीगंगानगर। दर्दनाक हादसा ट्रक की चपेट में आने से 2 युवकों की मृत्यु की सूचना पाकर युवा नेता समाजसेवी राघव चांडक ने उनके निवास



मास्टर कॉलोनी पहुंचकर उनके परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने जिला प्रशासन को अवगत करवाया कि इस घटना से पूर्व भी दो घटनाएं घटित हो चुकी है परंतु प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। यहां कोई भी स्पीड ब्रेकर नहीं है। यहां से वाहन तेज गति से निकलते है। राघव चांडक ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो अतिशीघ्र यहां स्पीड ब्रेकर आदि बनवाकर मास्टर कॉलोनी के निवासियों को राहत प्रदान करें। उन्होने विद्युत निगम अधिकारियों को भी अवगत करवाया कि मास्टर कॉलोनी रिहायसी एरिया में 11हजार केवीए की लाइन गुजर रही है । पोले जर्जर अवस्था में होने से बड़ा हादसा हो सकता है। कोई हादसा न हो इसलिए अधिकारी मौका मुआयना कर जर्जर खम्बो को बदलने, 11 हजार केवीए की लाइन बाहर करने तथा विद्युत की लटकती व ढिल्ली तारों को दुरुस्त कर कॉलोनी वासियों को समस्याओं से निजात दिलवाएं।

चोरी के मामले में विधि से संघर्षरत किशोर को 1 साल तक विशेष गृह में रहने की सजा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

बालक न्यायालय (सेशन न्यायाधीश), श्रीगंगानगर ने दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में दोषी पाए गए विधि से संघर्षरत किशोर की प्रथम अपील को खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 4 मार्च 2023 को परिवादी बाबूलाल ने पुलिस थाना अनूपगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह सपरिवार रिश्तेदारी में पीलीबंगा गया हुआ था। इसी दौरान 3 मार्च 2023 को दोपहर करीब 2:30 बजे अज्ञात व्यक्तियों ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और संदूक के ताले तोड़कर दो जोड़ी पायल, चांदी का कमरबंध, सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, नथ, चांदी की बिछिया, सोने का मांगटीका, जड़ी बिछिया (5 नग), दो जोड़ी बाली, दो कोका और एक बाजूबंद चोरी कर ले गए। अनूपगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के दौरान विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध किया। किशोर की निशानदेही पर पुलिस ने उसके निवास स्थान वार्ड नंबर 6/10, प्रेम नगर, अनूपगढ़ से चोरी किया गया सोनेनुमा लॉकेट बरामद किया, जिसकी शिनाख्त परिवादी ने की।

किशोर न्याय बोर्ड, श्रीगंगानगर ने सुनवाई के बाद 5 दिसंबर 2025 को किशोर को भारतीय दंड संहिता की धारा 454 और 380 के तहत दोषी मानते हुए एक साल के लिए विशेष गृह भेजने व 500 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। किशोर की ओर से दायर अपील में बचाव पक्ष ने बरामदगी को झूठा बताते हुए स्वतंत्र गवाह न होने और पहला अपराध मानकर परिवीक्षा (प्रोबेशन) का लाभ देने की मांग की थी। पीठासीन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने किशोर न्याय बोर्ड के 5 दिसंबर 2025 के आदेश को यथावत रखते हुए किशोर को एक वर्ष की अवधि के लिए विशेष गृह में रखने तथा 500 रुपये अर्थदंड की सजा को बरकरार रखा है।

सात्साहिक समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं, क्षतिग्रस्त सड़कों और कचरा प्रबंधन पर मंथन

निर्माणाधीन कोर्ट कॉम्प्लेक्स के सामने से कचरा हटाने व संपर्क पोर्टल प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में प्रस्तावित लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी विभागों को अपनी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं के लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े इन प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाए। इस अवसर पर एडीएम सतर्कता अश्विन के. पंवार, जिला परिषद सीईओ हरिराम चौहान, अमिता बिश्नोई, संजीव वर्मा, मिलखराज चुघ, मंगत सेतिया, मोहनलाल अरोड़ा, वीरेंद्रपाल



सिंह, विजय कुमार, डॉ. मुकेश मेहता, डॉ. सुखपाल बराड़, पूजा अग्रवाल, प्रीति गर्ग, अरविन्दर सिंह, नेमीचंद वर्मा, डॉ. अरविंद मित्तल, सुखमन जोहल, दिनेश राजपुरोहित, प्रदीप मीणा, हरजिंदर सिंह बराड़, विनोद स्वामी व देवानंद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इन कामों की हुई समीझा यह दिए निर्देश : सफाई व नगर निकाय कार्य: कचरा प्रबंधन प्लांट की प्रगति जांचते हुए कलक्टर ने नगर परिषद अधिकारियों को निमार्णाधीन कोर्ट कॉम्प्लेक्स के सामने से तत्काल कचरा निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पिंक टॉयलेट, बायोवेस्ट प्रबंधन, जिला राजकीय चिकित्सालय (पीएमओ) और आरयूडीआईपी के लंबित कार्यों में तेजी लाने को कहा।

सड़क व खेल स्टेडियम निमार्ण: जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं, महाराजा गंगासिंह स्टेडियम (यूआईटी), गजसिंहपुर बस स्टैंड, गजसिंहपुर व सादुलशहर खेल स्टेडियम, अनूपगढ़ में निमार्णाधीन इंडोर हॉल और लालगढ़ में हैंडबॉल एकेडमी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर इन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

जल संसाधन व पर्यावरण: सूरतगढ़ रोड पर जारी नाला निर्माण और जल संसाधन विभाग द्वारा शिवपुर हैड पर करवाए जा रहे विकास कार्यों का फीडबैक लिया गया। ह्यहरियालो राजस्थानह्व व ह्यनमो नर्सरीह्व पर चर्चा करते हुए वन विभाग को सड़क किनारों से विलायती बबूल व झाड़ियां साफ करने को कहा गया।

विद्युत व जनसुनवाई : विद्युत कनेक्शनों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश देने के साथ ही कलक्टर ने सीएम प्रकरण और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं को गंभीरता से लेते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने पर जोर दिया।

'श्री दादी नारायणी धाम' का प्रथम वार्षिक महोत्सव संपन्न हुआ



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

एसएसबी रोड स्थित 'श्री दादी नारायणी धाम' में श्री राणी सती दादी जी का प्रथम वार्षिक उत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस भव्य धार्मिक महोत्सव के दौरान पूरा मंदिर परिसर दादी जी के जयकारों और भजनों की स्वर लहरियों से गूंजायमान रहा। महोत्सव के पहले दिन रविवार को प्रातः 8 बजे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ अखंड श्री रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। चौबीस घंटे तक चले इस अखंड पाठ की पूर्णता सोमवार को प्रातः 8 बजे हुई। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजकों सहित बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन का मुख्य आकर्षण दादी जी का भव्य दरबार, अखंड ज्योति और छप्पन भोग की झांकी रही। सोमवार प्रातः 10:30 बजे 'श्री नारायणी चरित्र मानस मंगल पाठ' का शुभारंभ हुआ। मंगल पाठ के दौरान भक्तजन भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए और पूरा माहौल भक्तिरस में सराबोर हो गया। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में माता रानी को छप्पन भोग अर्पित किए गए, जिसके दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर भर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की।



किरत करो - नाम जपो - वंड छको

समस्त क्षेत्रवासियों, साध-संगत
को सिखों के प्रथम गुरु
श्री गुरुनानक देव जी के
प्रकाशोत्सव पर

लख-लख वधाईयां



गुरचरण सिंह संधू
संधू ब्रादर्स, धानमंडी
अनूपगढ़



इकबाल सिंह जाखड़
अर्जन सिंह इकबाल सिंह
जाखड़, धानमण्डी, अनूपगढ़



अजीतपाल सिंह गिल
न्यू गुरुनानक ट्रेडिंग कम्पनी,
धानमण्डी, अनूपगढ़



हरपिन्द्र सिंह गिल
सोहन सिंह/हरपिन्द्र सिंह
धानमण्डी, अनूपगढ़



बब्बू बहोलिया
के.एस. बहोलिया एण्ड सन्स,
धानमण्डी, अनूपगढ़



हरजिन्दर सिंह संधू
संधू ब्रादर्स, धानमंडी
अनूपगढ़



अजीत सिंह धंजू
अध्यक्ष, राजस्थान कम्बोज
महासभा, अनूपगढ़



गुरभिन्द्र सिंह 'वाला'
वाला एण्ड गिल ट्रेडिंग कम्पनी,
धानमण्डी अनूपगढ़



अवि संधू
वीजा गो, आईलेट्स, पीटीई,
स्टडी वीजा, अनूपगढ़



कुलदीप सिंह गिल
अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी, अनूपगढ़
सतगुरु मिनरल वाटर, अनूपगढ़



जसवन्त सिंह चंदी
किसान नेता,
अनूपगढ़



जसपाल सिंह लोरे
गुरुनानक ट्रेडिंग कम्पनी,
धानमण्डी अनूपगढ़



अमरजीत सिंह जोसन
जोसन ट्रेडिंग कम्पनी,
धानमण्डी अनूपगढ़



नवजोत सिंह धंजू
भारत ट्रेडर्स, धानमण्डी
अनूपगढ़



अर्शदीप सिंह संधू
संधू पेस्टीसाइड, धानमण्डी,
अनूपगढ़

श्री गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश उत्सव पर लख-लख वधाईया
साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज दे प्रकाश दिहाड़े नू समर्पित
गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा (देहाती), अनूपगढ़ विखे

महान गुरमत समागम

मिति 24 नवम्बर 2026,
मंगलवार
जिस विच पंथ दे प्रसिद्ध कवीसरी जत्था





गिआनी मक्खन सिंह जी गिल
बलविन्द्र सिंह संधू, हरजीत सिंह मल्ही अते साथी
पिण्ड मल्लेकां, जिला सिरसा, हरियाणा वाले

भाई जगदीप सिंह जी 'करणपुरी'
हजुरी रागी जत्था, गुरुद्वारा सिंघ सभा, अनूपगढ़



स. जगसीर सिंह धंजू
प्रधान



बलविन्द्र सिंह बहोलिया
उप-प्रधान



अवतार सिंह धंजू
सचिव



मुकन्द सिंह चहल
सदस्य



मलकीयत सिंह
सदस्य



जगतार सिंह
खजांची



अमरजीत सिंह थिंद
सदस्य



जितेन्द्र पाल सिंह जोसन
सदस्य

सदस्य : सुबा सिंह, मलकीयत सिंह, निर्मल सिंह, रघुवीर सिंह, मुकन्दर सिंह, अमरजीत सिंह थिंद, जसकरण सिंह, जितेन्द्र पाल सिंह जोसन

प्रबन्धक कमेटी अते समूह साध संगत, अनूपगढ़

श्रीगुरुनानक जयंती की इलाकावासियों को हार्दिक बधाई



सुरेन्द्रपाल सिंह बराड़

स. सुरेन्द्रपाल सिंह बराड़

पूर्व अध्यक्ष जट्ट सिख समाज, अनूपगढ़
अध्यक्ष, जल उपयोक्ता संगम अनूपगढ़ वितरिका

श्रीमती कुलविन्द्र कौर बराड़

जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी



कुलविन्द्र कौर बराड़



स. बाघ सिंह मल्ली
अध्यक्ष श्रीगुरुनानक खालसा कॉलेज अनूपगढ़



सुखवन्त सिंह
श्रीगुरुनानक साईकिल स्टोर, अनूपगढ़



जसविन्द्र सिंह संधू
अध्यक्ष ब्लॉक किसान कांग्रेस, अनूपगढ़



शैलेन्द्र सिंह मल्ली
पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अनूपगढ़



जलंधर सिंह तूर
महासचिव, जिला कांग्रेस कमेटी, श्रीगंगानगर



गुरप्रीत सिंह बहोलिया 'ज्योति'
बहोलिया ट्रेडर्स, धानमण्डी, अनूपगढ़



जसवन्त सिंह 'जस्सा'
सतगुरु साइकल स्टोर, अनूपगढ़



विरेन्द्र सिंह ढिल्लों
पंजाब स्टूडियो, अनूपगढ़



कर्मजीत सिंह सिंधू (मंगा)
सिंधू ऑटो पार्ट्स, न्यू मिस्त्री मार्केट, अनूपगढ़



जगसीर सिंह गिल
अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल 11 एसजेएम, अनूपगढ़



सुखजीत सिंह सोखी
पार्षद नगरपालिका, अनूपगढ़, ओबीसी मोर्चा, अनूपगढ़



रमनदीप सिंह, पूर्व पार्षद
नगर पालिका, अनूपगढ़

गुरविंदर सिंह जाखड़
जाखड़ कृषि फार्म, अनूपगढ़, (11 ए)

बलजिन्द्र सिंह धनोआ
राजस्थान स्पेयर पार्ट्स, न्यू मिस्त्री मार्केट अनूपगढ़

नरेन्द्र बराड़
अध्यक्ष, भाजपा देहात मंडल अनूपगढ़

हरजिन्द्र सिंह संधू
भाजपा नेता, संधू प्रोपर्टी डीलर, अनूपगढ़

भूपेन्द्र सिंह
बी.एस. मोटर्स, उधम सिंह चौक, अनूपगढ़

लखवीर सिंह बराड़
निर्देशक जीनियस पब्लिक सी.सै. स्कूल, अनूपगढ़

श्रीगुरुनानक जयंती
की इलाकावासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
:: शुभेच्छु ::

नव निर्वाचित सरपंच
लखविन्द्र सिंह गिल
पुत्र स. गुरजंट सिंह गिल
निवासी चक 3 ए
ग्राम पंचायत 61 जी.बी.
पं.स. अनूपगढ़

श्रीगुरुनानक जयंती
की इलाकावासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
:: शुभेच्छु ::

नव निर्वाचित सरपंच
दलजीत सिंह गिल
ग्राम पंचायत 78 जी.बी.
पं.स. अनूपगढ़

श्रीगुरुनानक जयंती की इलाकावासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सरदार श्रवण सिंह नन्दा

पूर्व डायरेक्टर जिला परिषद, श्रीगंगानगर
- पूर्व सरपंच ग्राम पंचाय 90 जी.बी.
- संरक्षक राजस्थान महासभा (राज.)

श्रवण सिंह नन्दा

श्री गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश उत्सव पर

लख-लख बधाई

सरदार जगीर सिंह धंजू

रघुवीर सिंह धंजू
जिला भाजपा कार्यकारिणी
सदस्य, किसान मोर्चा भाजपा

गुरबक्श सिंह धंजू
पूर्व बार संघ, अध्यक्ष,
अनूपगढ़

गुरु हरिकिशन स्कूल में गुरुनानक देव के प्रकाश पर हुआ कार्यक्रम



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

स्थानीय गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल, 11 पीएस में सिख धर्म के संस्थापक प्रथम पातशाह श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लड़ियों से भव्य रूप से सजाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा शब्द कीर्तन और अरदास के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्रों ने गुरु नानक देव जी के जीवन, उनकी शिक्षाओं और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कविताएं, भाषण और साखियां प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' के संदेश को जीवंत किया। पोस्टर और गुरु साहब जी की जीवनी पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान बलदेव बराड़, सचिव जोगा सिंह व कोषाध्यक्ष सहज प्रीत सिंह, विद्यालय के प्राचार्य रोहित गौतम और प्रबंधक समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को प्रकाश पर्व की बधाई दी। गुरु का लंगर बरताया गया।

सूरतगढ़: नगर कीर्तन का किया स्वागत

सूरतगढ़। श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व पर निकाले गए नगर कीर्तन का टैगोर पीजी कॉलेज में श्रद्धा, उत्साह से स्वागत किया गया। कॉलेज विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर संगत का अभिनंदन करते हुए फल वितरित किए। टैगोर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. सुशील जेटली के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में नगर कीर्तन के आगमन से पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई व श्रमदान कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। एनएसएस प्रभारी युधिष्ठर कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवक अरशप्रीत सिंह, जनप्रीत, हरमीत सिंह, वाइस पठान, मनप्रीत कौर, वंशिका शर्मा, ज्योति, माही, मंशा, सिमरन, सोनिया आदि ने सेवाएं दी। इस दौरान प्राचार्य डॉ. मुकेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक गगन सिंह, विभागाध्यक्ष मेघा गुप्ता, हरजिंदर सिंह, रणवीर कुमार, पुरुषोत्तम सिंह, विनोद खत्री, सपना सिंगला, कृपा जोशी, मनीष सिंघला, रघुवीर शर्मा, सोनिया, ऋषभ आहुजा आदि मौजूद रहे।

साइबर धोखाधड़ी जागरूकता अभियान का आयोजन किया



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बजाज फाइनेंस की ओर से हर्ष कॉन्वेंट स्कूल, सूरतगढ़ में साइबर धोखाधड़ी जागरूकता अभियान (साइबर फ्रॉड अवेयरनैस कैम्पेन) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक पारसमल चौधरी, सिटी थानाधिकारी श्रीमती कलावती चौधरी, साइबर एक्सपर्ट सूर्या प्रकाश, सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक लीलाधर जांगिड़ मौजूद रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं साइबर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीकों, साइबर अपराधों से जुड़े खतरों तथा डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर बजाज फाइनेंस की ओर से आरसीयू एरिया मैनेजर रोहन शर्मा एवं आरसीयू मैनेजर लोकेश भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक नागरिक तथा विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी है।

डॉ. निमित मोदी को राष्ट्रपति ने भेंट किया एमडी में स्वर्ण पदक



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

सीमांत कस्बे के मूल निवासी विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर के भतीजे डॉ. निमित मोदी (पुत्र डॉ. सुशील मोदी) को विगत दिवस नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति द्वारा एमडी एनेस्थीसिया में स्वर्ण पदक भेंट किया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दीक्षांत समारोह हुआ। जादूगर सम्राट शंकर ने बताया कि उनके बड़े भाई डॉ. सुशील मोदी के पुत्र डॉ. निमित मोदी पूरे परिवार का गौरव बढ़ाया है।

बींझबायला: राजकीय विद्यालय में माँ सरस्वती मंदिर का लोकार्पण

सीमा सन्देश # बींझबायला



गांव 2ईईए स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के नवनिर्मित मंदिर का लोकार्पण एवं मूर्ति स्थापना समारोह श्रद्धापूर्वक आयोजित हुआ। मंदिर निर्माण एवं मूर्ति स्थापना विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह के सौजन्य से करवाई गई। शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। फरसेवाला निवासी मिस्त्री विनोद सुथार ने मंदिर निर्माण में पांच दिन निःशुल्क श्रमदान किया। सरपंच दलीप तेहरपुरिया ने कहा कि मंदिर स्थापना से विद्यार्थियों में शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की भावना विकसित होगी। प्रधानाध्यापक देवेंद्र सिंह एवं स्टाफ ने धनंजय सिंह का आभार जताया। समारोह में ग्रामीणों, अभिभावकों व विद्यार्थियों को प्रसादी वितरित की गई।

लम्बे समय से बन्द पड़े बस स्टैण्ड का शुभारम्भ

सरपंच सहित युवा शक्ति टीम व ग्रामीणों का प्रयास सफल

सीमा सन्देश # मण्डी 365 हैड। मण्डी 365 हैड की ग्राम पंचायत 2 केएल डी से युवा शक्ति टीम, सरपंच और समस्त ग्रामवासियों के अथक प्रयासों के बाद सोमवार सुबह से गांव में कइ वर्षों से बंद पड़ा बस स्टैंड पुनः शुरू हो गया है। इससे ग्राम वासियों में खुशी देखने को मिली। बस स्टैंड पर पहुंची बसों के चालक-परिचालकों का युवा शक्ति टीम ने स्वागत किया। सरपंच व ग्रामीणों ने उनका पुष्पमालाएं पहनाई।



बस स्टैंड पर शुभारंभ मौके पर सरपंच अरविंद कुमार देहडु, पूर्व सरपंच कुलदीप भांभू, युवा सेवा शक्ति टीम के विक्रम यादव, नवीन बजाज, कुलजिदर सिंह विरदी व अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे। गौरतलब है कि बस स्टैंड बंद होने से यात्रियों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को मुख्य सड़क पर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता था, जिससे दुर्घटना का भी भय बना रहता था। इस समस्या को देखते हुए गांव की ह्युवा शक्ति टीमह्न, सरपंच और समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर प्रशासन व बस संचालकों से लगातार संवाद किया। सरपंच युवा शक्ति टीम ने यात्रियों से यात्रा के लिए मुख्य सड़क पर खड़े होने के बजाय बस स्टैंड परिसर का ही उपयोग करने तथा बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता बनाए रखें और व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

सरपंच बराड़ ने कार्यभार संभाला : गजसिंहपुर। ग्राम पंचायत थांदेवाला 3 एफएफबी के नवनिर्वाचित सरपंच जगजीत सिंह बराड़ ने सोमवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण के दौरान पंचायत भवन में ग्रामीणों, पंचों, पूर्व जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

गुरू पर्व की सभी इलाकावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



श्याम स्वरूप जांगू, पूर्व पार्षद, नगरपालिका सादुलशहर | सुनीता जांगू, पार्षद वार्ड नं. 25 व निदेशक केवीएसएस | प्रकाश जांगू, व्यवसायी

● चौधरी फैशन्स, बस स्टैण्ड मार्ग, सादुलशहर (लेडीज एण्ड किड्स वियर)

● मै. अर्जुन सिंह जांगू एण्ड सन्स, पुरानी धानमंडी सादुलशहर

श्रद्धा व उल्लास के साथ निकाला नगर कीर्तन, पुष्प वर्षा व छबीले लगाकर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

सीमा सन्देश # पदमपुर



श्री गुरु नानक देव जी के जन्म उत्सव पर गुरुद्वारा अरोड वंश से सोमवार को भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन का नगर पालिका मार्ग, अनारकली बाजार, मेनरोड, धान मंडी रोड, धान मंडी, जैन सभा रोड गिल कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। सेवाभावी व्यक्तियों द्वारा जगह-जगह खाने पीने की छबीले व लंगर की सेवाएं दी गई तथा आकर्षक फूलों से सजी गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के समक्ष के नत मस्तक होकर नमन किया। नगर कीर्तन का आकर्षण का केंद्र प्रसिद्ध गतका पार्टी रही रही। शहर के मुख्य चौक चौराहों पर गतका पार्टी के सदस्यों ने अद्भुत तलवारबाजी सहित अन्य खतरनाक करतबों का प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। बड़ी संख्या में हर वर्ग के व्यक्तियों ने श्री गुरु नानक देव जी के सर्वोच्च जीवन के प्रति अटूट आस्था दिखाते हुए अद्भुत प्रस्तुतियां देने वाले बाबा फतेह सिंह जी अखाड़ा भाई सिकंदर सिंह पथराला के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक जाबांज वीरों अद्भुत प्रदर्शन की सराहना करते हुए अपने मोबाइल में कैद कर जोरदार स्वागत किया। नगर कीर्तन के बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था ने पुलिस प्रशासन की पोल सामने आई। बिगड़ी यातायात व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं के साथ अन्य लोगों को भी परेशानी हुई। सैंकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष व युवा श्रद्धालुओं ने पांच प्यारों की उगवाई में नगर कीर्तन व डीजे साउंड पर धार्मिक गीतों की मधुर प्रस्तुतियां देते हुए खुशियों का इजहार किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में झाड़ू लेकर पालकी के आगे श्रद्धाभाव से मार्ग को साफ करते हुए साथ चल रही थी। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के समक्ष शीश नवाजकर भाईचारे और आपसी प्रेम की मिसाल कायम की। नगर कीर्तन के रास्ते में विभिन्न स्थानों पर अनेक धार्मिक, सामाजिक व व्यावसायिक संस्थाओं सहित अन्य श्रृद्धालुओं ने इसमें शामिल संगत में प्रसाद वितरण हेतु अलग-अलग तरह की स्टालें लगाई और नगर कीर्तन का इतिहासिक स्वागत किया।

सादुलशहर व्यापार मण्डल, सादुलशहर

गुरू पर्व की सभी इलाकावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

-: शुभेच्छु :-



संदीप सिंगला, अध्यक्ष | पुनीत गुप्ता, सचिव | नीरज मित्तल, कोषाध्यक्ष

पवन गोयल, रतनलाल गोयल, कृष्ण सिंगला व पवन मित्तल (संरक्षक) कृष्णलाल इन्द्रगढ़िया, नेतराम खीचड़, कमल गोयल व साहिल बाघला (उपाध्यक्ष), अमित तरड़ (महामंत्री), प्रवेश गोयल (मीडिया प्रभारी)

कार्यकारिणी सदस्य : नोहित गर्ग, सतपाल थापन, अरविन्द मिढ़ा, श्यामस्वरूप जांगू, संजीव सिंगला, घनश्याम मित्तल, इन्द्राज बेनीवाल, केवल सिंगला, मोहित गिल्होत्रा, राकेश भादू, कौशल गोयल, राजेन्द्र सिंह राई, हरदीप सिंह ढिल्लों, श्योकरण वर्मा, मित्रसेन जांगू व अनिल सुखीजा।

श्रीविजयनगर: प्रकाश पर्व पर निकला भव्य नगर कीर्तन

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की ओर से शहर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। फूलों से सजी पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में निकले इस कीर्तन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रातः 10:30 बजे गुरुद्वारा साहिब में अरदास के बाद नगर परिक्रमा के नगर कीर्तन रवाना हुआ, जो मुख्य बाजार, पुरानी धान मंडी और इंदिरा मार्केट सहित प्रमुख मार्गों से गुजरा। संपूर्ण मार्ग 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में सिख समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने भागीदारी निभाकर धार्मिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी के बूटा सिंह ने बताया कि 24 नवंबर को मुख्य प्रकाशोत्सव पर सुबह से देर रात तक विशेष कीर्तन दीवान सजेंगे।

पैराशूट से पुष्पवर्षा और गतका अखाड़े का शौर्य: नगर कीर्तन के दौरान आसमान से पैराशूट के जरिए की गई पुष्पवर्षा ने हर किसी का मन मोह लिया। वहीं, गतका अखाड़ा के सदस्यों ने सिखों की पारंपरिक युद्ध कला का शानदार प्रदर्शन किया। तलवारबाजी और अन्य हैरतअंगेज करतबों को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जोरदार जयकारों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।



जगह-जगह लगे लंगर, सेवाभाव से किया स्वागत: नगर कीर्तन के स्वागत में शहरवासियों और सामाजिक संस्थाओं ने पलक-पांवड़े बिछा दिए। डाडा पम्माराम प्रबंध कमेटी द्वारा मेला प्रांगण में हलवा-चने का प्रसाद बांटा गया, तो इंदिरा मार्केट के दुकानदारों ने चाय व ब्रेड पकोड़े की सेवा दी। इसके अतिरिक्त नई धान मंडी में व्यापार मंडल की ओर से विशाल लंगर लगाया गया, जहां सेवादारों ने पूरी श्रद्धा से श्रद्धालुओं को जलपान करवाया।

कंवरपुरा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने की शिकायत

गजसिंहपुर। गजसिंहपुर से कंवरपुरा जाने वाली सड़क के पुनर्निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए बॉर्डर एरिया के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर के मार्फत तहसीलदार गजसिंहपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम पंचायत कंवरपुरा, थांदेवाला, संगराना, ख्यालीवाला के निवासियों ने कहा है कि सड़क को पूरी तरह उखाड़कर नियमानुसार बनाने की बजाय कहीं-कहीं रोड़ी डालकर व किनारों पर मामूली सुधार कर औपचारिकता पूरी की जा रही है। कामरेड हंसराज गोदारा ने मांग की है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच करवाई जाए, घटिया सामग्री पाई जाए तो ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो और सड़क का निर्माण स्वीकृत प्राक्कलन व मानकों के अनुसार पूरा करवाया जाए।

गुरू पर्व की सभी इलाकावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अशोक धमीजा, डॉ. अपिन्द्र सिंह, विजय गोयल, भवानीशंकर सोनी, रविन्द्र मोदी | अमित चावला, धर्मेन्द्र शर्मा, डॉ. रोशन अरोड़ा, मंगत सहारण, शिवप्रकाश सहारण

शुभेच्छु :- ■ अशोक धमीजा, उपाध्यक्ष नगरपालिका सादुलशहर ■ डॉ. अपिंद्र सिंह, संचालक रोहतक जनरल एंड डेंटर केयर सेंटर, चानी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक सादुलशहर ■ विजय गोयल, अध्यक्ष श्री गौशाला समिति, संचालक इंडेन गैस एजेंसी, सादुलशहर गैस सर्विस ■ भवानी शंकर सोनी, अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी सादुलशहर ■ एडवोकेट रविंद्र मोदी, पूर्व अध्यक्ष बार संघ सादुलशहर ■ एडवोकेट अमित चावला, पूर्व अध्यक्ष बार संघ सादुलशहर ■ एडवोकेट धर्मेन्द्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बार संघ सादुलशहर ■ डॉ. रोशनलाल अरोड़ा, समाजसेवी, वंश फैशन मॉल सादुलशहर। कृष्ण अरोड़ा, गुरु कृपा ईट उद्योग। श्रीमती नीलम अरोड़ा, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत खैरूवाला। ■ मंगत सहारण, अध्यक्ष सादुलशहर ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. सादुलशहर ■ शिवप्रकाश सहारण, प्रगतिशील किसान सादुलशहर। मैं. चौधरी कंप्यूटर्स एंड ई-मित्र, नजदीक अग्रसेन चौक सोसायटी के सामने सादुलशहर।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

श्रीगंगानगर। संकल्प कोचिंग के निदेशक संजय चौधरी, प्रियंका चौधरी के पुत्र एवं संदीप चौधरी, सुचित्रा चौधरी के भतीजे रुद्र प्रताप चौधरी के जन्मदिन पर दादा ओम प्रकाश भुंवाल, दादी गुड्डी देवी सहित पूरे परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।



चक धर्मसिंहवाला। मुकेश कुमार के जन्मदिन पर पत्नी अलका, बेटा रीतिक चरणजीव, विवेक, स्नेहा, पापा-मम्मी दौलीराम-सावित्री देवी, भाई रमेश, पूनम एवं समस्त सरवा परिवार की बधाई।



बाबा फतेहसिंह गतका दल ने दिखाये साहसपूर्ण करतब

फरीदसर के गुरुद्वारा साहिब से निकला नगर कीर्तन, अनेक जगह जोरदार स्वागत





केसरीसिंहपुर। श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। फरीदसर स्थित गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुआ यह नगर कीर्तन कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सजी-धजी पालकी में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई पांच प्यारों ने की, वहीं बाबा फतेह सिंह गतका दल ने साहसपूर्ण करतब दिखाए। स्वच्छता का संदेश देती महिलाओं ने मार्ग की साफ-सफाई की, और जगह-जगह संगत द्वारा पुष्प वर्षा, फल और जल का वितरण किया गया। पीछे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रागी और कविशर जत्थों ने मधुर हरिजस गायन से संगत को निहाल किया। नगर कीर्तन वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ, जहां अटूट लंगर बरताया गया। मंगलवार को अखंड पाठ के भोग के बाद कीर्तन दरबार सजाया जाएगा।

गुरू पर्व की सभी इलाकावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

बालाजी क्लिनिक

श्री गोशाला मार्ग, नजदीक अम्बेडकर सर्किल, सादुलशहर (राज.)

सम्पर्क नं. : 90010-99477, 90010-99577

स्पैशलिस्ट : मानसिक मस्तिष्क, सैक्स व नशा मुक्ति रोग

यहां पर अफीम, स्मैक व सभी प्रकार के नशे की लत का सरकारी मानकों के आधार पर पूर्ण उपचार किया जाता है।



समय : सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक व रविवार को दोपहर 2 बजे तक



डॉ. मिहिर राज, एमडी. (साइकियाट्री), मानसिक मस्तिष्क व नशा मुक्ति रोग विशेषज्ञ, विरबास पूनिया, प्रबन्ध निदेशक



POONIA TRANSPORT

श्री गुरुनानक गर्ल्स स्कूल कैम्पस, बस स्टैण्ड मार्ग, श्रीगंगानगर

ROYAL BULLET BUS

ए.सी. चेयर सर्विस : श्रीगंगानगर से जयपुर : सुबह 5 बजे, जयपुर से श्रीगंगानगर : 4 बजे। श्रीगंगानगर से पीरागढ़ी (दिल्ली) : सुबह 5.10 बजे, पीरागढ़ी (दिल्ली) से श्रीगंगानगर : शाम 4.30 बजे

ए.सी. स्लीपर सर्विस : श्रीगंगानगर से पीरागढ़ी (नई दिल्ली) : (वाया अबोहर-डबवाली): रात्रि 9.15 बजे। पीरागढ़ी (नई दिल्ली) से श्रीगंगानगर : (वाया डबवाली-अबोहर) से : रात्रि 11.00 बजे

जयपुर नं. 90018-20363, 90019-80363

श्रीगंगानगर नं. 99825-12525, 90019-80363

विशेष : लगेज पार्सल, ऑफलाईन बुकिंग पर 50 रुपए की छूट व विवाह, टूर आदि प्रोग्रामों के लिए बस बुकिंग सुविधा उपलब्ध है।

श्रीगंगानगर जिले के चुनाव परिणाम भी ऐतिहासिक देखने को मिलेंगे : जांगिड़

सीमा सन्देश # सादुलशहर



पंचायत राज चुनाव में कांग्रेस पार्टी को राज्य में मिली प्रचंड जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों एवं नवनिर्वाचित सरपंच गणों द्वारा पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड के निवास स्थान पर पहुंचने एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला जारी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा राजपूत, नगर अध्यक्ष भवानी शंकर सोनी, देहात मंडल अध्यक्ष अनंतराम कारगवाल, मिजेर्वाला ब्लाक अध्यक्ष लालचंद मेघवाल, बहरामपुराबोदला के नवनिर्वाचित सरपंच एड. प्रमेंद्र खीचड, बार संघ के सचिव राकेश गुरिया, पूर्व पार्षद एड. मेहताब गुरिया, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, प्रतीक शर्मा आदि ने पहुंचकर ऐतिहासिक जीत पर जांगिड को गुलदस्ता भेंट कर खुशी का इजहार किया। वहीं पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि श्रीगंगानगर जिले के चुनाव परिणाम भी ऐतिहासिक देखने को मिलेंगे। भाजपा का सफाया होगा। जिला प्रमुख एवं प्रधानगण कांग्रेस के बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने चुनाव को मजाक बनाकर छोड़ दिया है। इसका जवाब भी आने वाले चुनाव में जनता देगी।

गुरू पर्व की सभी इलाकावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पंजाब आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल

हनुमानगढ़ रोड़, मोरजण्डखारी, श्रीगंगानगर फोन : 01503.296049





DR. MOHIT ARORA, Chairman | DR. Pallavi Arora, Secretary

हॉस्पीटल सुविधाएं :-

60 बेड हॉस्पीटल

पंचकर्म चिकित्सा

एक्स-रे, ईसीजी, लैबोरेट्री

अग्निकर्म, क्षारसूत्र

वर्मरोग, श्वास, पेट से सम्बन्धित रोग, अर्श (बावासीर) भगन्दर आदि, मुत्र रोग, जोड़ो के रोग, आंख, नाक, नाक व गले के रोग

स्त्री रोग जैसे सफेद पानी आना, बाँझपन आदि, पुरुष नपुंसकता शुक्राणुओं की कमी, गुप्त रोग आदि

बालों से संबंधित समस्याएं जैसे बाल झड़ना, सफेद होना आदि कील-मुंहासे, चेहरे पर झाईयां आदि रोगों का ईलाज उपलब्ध है।

Cerebral Palsy, Migraine व अन्य जटिल व पुराने रोगों का आयुर्वेदिक पंचकर्म पद्धति से विशेषज्ञों द्वारा ईलाज किया जाता है

ग्लोबल न्यूज

व्हट्सअप ला रहा पढ़ते ही गायब होने वाले मेसेज का फीचर



व्हट्सअप नए फीचर की टेस्टिंग कर रहा है जिसके जरिए यूजर्स ऐसे टेक्स्ट मेसेज भेज सकेंगे जो एक बार पढ़े जाने के बाद अपने-आप गायब हो जाएंगे। इनको न तो सेव, न ही कॉपी और न ही उनका स्क्रीनशॉट लिया जा सकेगा। फिलहाल यह फीचर केवल कुछ आईफोन यूजर्स के लिए बीटा वर्जन में उपलब्ध है।

मेटा एआई प्रमुख ने मशीनों के इंसान से आगे निकलने की चेतावनी दी



मेटा के अकप्रमुख एलेक्जेंडर वांग ने चेतावनी दी है कि मशीनें जल्द इंसानी दिमाग को पीछे छोड़ सकती हैं। रीमैन हाइपोथीसिस के एआई आधारित प्रमाण को उन्होंने इसका उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक पर इंसानी नियंत्रण जरूरी है और कंपनियों को एआई के उपयोग पर भी ध्यान देना चाहिए।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट्स को 30 साल का सबसे बड़ा बहुमत



अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेट्स ने 258 सीटें जीतकर 3 दशक से अधिक समय में सबसे बड़ा बहुमत हासिल किया है। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार चक हबर्ड के नॉर्थ कैरोलाइना के 5वें कांग्रेसनल ज़िले में रिपब्लिकन उम्मीदवार वर्जीनिया फॉक्स को हराने के साथ पार्टी को यह बहुमत मिला है। यह आंकड़ा 1992 में मिली 258 सीटों के बराबर है।

ब्राजील में डूबती बच्ची को बचाने के लिए पूल में कूदा कुत्ता, वायरल हुआ वीडियो



ब्राजील के ऑनलाइन वायरल हुए एक वीडियो में दिख रहा है कि पूल में गिरकर डूबने लगी एक बच्ची को बचाने के लिए गोल्डन रिट्रीवर कुत्ता पानी में कूद गया। बच्ची ने कुत्ते को पकड़ लिया जिससे वह पानी में तैरती रही और बच गई। बाद में एक महिला भी पूल में कूदी और बच्ची को बाहर ले आई।

डायबिटीज नियंत्रित नहीं होने से कैंसर की सर्जरी में बढ़ सकती हैं जटिलताएं; दी चेतावनी



डायबिटीज नियंत्रित न होने पर कैंसर की सर्जरी के बाद संक्रमण और घाव भरने में देरी का खतरा बढ़ सकता है। मुंबई में सर्जन डॉक्टर अमित चक्रवर्ती ने कहा कि हाई ब्लड शुगर से शरीर की संक्रमण से लड़ने और ऊतकों की मरम्मत करने की क्षमता कमजोर होती है। विशेषज्ञों ने सर्जरी से पहले शुगर जांच और नियंत्रण पर जोर दिया है।

अमेरिका के एक शहर में हुआ सूर्यास्त, अब 23 जनवरी 2027 में आएगा नजर



अलास्का (अमेरिका) के उतकियागविक शहर में 18-नवंबर को 2026 का आखिरी सूर्योदय-सूर्यास्त हुआ। अब यहां 23-जनवरी 2027 तक सूर्योदय नहीं होगा। पृथ्वी के 23.5त झुकाव के कारण उतकियागविक में तकरीबन 65-दिनों तक पोलर-नाइट रहती है। सर्दियों में उत्तरी गोलार्ध सूर्य से दूर झुका रहता है जिसके कारण आर्कटिक सर्कल के ऊपर इलाकों में लंबे समय तक सीधी धूप नहीं पहुंचती।

'रामायण' को अमेरिका में झटका, यूएस के 800 थिएटर से हटाई गई फिल्म



रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण' को टिकट बिक्री में गिरावट के बीच अमेरिका के 800 थिएटर्स से हटा लिया गया है। अमेरिका में सोनी पिक्चर्स द्वारा डिस्ट्रीब्यूट की गई इस फिल्म को शुरूआत में 1,400+ थिएटर्स में रिलीज किया गया था। 'कोलाइडर' के मुताबिक, दूसरे ही हफ्ते में फिल्म को 300+ स्क्रीन्स से हटा दिया गया था।



घग्घर बेल्ट में सूर्यास्त का मनमोहक नजारा

बड़ोपल और सूरतगढ़ के बीच घग्घर बेल्ट में ढलते सूरज की सुनहरी आभा प्रकृति की अद्भुत खूबसूरती को बयां कर रही है। दूर तक फैले खेत, घग्घर क्षेत्र के जलभराव वाले हिस्से और पानी में पड़ती सूरज की सुनहरी परछाईं इस दृश्य को बेहद आकर्षक बना रही है। क्षितिज पर बिखरे केसरिया रंग और शांत ग्रामीण परिवेश प्रकृति के अनूठे सौंदर्य को जीवंत कर रहे हैं। इस मनमोहक और विहंगम नजारे को अपने कैमरे में कैद कर दैनिक सीमा सन्देश के साथ साझा किया है वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास स्वामी ने। यह दृश्य जल-संरचनाओं, खुले खेतों और शांत वातावरण के संतुलन को दर्शाते हुए हर देखने वाले का मन मोह लेता है।

भारत आखिरी 43 ओवर में विकेट नहीं ले सका: न्यूजीलैंड से टेस्ट ड्रॉ

डब्ल्यूटीसी में नुकसान; बाकी 6 मैच जीते तो भी फाइनल खेलना मुश्किल

वार्ता # वेलिंगटन

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2026-27 के पहले टेस्ट में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। सोमवार को बेसिन रिजर्व में खेले गए इस मैच के पांचवें और आखिरी दिन न्यूजीलैंड ने डटकर बल्लेबाजी की और अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 239 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 352 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आखिरी दिन भारत ने 3 विकेट भी लिए, लेकिन इसके बावजूद वे जीत दर्ज नहीं कर सके। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पहले दिन के शुरूआती सेशन के बाद पिच से गेंदबाजों को कोई खास मदद नहीं मिली। इस ड्रॉ मुकाबले से दोनों टीमों को 4-4 अंक मिले। इस नतीजे से अगले साल जून में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत के पहुंचने की संभावनाओं को कोई खास फायदा नहीं मिला। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और न्यूजीलैंड के 5 विकेट सिर्फ 70 रनों पर गिरा दिए। इसके बाद न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी की। हेनरी निकोल्स ने नाबाद 175 रनों की पारी खेली, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने 118 रन बनाए (जो उनका दूसरा टेस्ट शतक था)। इन पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 368 रन बनाए।



मिचेल-फिलिप्स ने 259 गेंद पर नाबाद 63 रन की साझेदारी की।

पिच सपाट हो गई, बल्लेबाजी करना आसान हुआ

भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन धीरे-धीरे पिच सपाट हो गई और बल्लेबाजी के लिए बहुत आसान हो गई। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में इसका पूरा फायदा उठाया और 9 विकेट पर 720 रन बनाकर पारी घोषित कर दी, जिससे उन्हें 352 रनों की मजबूत बढ़त मिल गई। केएल राहुल और ऋषभ पंत ने शतक लगाए, जबकि शुभमन गिल 98 रन बनाकर शतक से चूक गए। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल ने भी 80 के स्कोर तक पहुंचकर अहम योगदान दिया। भारत की पारी में पहली 7 साझेदारियां 50 रनों के पार रहीं, जो टेस्ट क्रिकेट में एक नया विश्व रिकॉर्ड है। बड़ी बढ़त का सामना कर रही न्यूजीलैंड टीम जानती थी कि टेस्ट बचाने के लिए उन्हें बचा हुआ पूरा समय बल्लेबाजी करनी होगी। कप्तान टॉम लैथम के लिए यह मैच बहुत निराशाजनक रहा, वे दोनों पारियों में शून्य पर आउट हुए। वहीं, पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करने वाले हेनरी निकोल्स को इस बार शानदार गेंदबाजी कर रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया।

भारत को पता था कि मैच का नतीजा निकालने के लिए उन्हें शानदार गेंदबाजी करनी होगी, क्योंकि आखिरी दिन की शुरूआत में न्यूजीलैंड के आठ विकेट लेना बाकी था। सोमवार को भारत ने अच्छी शुरूआत की और रात के दोनों नाबाद बल्लेबाजों - डेवोन कॉनवे (65) और रचिन रवींद्र (37) - को आउट कर दिया, जिससे जीत की उम्मीदें कुछ देर के लिए जाग गईं। कॉनवे, जिन्होंने 165 गेंदों का सामना किया और सात चौके लगाए, वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों लपके गए। वहीं, रवींद्र ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले के किनारे से लगकर गली में खड़े केएल राहुल के हाथों में चली गई। लंच के कुछ देर बाद टॉम ब्लंडेल का विकेट गिरा। भारत ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू लिया, जो सफल रहा और अंशुल कंबोज ने ब्लंडेल (15 रन) को आउट कर दिया। विकेट के पीछे पंत ने कैच पकड़ा। हालांकि, इसके बाद डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स ने भारतीय गेंदबाजों को कड़ी टक्कर दी। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए एक अहम साझेदारी करके भारतीय टीम को परेशान कर दिया। जब मैच खत्म हुआ, तब मिशेल 49 रन और फिलिप्स 26 रन बनाकर नाबाद थे।

यूएई के खिलाफ जीत के बाद ही सेमीफाइनल में पहुंच सकेगा भारत

एशिया कप राइजिंग स्टार्स में मुकाबला आज



दोहा। एशिया कप राइजिंग स्टार्स में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इस अहम मुकाबले में इंडिया ए की सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में अनुशासन और निरंतरता बनाए रखने की होगी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 11.30 बजे शुरू होगा। भारत को पिछले मुकाबले में पाकिस्तान ए के खिलाफ 48 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में भारतीय गेंदबाज पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे थे। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 313 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। खास बात यह रही कि टीम ने आखिरी 11 ओवर में 5 विकेट गंवाने के बावजूद 83 रन जोड़ दिए थे। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। नियमित गेंदबाज हर्षित राणा, प्रिंस यादव और शाहबाज अहमद जहां प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे, वहीं पार्ट टाइम गेंदबाज आयुष बदोनी ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। तिलक वर्मा जरूर मैच में अंत तक संघर्ष करते नजर आए। ऐसे में यूएई के खिलाफ गेंदबाजों को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

आईपीएल एक्शन में खिलाड़ियों की बोली लगाते दिखेंगे धोनी

इरफान पठान ने एमएस धोनी की भूमिका बताई



नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने आईपीएल से संन्यास की घोषणा कर दी है। धोनी ने आईपीएल 2027 की रिटेंशन लिस्ट सामने आने से पहले अपने रिटायरमेंट का एलान किया। वे आगामी सीजन में मेंटर की भूमिका निभाएंगे। धोनी का काम अब खिलाड़ियों को गाइड करना होगा। ऐसे में भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने धोनी की भूमिका पर बात की है। पठान का मानना है कि धोनी ऑक्शन टेबल पर नहीं बैठेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने माना कि वे मेंटर हैं और उनका काम खिलाड़ियों को गाइड करना है, न कि ऑक्शन टेबल पर बैठना। वे अपना अनुभव साझा करेंगे और ये बताने की कोशिश करेंगे कि सीएसके कैसे मैच जीत सकती है। गौरतलब हो कि धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद चेन्नई एक भी बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी है।

काव्या मारन के रिसेप्शन में पहुंचे माही, मुरलीधरन, विलियमसन सहित फिल्मी सितारे

चेन्नई। म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर और सनराइजर्स हैदराबाद की सह मालकिन काव्या मारन के वेडिंग रिसेप्शन में क्रिकेट और फिल्म जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। रिसेप्शन के दूसरे दिन आयोजित समारोह में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने शिरकत की। चेन्नई के गिंडी स्थित एक पांच सितारा होटल में काव्या मारन और अनिरुद्ध रविचंदर के रिसेप्शन में फिल्मी दुनिया के सितारों का भी जमावड़ा देखने को मिला। अभिनेता अजित कुमार अपने परिवार के साथ समारोह में पहुंचे। वहीं सुपरस्टार रजनीकांत, अभिनेता सिलंबरासन टीआर (सिम्बु) और निर्देशक नेल्सन भी नवदंपती को आशीर्वाद देने पहुंचे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय समेत कई राजनीतिक हस्तियां भी हिस्सा बनीं। तमिलनाडु के पूर्व सीएम एमके स्टालिन ने अपनी पोती काव्या और अनिरुद्ध के रिसेप्शन में शामिल होने वाले मेहमानों का आभार जताया।

बीसीसीआई से सवाल- न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम चयन के लिए पूर्व कप्तान ने रखी बात

सौरव गांगुली ने पूछा- कुलदीप और मानव सुथार कहां हैं?



नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने टीम इंडिया के प्लेइंग-11 के चयन पर सवाल उठाए हैं। गांगुली का मानना है कि विदेशी सरजमीं पर टेस्ट मैच जीतने के लिए टीम में एक विशेषज्ञ स्पिनर का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कुलदीप यादव या मानव सुथार को टीम में जगह क्यों नहीं दी गई। सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय टीम की तारीफ की, लेकिन विशेषज्ञ स्पिनर की कमी को लेकर सवाल भी उठाए।

टेस्ट में विशेषज्ञ स्पिनर जरूरी

सौरव गांगुली ने लिखा कि भारत इस सीरीज में शानदार रहा है। व्हाइट बॉल क्रिकेट और अब रेड बॉल क्रिकेट में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। बल्लेबाजों ने बेहतरीन अनुशासन दिखाया। लेकिन टीम को यह समझना होगा कि विदेशी परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतने के लिए ऐसे पिचों पर एक विशेषज्ञ स्पिनर का होना जरूरी है, जो समय के साथ सपाट हो जाती हैं। टेस्ट क्रिकेट में आपको एक विशेषज्ञ स्पिनर खिलाना ही होगा। वाशिंगटन सुंदर ऑलराउंडर के तौर पर खेल सकते हैं। बीसीसीआई से कुलदीप या मानव सुथार कहां हैं?





भारतीय टीम ने वेलिंगटन टेस्ट से पहले कुलदीप यादव को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया था। उनकी जगह तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को टीम में शामिल किया गया। वहीं, मानव सुथार को न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। वह भी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान की तरफ से खेल रहे हैं। वेलिंगटन टेस्ट में भारत के पास रविंद्र जडेजा को खिलाने का विकल्प भी था, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर को प्लेइंग-11 में शामिल किया। सुंदर ने दूसरी पारी में डेवोन कॉनवे का विकेट जरूर लिया, लेकिन सपाट पिच पर भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिली।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 24 नवम्बर 2026

अब वे कुछ ज्यादा ही मांगें करने लगे हैं। हर मामले में न्यायिक अधिकारी आवेदन दाखिल कर कहते हैं कि हमें यह सुविधा दी जाए। वे अदालतों में काम क्यों नहीं करते? हमें पता है कि वे कितने मामलों का निपटारा करते हैं और दिनभर क्या करते रहते हैं। - **सीजेआई सूर्य कांत**

न्यूज इन ब्रीफ

बुटाटी धाम में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

डेगाना। नागौर के विश्व प्रसिद्ध बुटाटी धाम में न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू की। 11 जेसीबी की मदद से 17 पक्के मकानों, 100 से अधिक अस्थायी दुकानों तथा तीन मंजिला होटल, गेस्ट हाउस समेत कई व्यावसायिक निर्माण हटाए जा रहे हैं। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल और आरएसी के जवान तैनात रहे। प्रशासन के अनुसार चार खसरों में वर्षों से चले आ रहे अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं।

दम्पती व बेटे की कुचलने से मौत

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में हुआ। मृतकों की पहचान मथुरा निवासी हरलाल (55), उनकी पत्नी गुड्डो (50) और बेटे तेजवीर (21) के रूप में हुई है। तीनों शादी समारोह में शामिल होने आए थे और रेलवे स्टेशन जा रहे थे। पुलिस ने वाहन जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

छापे में 8 किलो चरस बरामद

शिमला। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ठियोग के बहानी गांव में तीन घरों पर एक साथ छापेमारी कर करीब 8 किलो चरस बरामद की। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक घर से 5.5 किलो चरस, 1.05 लाख रुपये नकद और वजन मशीन मिली। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

भत्ता बढ़ाने की मांग तेज

नई दिल्ली। केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की नजरें 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों पर टिकी हैं। कर्मचारी संगठनों ने हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और ट्रांसपोर्ट अलाउंस (टीए) में संशोधन की मांग उठाई है। प्रस्ताव में शहरों की श्रेणी के अनुसार एचआरए बढ़ाने और लेवल-1 कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 9 हजार रुपये मासिक टीए की मांग की गई है। हालांकि, ये अभी मांगें हैं, अंतिम फैसला सरकार की सिफारिशों के बाद होगा।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आग

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पहाड़गंज दिशा में टिकट काउंटर के पास सोमवार दोपहर एटीएम बूथ में आग लग गई। आग की चपेट में दो एटीएम आ गए। सूचना मिलते ही आरपीएफ जवानों ने क्षेत्र खाली कराया और टिकट काउंटर बंद कर दिया। दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग के कारणों और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

पूर्व फौजी की पीट-पीट कर हत्या

झुंझुनूं। सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के चिड़ावा बाईपास पर पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बेटी के ससुराल वालों से समझाइश करने पहुंचे हरियाणा निवासी 66 वर्षीय रिटायर्ड सूबेदार सुरेश कुमार की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, सुरेश कुमार 22 नवंबर को बेटी मोनू से मिलने चिड़ावा आए थे। इसके बाद वह अपने नाती विज्ञान और भतीजे अर्जुन के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे। आरोप है कि दहेज विवाद को लेकर बातचीत के दौरान बेटी के ससुर मंदरूप, पति होशियार सिंह और देवर जसवीर ने उन पर लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और कस्सी से हमला कर दिया। गंभीर घायल सुरेश कुमार को चिड़ावा अस्पताल से झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अमित कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

असंगठित क्षेत्र में कुल रोजगार का 31 प्रतिशत से अधिक हिस्सा महिलाओं का रहा

गैर-कृषि इकाइयों की संख्या दूसरी तिमाही में 18.8 प्रतिशत बढ़ी, रोजगार में 16.9 फीसदी हुई वृद्धि

नयी दिल्ली (वार्ता)

असंगठित क्षेत्र की गैर-कृषि इकाइयों की संख्या चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 18.8 प्रतिशत बढ़कर 9.47 करोड़ हो गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही में इस क्षेत्र में रोजगार एक साल पहले के 16.9 प्रतिशत बढ़कर 15.03 करोड़ पर पहुंच गया। इकाइयों की संख्या में शहरी क्षेत्रों में 22.05 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में भी 16.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सबसे अधिक सालाना वृद्धि दर्ज करने वाले शीर्ष पांच औद्योगिक क्षेत्रों में खुदरा व्यापार, मरम्मत एवं रखरखाव सेवाएं, सड़क परिवहन गतिविधियां, व्यक्तिगत सेवाएं और कपड़ों का निर्माण शामिल हैं।

असंगठित क्षेत्र में रोजगार देने के मामले में सेवा क्षेत्र मुख्य चालक रहा। इस क्षेत्र में कार्यबल की संख्या में 33 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी तिमाही में असंगठित क्षेत्र के कुल कार्यबल में 'काम करने वाले मालिकों' की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। ये कुल कामगारों का 61.99 प्रतिशत थे, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 59.98 प्रतिशत था। कुल रोजगार में वेतनभोगी कामगारों की हिस्सेदारी में कमी आई, लेकिन इसी अवधि के दौरान उनकी कुल संख्या में लगभग प्रतिशत की वृद्धि हुई।

शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में प्रदर्शन बेहतर

रोजगार के मामले में भी ग्रामीण क्षेत्र का प्रदर्शन शहरी क्षेत्र के मुकाबले बेहतर रहा। ग्रामीण क्षेत्र में 17.52 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 16.30 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। सभी क्षेत्रों में 'अन्य सेवाएं' क्षेत्र ने सबसे अधिक सालाना वृद्धि दर्ज की। इस क्षेत्र में इकाइयों की संख्या 29 प्रतिशत और रोजगार 33 प्रतिशत बढ़ा। व्यापार क्षेत्र दूसरे स्थान पर रहा। इसमें इकाइयों की संख्या में 11.70 प्रतिशत और रोजगार में 8.36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विनिर्माण क्षेत्र में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। इसमें पिछले साल की तुलना में इकाइयों की संख्या में 10.55 प्रतिशत और रोजगार में 3.52 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। असंगठित क्षेत्र में कुल रोजगार का 31 प्रतिशत से अधिक हिस्सा महिलाओं का रहा। यह आंकड़ा जुलाई-सितंबर 2025 के 28.70 प्रतिशत की तुलना में अधिक है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह दशार्ती है कि यह क्षेत्र महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

समझ, तर्क और व्यावहारिक ज्ञान पर होगा जोर; फिलहाल पुराना पैटर्न रहेगा जारी

सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में बदल सकता है मूल्यांकन का तरीका

नई दिल्ली



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में आने वाले समय में मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव किया जा सकता है। नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप बोर्ड विद्यार्थियों की केवल याददाश्त नहीं, बल्कि विषयों की समझ, तार्किक क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान को परखने पर जोर देने की तैयारी कर रहा है।

कंपिटेंसी बेस्ड असेसमेंट को मिलेगा बढ़ावा: प्रस्तावित व्यवस्था में ऐसे प्रश्नों को अधिक महत्व दिया जा सकता है, जिनके उत्तर के लिए विद्यार्थियों को अवधारणाओं की गहरी समझ और सीखी गई बातों का वास्तविक जीवन में उपयोग करना आना जरूरी होगा। हालांकि, सीबीएसई ने अभी परीक्षा पैटर्न में तत्काल बदलाव की घोषणा नहीं की है। वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाएं पुराने पैटर्न पर ही आयोजित होने की संभावना है। सीबीएसई के अनुसार, मूल्यांकन प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में देशभर के स्कूल प्राचार्यों और शिक्षा विशेषज्ञों से चर्चा की जाएगी।

जम्मू सम्मेलन में होगी चर्चा: सीबीएसई का 32वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17 और 18 दिसंबर को जम्मू में आयोजित होगा। इस बार सम्मेलन की थीम 'असेसमेंट : ग्लोबली ओरिएंटेड, फ्यूचर रेडी लर्नर्स' रखी गई है। इसमें विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, नवाचार और व्यावहारिक समझ को परखने के नए तरीकों पर मंथन होगा।

बदल सकती है तैयारी की रणनीति: सीबीएसई सिटी को-ऑर्डिनेटर एसी झा के अनुसार, यदि दक्षता आधारित मूल्यांकन का दायरा बढ़ता है तो विद्यार्थियों को अपनी तैयारी का तरीका बदलना होगा। विज्ञान में केवल परिभाषाएं याद करने के बजाय सिद्धांतों के प्रयोग पर आधारित प्रश्न पूछे जा सकते हैं। वहीं गणित में सूत्र याद करने से अधिक उनके उपयोग और समस्या समाधान क्षमता पर ध्यान दिया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, विद्यार्थियों को अब रटने के बजाय विषयों की मूल अवधारणाओं को समझने, विश्लेषणात्मक प्रश्नों का अभ्यास करने और उत्तरों को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़कर पढ़ने पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि, नई गाइडलाइन जारी होने तक विद्यार्थियों को मौजूदा पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न के अनुसार ही तैयारी करनी होगी।

---

3 वर्ष में नशे के खिलाफ दर्ज प्रकरण में 27 हजार 473 लोग गिरफ्तार

जयपुर (वार्ता)। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर तेजी से कार्य करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध उत्पादन एवं नशे के कारोबार में लिप्त के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है और गत तीन वर्षों में प्रदेश में 18 हजार 497 प्रकरण दर्ज कर 27 हजार 473 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने वर्ष 2024 से 2026 (अक्टूबर) तक एनडीपीएस एक्ट के तहत यह कार्रवाई की। इस अवधि में लगभग 2 हजार 445 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किये गये हैं वहीं नशे के अवैध कारोबार में प्रयुक्त 13 हजार 620 वाहन भी जब्त किये गये है। प्रदेशभर के जिलों, विशेषकर सीमावर्ती, में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन कार्रवाइयों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2026 में ही 7 हजार 44 प्रकरण दर्ज किये गये जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार नशीले पदार्थों की अवैध खेती और उत्पादन के नेटवर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्रवाई करते हुए गत 3 वर्षों में कुल 288 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। अवैध नशीले पदार्थों के निर्माण की फैक्ट्रियों, विशेषकर एमडी ड्रग्स, के विरुद्ध गत तीन वर्षों में कुल 49 प्रकरण दर्ज कर 115 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। नशे के कारोबार के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। वर्ष 2025 में 133 प्रकरणों में 66 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 55 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 250 प्रकरणों में 75 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी है। अवैध नशीले पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2025 और 2026 में 173 इस्तगासे प्रस्तुत कर प्रभावी कार्रवाई की गयी है वहीं एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत 170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार वर्ष 2026 तक प्रदेश में फरार, हार्डकोर एवं इनामी श्रेणी के 3 हजार 450 वांछित को गिरफ्तार किया गया। नशे के कारोबार के 236 हॉटस्पॉट पर छापेमारी कर 473 कार्रवाइयां भी की गयी।

नोहर क्षेत्र के 15 आंगनबाड़ी केंद्रों में होंगे मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, जताया राज्य सरकार का आभार

आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के लिए 71.71 लाख स्वीकृत

सीमा सन्देश # नोहर



पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के प्रयासों से नोहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 71.71 लाख रुपये की स्वीकृति जारी हुई है। इस राशि से क्षेत्र के 15 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों में आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य करवाए जाएंगे। इस स्वीकृति पर पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और मातृ-शिशु सेवाओं का महत्वपूर्ण आधार हैं। भवनों के सुदृढ़ीकरण से बच्चों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पुर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने बताया कि स्वीकृत राशि के तहत 15 बारानी में 4.94 लाख, ढाणी राईका में 4.73 लाख, किंकराली में 3.75 लाख, थिराना में 3.91 लाख, कानसर में 3.90 लाख, दुजार्ना में 4.91 लाख, मलवानी के दो केंद्रों में 8.18 लाख, जनानिया में 4.91 लाख, नीमला में 3.22 लाख, मंदरपूरा में 3.94 लाख, पाण्डुसर में 4.44 लाख, गिराजसर में 4.08 लाख, भूकरका के दो केंद्रों में 9.14 लाख, ढण्ढेला में 3.94 लाख तथा देईदास में 3.72 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के आधारभूत ढांचे में सुधार होगा और बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिल सकेगा।

अहमदाबाद से हनुमानगढ़ तक फैली सप्लाई चेन जांच के घेरे में

रामदेव ब्रांड मिर्च पाउडर का सैंपल अनसेफ, तीन फर्मों पर कार्रवाई

सीमा सन्देश # हनुमानगढ

खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए रोजाना इस्तेमाल होने वाला मिर्च पाउडर ही सेहत के लिए खतरा बन सकता है। हनुमानगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में रामदेव ब्रांड मिर्च पाउडर का सैंपल अनसेफ पाए जाने के बाद विभागीय कार्रवाई की गई है। मामले में एडीएम उमेदी लाल मीणा ने मिर्च पाउडर के निर्माण, सप्लाई और बिक्री से जुड़ी तीन फर्मों पर कुल 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। खाद्य सुरक्षा टीम ने हनुमानगढ़ टाउन से इस मिर्च पाउडर का नमूना लिया था, जिसे जांच में खाने के लिए असुरक्षित पाया गया। जांच में सामने आया कि मिर्च पाउडर की सप्लाई चेन अहमदाबाद से शुरू होकर हनुमानगढ़ तक पहुंच रही थी। अहमदाबाद स्थित रामदेव फूड प्रोडक्ट फर्म में मिर्च पाउडर तैयार किया जाता था। वहां से यह माल हनुमानगढ़ की रामदेव एजेंसी को भेजा जाता था, जहां मिस ब्रांड के नाम से इसकी बिक्री की जाती थी। एजेंसी का संचालन सुशील कुमार करते हैं। इसके बाद माल हनुमानगढ़ टाउन में फतेहगढ़िया धर्मशाला के पास स्थित रामदेव ब्रांड फर्म तक पहुंचता था। यहां से मिर्च पाउडर आम उपभोक्ताओं को बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा टीम ने इसी सप्लाई चेन से जुड़े मिर्च पाउडर का नमूना लेकर जांच करवाई थी, जो मानकों पर खरा नहीं उतरा। एडीएम उमेदी लाल मीणा ने मामले में तीनों फर्मों पर अलग-अलग जुर्माना लगाया है। अहमदाबाद की रामदेव फूड प्रोडक्ट फर्म पर 2 लाख रुपए, हनुमानगढ़ की रामदेव एजेंसी (मिस ब्रांड) पर 60 हजार रुपए तथा फतेहगढ़िया धर्मशाला के पास स्थित रामदेव ब्रांड फर्म पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस तरह कुल 3 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है।

दुकानदारों को भी चेतावनी: खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वे बिना जांच और आवश्यक गुणवत्ता मानकों की पुष्टि किए खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं करें। किसी भी दुकानदार के पास अनसेफ खाद्य पदार्थ बेचने की पुष्टि होने पर उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा असुरक्षित तत्वों की मौजूदगी सीधे आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। मिर्च पाउडर जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली सामग्री का असुरक्षित होना उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय है। इसलिए खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकिंग और विश्वसनीयता पर ध्यान देना जरूरी है।

गरीबी का पैमाना केवल आय नहीं; पक्का घर, पानी, स्वच्छता और इलाज भी जरूरी : वित्त मंत्री निर्मला

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि गरीबी को केवल आमदनी या मजदूरी के आधार पर नहीं मापा जा सकता। सुरक्षित घर, स्वच्छ पानी, साफ-सफाई और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव भी परिवार को आर्थिक असुरक्षा में बनाए रखता है। वित्त मंत्री ने वर्ल्ड बैंक की भारत पर जारी ताजा गरीबी और समानता रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2011 से 2023 के बीच करीब 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए और अत्यधिक गरीबी में बड़ी कमी आई है। उन्होंने कहा कि आय बढ़ने के बावजूद यदि परिवार के पास स्वास्थ्य सुविधाएं या अन्य जरूरी संसाधन नहीं हैं तो एक बीमारी भी उसे दोबारा आर्थिक संकट में पहुंचा सकती है। सीतारमण ने कहा कि शुरूआती 2010 के दशक तक भारत स्वच्छता, पोषण, स्वच्छ ईंधन और बैंकिंग सुविधाओं के मामले में पिछड़ा था। सरकार ने केवल आर्थिक सहायता देने के बजाय परिवारों की अलग-अलग जरूरतों और कमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि गरीबी दूर करने के लिए कोई जादुई उपाय नहीं, बल्कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना जरूरी है।

जानादेश स्वीकार, होगा आत्ममंथन : शेखावत

जोधपुर। पंचायत चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जनादेश स्वीकार है और हार के कारणों पर हर स्तर पर मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जीत और हार दोनों परिस्थितियों में आत्ममंथन करती है। जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर समीक्षा का क्रम शुरू हो चुका है। शेखावत ने कहा कि पार्टी को विचार करना होगा कि सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का संदेश जनता तक क्यों नहीं पहुंच पाया। उन्होंने 2028 में भाजपा की सरकार बनने का दावा भी किया।

जिला प्रमुख एवं उप जिला प्रमुख का निर्वाचन 25 व 26 को

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़

जिला प्रमुख एवं उप जिला प्रमुख के निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत जिला प्रमुख का निर्वाचन 25 नवम्बर (बुधवार) तथा उप जिला प्रमुख का निर्वाचन 26 नवम्बर (वीरवार) को होगा। दोनों पदों के लिए संबंधित निर्वाचित सदस्यों की बैठक जिला परिषद के मीटिंग सभागार में आयोजित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी (कलक्टर) जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र हनुमानगढ़ डॉ. खुशाल यादव की ओर से जारी बैठक नोटिस के अनुसार दोनों दिन बैठक पूर्वाह्न 10 बजे आयोजित होगी। अभ्यर्थी पूर्वाह्न 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 11.30 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने का समय अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। आवश्यकता होने पर अपराह्न 1 बजे के तुरंत बाद मतदान करवाया जाएगा। मतदान समाप्त होने के पश्चात मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994, राजस्थान पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 62 तथा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार संपादित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी ने जिला परिषद हनुमानगढ़ के सभी संबंधित निर्वाचित सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर निर्वाचन बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करने की अपील की है।

ट्रेलर ने कुचला, तीन की मौत

नीमराणा। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे-48 पर सोमवार सुबह दर्दनाक हादसे में मां और उसके दो बेटों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कविता देवी अपने 5 और 3 वर्षीय बेटों के साथ हाईवे पार कर रही थीं, तभी ट्रेलर ने तीनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

पर्यावरणविद् खमुराम बिश्नोई आज होंगे सम्मानित

खाजूवाला। राजस्थान के प्रख्यात पर्यावरणविद् खमुराम बिश्नोई को पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में लगभग ढाई दशकों से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित 'भारत गौरव अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। कलीरामन फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारत गौरव अवॉर्ड सीजन-12 का सम्मान समारोह 24 नवंबर को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित होगा। पर्यावरणविद् खमुराम बिश्नोई ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।



कांग्रेस ने अम्बेडकर का अपमान किया : मनप्रीत

चंडीगढ़। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह बादल ने कांग्रेस पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की उपेक्षा और अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें चुनावों में हराने से लेकर भारत रत्न देने तक में भेदभाव किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उनके विचारों और विरासत को सम्मान दिया। बादल ने बताया कि पंजाब भाजपा 26 नवंबर को संगरूर में राज्य स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगी। साथ ही सभी जिलों में भी कार्यक्रम होंगे, जिनका उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को राजनीतिक प्रक्रिया से दूर रखने का प्रयास किया। वहीं मोदी सरकार ने पंचतीर्थ के रूप में उनके जीवन से जुड़े स्थलों का विकास किया और कई संवैधानिक कदम उठाए।

खेलकूद | रजत पदक जीतकर बढ़ाया प्रदेश का मान, हनुमानगढ़ की चार बेटियां टीम में शामिल

राष्ट्रीय क्रिकेट में राजस्थान की बेटियों ने लहराया परचम

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़



जम्मू-कश्मीर में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंडर-17 छात्रा क्रिकेट टूर्नामेंट में राजस्थान की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाकर लौटी टीम का रविवार रात्रि को हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के आगमन पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम में हनुमानगढ़ जिले की चार बेटियां हर्षिता, सिया, कंचन और तमन्ना भी शामिल रहीं। इन खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ की हर्षिता ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार हासिल किया, जबकि सिया ने बेहतरीन गेंदबाजी से विरोधी टीमों को कड़ी चुनौती दी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए हनुमानगढ़ जिले के नेठराना विद्यालय में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। शिविर संयोजक एवं प्रधानाचार्य पीरदान बेनीवाल, राष्ट्रीय कोच किरण सानी, देवेंद्र सिंह सिद्धू, अनिल पूनिया, भाल सिंह बेनीवाल, प्रमोद तथा विभागीय पर्यवेक्षक माया जाट के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम रहा कि राजस्थान की टीम राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतने में सफल रही। रेलवे स्टेशन पर कृष्णा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक गोयल, सचिव कुनाल गोयल, योगेश गोयल, जीएस नगर अध्यक्ष मनीष बिश्नोई, बलविंदर सिंह सिद्धू, पुनीत, हरप्रीत सिंह तथा जय सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों का स्वागत किया। इस मौके पर मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री देवेंद्र सिंह सिद्धू ने कहा कि हनुमानगढ़ की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें उचित प्रशिक्षण और अवसर मिले तो वे राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकती हैं। ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं, जीएस नगर अध्यक्ष मनीष बिश्नोई ने सभी खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारियों को बधाई देते हुए क्रिकेट कोच देवेंद्र सिंह सिद्धू को कॉलोनी की ओर से सम्मानित करने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि देवेंद्र सिंह सिद्धू स्वयं राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं और वर्तमान में युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।



स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528